हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● सोमवार ● 14.10.2024 ● वर्ष : 15 ● अंक : 83 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

# राजधानी में धूमधाम से मना दशहरा
# मोरहाबादी मैदान में धू-धूकर जला रावण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राजधानी में शनिवार को रावण दहन कर दशहरा का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। शहर के विविध स्थानों पर विधर्मियों के पुतले फूंके गये। बुराई पर अच्छाई की जीत की खुशियां मनायी गयी। मोरहाबादी, अरगोड़ा, एचईसी, टाटीसिलवे सहित अन्य जगहों पर नृत्य-गीत, रामलीला और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। पायरो फायर वर्कस के खूबसूरत नजारे के साथ आकाशीय आतिशबाजी का अलग ही आकर्षण रहा। मोरहाबादी और अरगोड़ा मैदान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के साथ सीएम हेमन्त सोरेन ने भी बतौर मुख्य अतिथि भागीदारी निभायी।

### रावण का पुतला फूंक सीएम ने दी दशहरे की बधाई

मोरहाबादी मैदान में सीएम हेमन्त सोरेन ने 70 फीट ऊंचे रावण का पुतला फूंका। उन्होंने राज्यवासियों को विजयादशमी और दशहरे की बधाई दी। हेमंत सोरेन ने कहा कि दशहरा का त्यौहार असत्य पर सत्य, अधर्म पर धर्म, अन्याय पर न्याय और बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है। हम आज इस त्यौहार को हर्षोल्लास के साथ मना रहे हैं। एक-दूसरे के साथ मिल-जुलकर खुशियां बांट रहे हैं, क्योंकि दशहरे के मौके पर ही मयार्दा पुरुर्षोत्तम श्रीराम ने अहंकारी रावण का वध कर बुराई पर अच्छाई का परचम लहरया था। सीएम ने राज्यावासियों से भगवान राम के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने और सत्य व सदाचार के मार्ग पर आगे बढ़ने की अपील की।

## एक नजर

### झारखंड कैबिनेट की बैठक आज




**रांची :** झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले हेमंत सरकार ने 14 अक्टूबर को कैबिनेट की बैठक बुलायी है। यह बैठक दिन के 12 बजे से शुरू होगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इसकी अध्यक्षता करेंगे। ऐसा माना जा रहा है कि यह मौजूदा सरकार के कार्यकाल का अंतिम बैठक होने वाला है। बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लग सकती है। झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान चुनाव आयोग जल्द कर सकता है। इसलिए ऐसी संभावना जतायी जा रही है कि सोमवार को हेमंत सोरेन सरकार की इस कैबिनेट में कई लोकलुभावन फैसले लिये जा सकते हैं। यह छह दिनों के अंदर में सरकार की दूसरी कैबिनेट बैठक है। इससे पहले 8 अक्टूबर को भी कैबिनेट की बैठक बुलायी गयी थी, जिसमें 81 प्रस्तावों पर मुहर लगी थी।

## रांची में मां दुर्गा सहित अन्य मूर्तियों का विसर्जन कर दी गयी अंतिम विदाई



**रांची :** नवरात्र के 10 दिनों तक चलने वाले दुर्गा उत्सव का समापन मां भवानी के विसर्जन विदाई शोभा यात्रा के साथ संपन्न हुआ। राजधानी रांची के विभिन्न पूजा पंडाल में विराजित मां की प्रतिमा का विदाई विसर्जन शोभा यात्रा निकाली गई। रांची के बड़ा तालाब में भक्तों ने मां दुर्गा को नम आखों से अंतिम विदाई दी। मां दुर्गा, सरस्वती, लक्ष्मी, भगवान गणेश, कार्तिकेय और असुर राज महिषासुर के मूर्ति को बड़े वाहनों पर विराजमान कर शहर के विभिन्न क्षेत्र से भ्रमण करते हुए शहर के विभिन्न जलाशयों में विसर्जित की जा रही है। इसी क्रम में अल्बर्ट एक्का चौक स्थित चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के जरिये भी मां की विदाई विसर्जन शोभा यात्रा काफी भव्य रूप से निकाली गई। शोभा यात्रा का आकर्षण विसर्जन शोभा यात्रा डोली में निकाला जाना बेहद ही आकर्षण रहा। शोभा यात्रा में मातृ शक्ति की प्रधानता के साथ महिलाएं घोड़े पर सवार हो हाथों में वीरता का प्रतीक तलवार लेकर इस शोभा यात्रा में शामिल रही।

## मुख्यमंत्री आज सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को देंगे नियुक्ति पत्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन सोमवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड अनुबंध आधारित 498 सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र देंगे। यह कार्यक्रम धुर्वा स्थित प्रोजेक्ट भवन में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम प्रोजेक्ट भवन के सभागार में सुबह 11:30 बजे से शुरू किया जाएगा।

### हेमन्त सोरेन आज मुंबई में निर्मित होने वाले झारखंड भवन का ऑनलाइन करेंगे शिलान्यास

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन 14 अक्टूबर को देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में बनने वाले झारखंड भवन की आधारशिला रखेंगे। सोमवार 14 अक्टूबर को प्रोजेक्ट भवन में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन मुंबई में निर्माण होने वाले झारखंड भवन का ऑनलाइन शिलान्यास करेंगे। इस तरह देश की राजधानी दिल्ली के बाद मुंबई में भी झारखंड का दूसरा झारखंड भवन होगा। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन मुंबई में नया झारखंड भवन की आधारशिला रखेंगे वो मुंबई में सेक्टर 30अ,वाशी,नवी मुंबई ,महाराष्ट्र में बनेगा। प्रोजेक्ट भवन में आयोजित इस शिलान्यास समारोह में मंत्री रामेश्वर उरांव एवं मंत्री सत्यानंद भोक्ता भी उपस्थिति रहेंगे।

## लातेहार में सड़क दुर्घटना में एक की मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**लातेहार :** जिले के मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत करमाही मोड़ के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग 39 पर रविवार को यात्री बस, ऑटो और कार की टक्कर में कार चला रहे सफदर अंसारी की मौत हो गई जबकि परिवार के पांच अन्य लोग घायल हो गए। घायलों में अनिक अंसारी, ज्यान गजनफर, आहिया अंसारी, इबाद अंसारी हैं। सभी रांची नामकुम के रहने वाले हैं। टेंपो पर सवार लातेहार निवासी अमित कुमार भी घायल हुआ है। जानकारी के अनुसार पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के निजी सहायक छोटू अंसारी परिवार के साथ बेतला पार्क घूमने गए थे। रविवार को सभी लोग वापस लौट रहे थे। गाड़ी उनका भाई चल रहा था। इसी दौरान करमाही मोड़ के पास सामने से आ रहे यात्री बस से उनकी गाड़ी की टक्कर हो गयी।



एक नजर

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, तीन घायल



**बड़कागांव** : हजारीबाग बड़कागांव मुख्य पथ के बुढ़ना घाटी के नीचे चक्करवार घाटी में 9:00 से 9:30 के करीब ट्रक व हाइवा दुर्घटना जिसमें ट्रक नंबर खल 02इङ 5819 व हाइवा रजिस्ट्रेशन नंबर खल 02इढ 0510 को टक्कर मारते आगे खड़ी एक अन्य हाइवाखल 02इफ -0521 से टक्करा गई जिससे हाइवा क्षतिग्रस्त हो गया वहीं ट्रक के अगले हिस्से का परखच्चे उड़ गए और ट्रक में सवार तीन व्यक्ति में एक व्यक्ति दयानंद यादव परसाबाद ,कोडरमा के आसपास गांव की मौत घटनास्थल पर हो गई वहीं एक व्यक्ति सुरज कुमार गुप्ता की गंभीर चोट की बात कही जा रही थी जो त्रिलोकी कोडरमा के बताया गया वहीं एक अन्य व्यक्ति रामचंद्र बेडोकलां बरकट्ठा हजारीबाग का बताया गया जो घायल हुआ है । वहीं एक हाइवा ड्राइवर को भी गंभीर चोट आई और उसका पैर टुट जाने की बात मौजूद लोग कह रहे थें।

ट्रक का ब्रेक फैल हो जाने से अनियंत्रित हो गया और हाइवा में टक्करा गया होगा ऐसा मौजूद लोग बोल रहे थे।

## विधायक ने विभिन्न स्थानों पर दुर्गा पूजा में की शिरकत

**बरही** : बरही प्रखंड अंतर्गत ग्राम करियातपुर, श्रीनगर और विजैया सहित अन्य क्षेत्रों में आयोजित दुर्गा पूजा में बरही विधायक उमाशंकर अकेला शामिल हुए। सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति द्वारा आयोजित इस पूजा में अकेला ने श्रद्धालुओं को विजयादशमी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और दुर्गा पूजा के महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर करियातपुर के प्रमुख स्थानीय नेता और गणमान्य व्यक्ति जैसे उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, डोमन पांडेय, वीरेंद्र रजक, टिंकू केसरी समेत कई लोग उपस्थित रहे। मौके पर प्रमोद केसरी, संजय केसरी, राजेंद्र ठाकुर, अर्जुन पंडित, गोविंद प्रसाद, टिंकू भगत सहित अन्य कई स्थानीय नेताओं ने भी पूजा के दौरान विधायक के साथ मेला का निरीक्षण किया। विधायक उमाशंकर अकेला करियातपुर के बाद श्रीनगर और विजैया में आयोजित दुर्गा पूजा में भी शामिल हुए। इन सभी स्थलों पर उन्होंने पूजा-अर्चना की और क्षेत्र के लोगों से मुलाकात कर विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं। पूजा के इस अवसर पर विधायक ने कहा कि विजयादशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है, और यह हमें सत्य और नैतिकता के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है।

## चंदौल में काली पूजा मनाने हेतु कमेटी का किया गया गठन

**बड़कागांव** : चंदौल पंचायत अंतर्गत ग्राम चंदौल में काली पूजा मनाने हेतु ग्रामीणों के द्वारा काली मंदिर प्रांगण में की गई। बैठक की अध्यक्षता असेश्वर राम के द्वारा की गई। बैठक में मुख्य रूप से पुराने साल का आय व्यय लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। तथा सर्व समिति से नए कमिटी का गठन किया गया। जिसमे अध्यक्ष पद के लिए शिबू महतो, सचिव पद के लिए अवधेश सिंह तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए सूरज दास चुनाव किया गया। बैठक में नव निर्माण काली मंदिर बनाने के लिए अहम फैसला लिया गया। जिसमे काली पूजा की सुबह अष्टमी को कलश यात्रा के साथ भूमि पूजन का सह रात्रि में मां काली पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमे पंचायत वासीं सादर आमंत्रित रहेंगे। बैठक में मौजूद लोगों ने कहा कि काली पूजा को धूमधाम से मनाया जायेगा और मेले के दिन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा।

# रसोइया धमना में भक्तों ने नम आंखों से दी मां दुर्गा को विदाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही** : बरही प्रखंड अंतर्गत रसोईया धमना में रविवार को मां दुर्गा की प्रतिमा का पूरे विधि विधान से विसर्जन किया गया। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाला गया। जिसमे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और पूरे उत्साह के साथ मां दुर्गा को विदाई दी। विसर्जन यात्रा के दौरान ढोल नगाड़ों और धार्मिक गीतों की धुन पर भक्तों ने नृत्य करते हुए मां दुर्गा को विदा किया। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने के लिए प्रशासनिक व्यवस्थाओं में कड़ी मुस्तैदी देखी गई। बरही प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे ताकि विसर्जन कार्यक्रम शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो। सुरक्षा की दृष्टि से कई जगहों पर पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी रही। स्थानीय प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा का विशेष ध्यान रखा। विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए अतिरिक्त सुरक्षाबल तैनात किए गए थे। विसर्जन यात्रा की शुरूआत मां दुर्गा की आरती और पूजा अर्चना के साथ हुई, जिसके बाद भक्तों ने विसर्जन घाट की ओर प्रस्थान किया। रास्ते भर श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाते हुए मां दुर्गा की महिमा का गुणगान किया। विसर्जन घाट पर विधिवत पूजा के बाद मां दुर्गा की प्रतिमा को गंगा जल में विसर्जन किया गया। विसर्जन कार्यक्रम में स्थानीय लोगों और युवाओं की सक्रिय भागीदारी ने इसे खास बनाया। मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष तापेश्वर साव, मुखिया गोविंद प्रसाद, प्रो. बद्री साहू, रघुनाथ साव, हीरामन साहू, हरी यादव, नितेश कुमार, अनुज यादव, राजकुमार साव, अशोक साव, उप मुखिया बिरेंद्र साव, राजेंद्र साव, ब्रह्मदेव यादव, टुकलाल साव, राम लखन राम गुप्ता, ताकेश्वर प्रसाद, गणेश साव, सुरेंद्र साव, गोपाल साव, कपिल कुमार, दीपक साव, सुमन कुमार सोनी, राजेश साव, उदय कुमार, विजय कुमार गुप्ता, कपिलदेव, संदीप कुमार, प्रभु साव, मुनेश साव आदि उपस्थित रहे।

## अटल विचार मंच की कमेटी का हुआ विस्तार आधा दर्जन से अधिक बने सदस्यता प्रभारी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : अटल विचार मंच के सदस्यता प्रभारी प्रफुल्ल कुमार ने सदस्यता अभियान को गति देने हेतु हजारीबाग वह कोल्हान क्षेत्र में सदस्यता प्रभारियों को मनोनीत किया सदस्यता प्रभारी प्रफुल्ल कुमार ने मनोनीत सदस्यता प्रभारियों से आग्रह किया कि अटल विचार मंच को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जाए। अटल विचार मंच की नीति और नियत को देखकर अब तक हजारों लोगों ने पार्टी की सदस्यता को ग्रहण किया।

**नव मनोनीत सदस्यता प्रभारी में**

हजारीबाग : प्रियम्बदा,
चौपारणः राजेश सहाय,
बरही : शैलेंद्र कुमार,
पदमाः रविन्द्र राणा,
रामगढ़ः सुमन सिंह,
पतरातुः जगतार सिंह,
मांडू : दिलीप सिंह,
कटकमसांडी : राजेंद्र प्रसाद राजा तथा कोल्हान क्षेत्र :संजीव आचार्या शामिल हैं।

मनोनीत सदस्यता प्रभारियों ने प्रफुल्ल कुमार को भरोसा दिलाया कि पार्टी ने जिस विश्वास से हमलोग पर भरोसा किया है उसे पर खरा उतरने का भरपूर प्रयास किया जाएगा। पार्टी के निर्देश का अक्षःरस पालन किया जाएगा। अटल जी के सिद्धांत तथा अटल विचार मंच पार्टी के संस्थापक यशवंत सिन्हा जी पर पूर्ण आस्था ही हमारी प्रेरणा है। हम सभी समर्पित कार्यकर्ता कभी उनको निराश नहीं होने देंगे। सदस्यता लेने के लिए आम जनता में काफी उत्साह है। झारखंड प्रदेश की जनता यशवंत सिन्हा की ओर आशा भरी नजरों से देख रही है और विश्वास कर रही है कि उनके नेतृत्व में ही झारखंडियों का कल्याण हो सकता है। उक्त जानकारी अटल विचार मंच के मीडिया प्रभारी अनिल सिन्हा ने दिया।

## नम आंखों से श्रद्धालुओं ने दी मां दुर्गा को विदाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : हजारीबाग शहर के शिवपुरी में अवस्थित श्री दक्षिणेश्वरी महाकाली दस महाविद्या शक्तिपीठ में शारदीय नवरात्र विधि विधान से सम्पन्न हुआ कलश स्थापना से लेकर प्रतिमा विसर्जन तक मंदिर परिसर में प्रतिदिन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मुख्य यजमान प्रशांत कुमार प्रधान ने पूजा किया व शिवपुरी सहित हजारीबाग के लोगों की सुख समृद्धि की कामना की नवरात्र के दौरान दो दिन भक्तों के लिए मंदिर परिसर में डांडिया गरबा का आयोजन किया जहां शिवपुरी के महिला पुरुष धार्मिक आस्था से ओत प्रोत होकर भाग लिया और भगवती की भक्ति में लिन हुए। पूजनोपरांत परंपरागत तरीके से विजयादशमी के दिन मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया जिसमें भव्य शोभा यात्रा शिवपुरी काली मंदिर परिसर से निकाला गया जो शिवपुरी चौक , बाडम बाजार ,झंडा चौक काली बाड़ी चौक , अन्नदा चौक होते हुए शिवपुरी की हजारों महिला पुरुष युवक युवती बच्चे सभी नाचते गाते बुढ़वा महादेव तालाब पहुंचे जहां आरती के पश्चात मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया विसर्जन के दौरान सभी की नम आंखे मां से जुदाई का अहसास दिला रहा था। इस अवसर पर मुख्य यजमान प्रशांत कुमार प्रधान ने कहा कि नवरात्र के दौरान मां का हमारे बीच होने का अहसास होता है जिससे हम सबों के अंदर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है जिससे प्रेरित होकर हम सभी पारिवारिक,धार्मिक, सामाजिक दायित्वों का अक्षरशः पालन कर पाते हैं वहीं नवरात्र में भव्य आयोजन पर काली पूजा समिति के अध्यक्ष प्रभात कुमार प्रधान ने कहा कि बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा हमे हमारे अंदर छुपे अहंकार को मिटाने के लिए प्रेरित करता है काली पूजा समिति संरक्षक मोहर दास ने कहा कि हमारा सौभाग्य है जो हम किसी भी धार्मिक अनुष्ठान में अपनी उपस्थिति दर्ज करा पाते हैं वहीं संरक्षक डॉ (प्रो) प्रदीप कुमार प्रधान ने कहा कि शिवपुरी हमारा परिवार है और हम सभी शिवपुरी वासी एक वृहद परिवार के सदस्य हैं आगे उन्होंने शिवपुरी वासियों को साधुवाद देते हुए कहा कि हर एक व्यक्ति धार्मिक कार्यों में रुचि रखते हैं जिससे हर आयोजक का उत्साह निरंतर बढ़ता है। मौके पर समिति संरक्षक प्रदीप कुमार प्रधान, मोहर दास, शंकर प्रसाद अम्बष्टा, शंभू शरण सहाय, दीपक नाथ सहाय निशांत कुमार प्रधान, अजय कुमार , कुंदन पाठक , राजीव प्रताप, निशिकांत सिंह , मुकेश सिंह श्रीकांत सिंह, आशीष सिन्हा, अमरेश सिंह, सन्नी सिंह, सुधा प्रधान, अभिजीत कुमार, गोल्डी सिंह पीयूष कुमार,समेत शिवपुरी के सैकड़ों महिला पुरुष युवक युवती बच्चे व गणमान्य लोग शामिल थे।

## मुख्यमंत्री 220/33 केबी ग्रिड सब स्टेशन का आज करेंगे ऑनलाइन शिलान्यास, विधायक रहेगी मौजूद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव** : विधायक अंबा प्रसाद की पहल पर बड़कागांव में 220/33 केबी ग्रिड सब स्टेशन बनेगा। इसके लिए दिन सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रांची से इसका आनलाइन शिलान्यास करेंगे वहीं विधायक अंबा प्रसाद बड़कागांव में शिलान्यास स्थल में मौजूद रहेंगे व भूमि पूजन करेगी। उक्त पावर ग्रिड निर्माण विधायक अंबा प्रसाद द्वारा विधानसभा में उठाने के बाद कैबिनेट की बैठक में स्वीकृत हुई थी। लगभग 33 करोड़ की लागत से ग्रिड सब स्टेशन बनना है। विधायक ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए कहा कि ग्रिड सबस्टेशन बनने से बड़कागांव, केरेडारी एवं आस पास के क्षेत्रों को अबाधित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होगी। झारखंड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड के द्वारा 220/33 केबी ग्रिड सब स्टेशन का निर्माण कार्य पकरी बरवाडीह के एनटीपीसी ग्रिड सबस्टेशन परिसर में ही किए जाने का फैसला लिया गया है। उक्त सबस्टेशन झारखंड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड का ग्रिड वर्तमान में बड़कागांव, केरेडारी एवं आस पास के क्षेत्रों को अबाधित विद्युत उपलब्ध कराने हेतु एनटीपीसी के सिस्टम से जोड़ा जाएगा जिस से कई गांव के लोग लाभान्वित होंगे। ज्ञात हो कि पूर्व में उपायुक्त हजारीबाग के द्वारा सबस्टेशन निर्माण हेतु पकरी बरवाडीह में भूमी उपलब्ध कराया गया था परंतु वन भूमि में आने के कारण स्वीकृति आदेश रद्द कर दिया गया और अंततः एनटीपीसी के ग्रिड में ही 220/33 केबी ग्रिड सब स्टेशन का निर्माण होगा। 220/33 केबी ग्रिड सिस्टम से कई पावर सब स्टेशन जैसे बड़कागांव पीएसएस, ललकी माटी पीएसएस, केरेडारी पीएसएस, टंडवा पीएसएस व डेमोटांड़ पीएसएस इत्यादि जुड़ेंगे, जिससे लगभग सभी गांव के ग्रामीण लाभान्वित होंगे। विधायक ने इस अवसर पर कहा कि आगामी दिनों में गरीखुर्द में भी पावर ग्रिड सब स्टेशन बनवाने का कार्य किया जाना है,सभी विभागीय प्रक्रिया पूर्ण हो गई है।

## वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह की सजगता से बची घायल व्यक्ति की जान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : कटकमसांडी में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने अपनी सजगता का परिचय देते हुए एक गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की जान बचाई। हजारीबाग से कटकमसांडी जाने के दौरान मुन्ना सिंह ने देखा कि एक अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक मोटरसाइकिल चालक गंभीर रूप से घायल हो गया था और सड़क पर बेहोश पड़ा हुआ था। मुन्ना सिंह ने तुरंत अपनी गाड़ी रोककर घायल व्यक्ति को अपनी गाड़ी में लेकर उसे कटकमसांडी अस्पताल पहुंचाया, जहां तत्काल उसका इलाज शुरू किया गया। इसके साथ ही उन्होंने कटकमसांडी थाना प्रभारी से संपर्क कर घटना की पूरी जानकारी दी और आवश्यक कार्रवाई करने की अपील की। इस घटना के दौरान हजारीबाग सदर उप प्रमुख रविकांत सिंह, कटकमसांडी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि पप्पू पांडे, आदर्श सिंह, बबलू सिंह, पप्पू सिंह, दिनेश यादव, रमेश सिंह, भोला सिंह, विक्की कुमार धान, पिंटू कुमार सहित कई अन्य लोग भी मौजूद रहे। प्रेस से बात चीत करते हुए मुन्ना ने कहा, ₹किसी भी परेशानी में, खास कर एक्सीडेंट के मामले में, पीड़ित की मदद करना हम सब का नैतिक कर्तव्य होना चाहिए। मैं माता रानी से प्रार्थना करता हूं की इन सज्जन के स्वास्थ्य में जल्द ही सुधार हो। मुझे उम्मीद है कि पुलिस और प्रशासन इस घटना की जांच कर आगे की कार्यवाही करेगी।

# 34 करोड़ की लागत से बनने वाले डिग्री कॉलेज का विधायक ने किया शिलान्यास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव** : विधायक अंबा प्रसाद ने बड़कागांव प्रखंड के हरली गांव स्थित बुध बाजार निकट प्लस टू उच्च विद्यालय के पास सरकारी डिग्री कॉलेज भवन निर्माण का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया। शिलान्यास कार्यक्रम के पूर्व ग्रामीणों ने विधायक अंबा प्रसाद को हरली मंदिर मुख्य चौक से ढोल नगाड़े एवं फूल माला पहनाकर भव्य रूप से स्वागत किया गया। मुख्य चौक से शिलान्यास स्थल तक जुलूस निकाला गया। शिलान्यास समारोह में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि इस क्षेत्र में स्वास्थ्य के साथ-साथ मेरा लक्ष्य शिक्षा को दुरुस्त करना भी है। इसी के उद्देश्य से आज यहां डिग्री कॉलेज भवन निर्माण का शिलान्यास हुआ। ग्रामीणों का कर्तव्य है कि सही तरीके से अपनी देखरेख में भवन का निर्माण कराएं। उन्होंने आगे कहा कि कई माह से जमीन की तलाश में बड़कागांव प्रखंड के कई पंचायत में डिग्री कॉलेज निर्माण के लिए इधर से उधर भटक रहे थे। हरली बधाई के पात्र हैं कि इस जमीन को ध्यान आकर्षित कराते हुए डिग्री कॉलेज निर्माण में सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र गांव की विकास के लिए शिक्षा अत्यंत जरूरी है। शिक्षा में कोई समझौता नहीं होनी चाहिए। जो संघर्ष किया है उसका भविष्य उज्जवल हुआ है। पतरातू प्रखंड में पॉलिटेक्निक कॉलेज का निर्माण हो रही है। बड़कागांव में भी पॉलिटेक्निक कॉलेज की प्रक्रिया जारी है। उक्त दोनों कॉलेज का निर्माण मेरे लिए बड़ी उपलब्धि है। क्योंकि मेरा दुनिया ही बड़कागांव विधानसभा है। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि सुरेश महतो ,मुखिया कविता देवी,पंचायत समिति सदस्य कौशल्या देवी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, अंकित राज, पूर्व डीएसपी मुटुकधारी महतो, पूर्व मुखिया महेंद्र महतो, नयाटांड पंचायत मुखिया प्रतिनिधि अजीत कुमार, बालेश्वर कुमार, चंदर साव, चंद्रिका साव, सुरेश महतो, मनोज ठाकुर, जगतनंदन प्रसाद, पंकज व्यास , त्रिवेणी महतो, गौतम कुमार ,रोहित सिंह, भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता मुकेश कुमार, विक्की कुमार ,सुंदर महतो ,परमेश्वर महतो, उमा देवी, शिवदयाल महतो,दिनेश कुमार, भुवनेश्वर साव, श्याम भार्गव, संतोष कुमार, संतोष राणा ,गीता देवी, गुप्ता, रामेश्वर साव, सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

## विधायक ने किया तीन सड़कों व एक ट्रांसफर का उद्घाटन एवं शिलान्यास



**चौपारण** : प्रखंड में विधायक सह निवेदन समिति के सभापति उमाशंकर अकेला के प्रयास से लगातार विकास के कार्यों में गति देने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को विधायक श्री अकेला ने तीन सड़क व एक ट्रांसफर के उद्घाटन के साथ तीन अन्य सड़क का शिलान्यास किया। सबसे पहले विधायक ने मुख्य पथ से लखावर से अमरनाथ राम के घर तक 1 किमी पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास,उसके बाद कैरी पिपराही में मुख्य पथ से तिलक भुईयां घर तक पीसीसी पथ निर्माण का उदघाटन, उसके बाद प्राथमिक विद्यालय भदान तक पीसीसी पथ निर्माण का उदघाटन ,फिर दैहर में पांती आहार जीर्णोद्धार का शिलान्यास, दैहर के प्रयाग मोहल्ला में ट्रांसाफार्मर का उदघाटन, दैहर में पीसीसी पथ निर्माण का उदघाटन ,और अंतिम में उच्च विद्यालय डेबो में विद्यालय उन्नयन कार्य का शिलान्यास विधायक ने अपने कर कमलों से किया। साथ मे चौपारण-2 जिप सदस्य रवि शंकर अकेला, नवीन यादव, सोनू कुमार, अजय यादव, संजय यादव, प्रमोद यादव, प्यारी चौधरी, बिनोद यादव, डब्लू अंसारी, सतीश सिंह, कोठारी सिंह, बब्लू मियां, अमीत सिंह, प्रहलाद सिंह, मुखिया ब्रह्मदेव भुईयां, मुखिया प्रतिनिधि नागेंद्र कुमार, रामकुमार सिंह, विक्रम प्रजापति, मुकेश राय, संजय यादव नारायण यादव,शम्भू यादव,महेश यादव, सहित सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

## रावण दहन कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद और नेता प्रदीप प्रसाद



**हजारीबाग** : हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के डेमोटांड में दशहरा के शुभ अवसर पर रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हजारीबाग के सांसद मनीष जयसवाल और भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में सांसद मनीष जयसवाल ने दशहरे के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विजयदशमी अन्याय पर न्याय, दुराचार पर सदाचार, असुरत्व पर देवत्व, अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य की विजय का पर्व है। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय को इस पर्व की शुभकामनाएं दीं और जीवन में इन मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया। भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने भी इस अवसर पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि दशहरा बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का महापर्व है। हमारी यही प्रार्थना है कि यह पर्व सभी के जीवन में शुभता और कल्याण लेकर आए। इस आयोजन में स्थानीय जनता ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया और रावण दहन का उत्साहपूर्वक आनंद लिया।

## शांति व सौहार्दपूर्ण तरीके से मना दशहरा



**चौपारण** : प्रखंड के भिन्न-भिन्न स्थानों में मां दुर्गे की प्रतिमा स्थापित कर श्रद्धालुओं ने श्रद्धा व आस्था से मां की आराधना किया। पूजा पंडाल और सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थलों पर प्रशासन की पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था रहने से शांति-सौहार्द पूर्वक पूजा संपन्न हो गया। प्रखंड के हथिन्दर, दैहर, चौपारण, मानगढ़, बहेरा, पाण्डेयबारा, सिंघरावां, रामपुर और बसरिया में श्रद्धालुओं ने मां दुर्गे की प्रतिमा स्थापित कर भक्ति-भाव से आराधना किया। आरती व मंगल कामना कर मन-मंदिर में बसाते हुए अगले वर्ष धन-धान्य के साथ पुनः आने की कामना कर मां दुर्गे की प्रतिमा को तालाब में विसर्जित कर दिया गया। दुर्गा पूजा संपन्न करवाने में विधायक उमाशंकर अकेला, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, एसडीओ जोहन तुडडू, एसडीपीओ अजीत कुमार विमल, बीडीओ सीमा कुमारी, थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने पूजा पंडालो का निरीक्षण तथा शांति, सुरक्षा व्यवस्था की जायजा ले पूजा संपन्न करवाया। पूजा को संपन्न करवाने में चौपारण दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष अभिमन्यु प्रसाद भगत, महेश केशरी, छोटेलाल चंद्रवंशी, रणवीर चौधरी, बलभद्र राम चंद्रवंशी, नरेश पासवान, मुन्ना केशरी, अर्जुन सिंह, बबन सिंह, हथिन्दर दिलीप पांडेय, शिक्षाविद शंभु नारायण सिंह, अरविन्द सिन्हा, मुखिया संघ अध्यक्ष बीरेंद्र रजक, पूर्व मुखिया विनोद सिंह, पप्पु कुमार, भोला राणा, गजाधर प्रसाद, रंजन सिंह, दयानंद पांडेय, बिरजू राणा सहित कई मुखिया, जनप्रतिनिधियो ने सराहनीय भूमिका निभाया।

## विजयादशमी पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने बरही में मनाया शताब्दी महोत्सव



**बरही** : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपनी स्थापना के 99 वर्ष पूर्ण कर इस विजयादशमी पर शताब्दी वर्ष का महोत्सव भव्य रूप से मनाया। बरही प्रखंड में यह कार्यक्रम बरही ब्लॉक शाखा मैदान में आयोजित हुआ, जिसमें प्रातः 8 बजे से शस्त्रपूजन, बौद्धिक मार्गदर्शन, शस्त्र संचालन और पथ संचलन जैसे विभिन्न कार्यक्रम सम्पन्न हुए। इस महोत्सव में 140 गणवेशधारी स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया, जिसमें 15 घोष (संघ का बैंड) वादक भी शामिल थे। पथ संचलन कार्यक्रम बरही के चारों प्रमुख मार्गों पर निकाला गया, जहां आठ स्थानों पर मातृशक्ति ने आह्लादित होकर पुष्पवर्षा की और शंखनाद किया। कार्यक्रम के बौद्धिक सत्र में हजारीबाग जिले के महाविद्यालयीन प्रमुख प्रो. अरुण कुमार ने संघ के शताब्दी वर्ष और हिन्दुओं की शौर्यगाथा पर विशेष प्रकाश डाला। उन्होंने संघ संस्थापक डॉ. हेडगेवार के संघे शक्ति कलियुगे सिद्धांत पर चर्चा करते हुए पंचायत स्तर पर संघ के कार्य विस्तार की आवश्यकता पर जोर दिया। इस महोत्सव ने न केवल संघ के अनुयायियों में उत्साह का संचार किया, बल्कि इसे देखने आए स्थानीय लोगों में भी खासा उत्साह देखा गया।

# डिटेलिंग सॉल्यूशंस ने अपने कर्मचारियों को उपहार में दी 28 कारें और 29 बाइक



चेन्नई ।

ढांचागत इस्पात डिजाइन और डिटेलिंग कंपनी टीम डिटेलिंग सॉल्यूशंस ने अपने कर्मचारियों को 28 कारें और 29 बाइक उपहार में दी हैं। कंपनी के एक अधिकारी ने बताया कि ये उपहार कर्मचारियों की उत्पादकता बढ़ाने और उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से दिए गए हैं। अधिकारी ने कहा कि कर्मचारियों को उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए सराहना के प्रतीक के रूप में हुंदै, टाटा, मारुति सुजुकी और मर्सिडीज बेंज जैसी विभिन्न प्रकार की नई कारें भेंट की गईं। कंपनी के एक वरिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि हम कंपनी की सफलता में उनके (कर्मचारियों) अथक प्रयासों के लिए अपनी प्रशंसा दिखाना चाहते थे। हमारा मानना है कि हमारे कर्मचारी हमारी सबसे बड़ी संपत्ति हैं। उन्होंने कहा कि कंपनी ने कर्मचारियों के योगदान को उनके प्रदर्शन, सेवा के वर्षों के आधार पर मापा है। हमारे कर्मचारियों ने असाधारण प्रतिबद्धता और समर्पण का प्रदर्शन किया है, और हमें उनकी उपलब्धियों को मान्यता देने पर गर्व है। अधिकारी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि कंपनी में लगभग 180 कर्मचारी हैं जो साधारण पृष्ठभूमि से आते हैं और अत्यधिक कुशल हैं।

उन्होंने कहा कि हम उन उम्मीदवारों का चयन करते हैं जो अत्यधिक प्रेरित होते हैं और उनके लिए कार या बाइक खरीदना एक सपने जैसा होता है। हम कर्मचारियों को बाइक उपहार में देते रहे हैं और 2022 में हमने अपने दो वरिष्ठ सहयोगियों को कार उपहार में दी। हमने आज 28 कारें उपहार में दी हैं। उनमें से कुछ मारुति सुजुकी, हुंडई, मर्सिडीज बेंज भी हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कंपनी एक निश्चित राशि के साथ कार या बाइक देगी।

उन्होंने कहा कि अगर कर्मचारी को कंपनी द्वारा चुनी गई कार से बेहतर वाहन की जरूरत है तो उसे शेष राशि का भुगतान करना होगा।

# हुंडई मोटर्स 2032 तक 32,000 करोड़ खर्च करेगी

**नई दिल्ली ।** हुंडई मोटर्स इंडिया का आईपीओ भारतीय जीवन बीमा निगम के 21,000 करोड़ रुपये के इश्यू साइज का रिकॉर्ड तोड़ने जा रहा है। हुंडई आईपीओ के अपर प्राइस बैंड के हिसाब से इसका इश्यू साइज 27,870.16 करोड़ रुपये का है। हुंडई के आईपीओ के लिए प्राइस बैंड 1,865-1,960 रुपये (22 से 23 डॉलर) प्रति शेयर है। गौरतलब है कि हुंडई मोटर्स इंडिया ने 15 जून को मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास ड्रॉफ्ट रेड हेयरिंग प्रॉस्पेक्टस डीआरएचपी फाइल किया था। 25 सितंबर 2024 को सेबी ने हुंडई को आईपीओ लाने के लिए मंजूरी दे दी थी। हुंडई ने अपने डीआरएचपी में कहा है कि हमने अपने चेन्नई मैन्युफैक्चरिंग प्लांट के लिए तमिलनाडु सरकार के साथ चार समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए और अपने तलेगांव मैन्युफैक्चरिंग प्लांट के लिए महाराष्ट्र सरकार के साथ ऑफर लेटर दिए है, जिनमें कुल मिलाकर लगभग 32,000 करोड़ की निवेश प्रतिबद्धताएं शामिल थीं। कंपनी की तरफ से बताए गए ये 32,000 करोड़ रुपये के खर्च साल 2023 से लेकर 2032 तक के लिए हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में कंपनी के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा था` कि हम अपने आंतरिक स्रोतों से 32,000 करोड़ रुपये की निवेश योजना के लिए पैसा देने की योजना बना रहे हैं। 1 अप्रैल तक हमारे पास 9,000 करोड़ रुपये की नकदी है। कंपनी ने डीआरएचपी में बताया कि हमारे पहले के पूंजीगत खर्च (कैपेक्स) थे और हम उम्मीद करते हैं कि हमारे भविष्य के पूंजीगत खर्च मुख्य रूप से नए पैसेंजर व्हीकल मॉडल लॉन्च के संबंध में प्लांट, प्रॉपर्टी और इक्विपमेंट्स और एसेट्स के अधिग्रहण के लिए होंगे।

# विमानन क्षेत्र की दिग्गज कंपनी बोइंग में होगी छंटनी




फ्रांसिस्को।

विमानन क्षेत्र की दिग्गज कंपनी बोइंग अपने कर्मचारियों की छंटनी करने जा रही है। कंपनी अपने वर्कफोर्स के करीब 10 प्रतिशत भाग यानि 17,000 लोगों को इस छंटनी का हिस्सा बनाएगी। इसका मुख्य कारण वित्तीय संकट बताया जा रहा है। बोइंग के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कर्मचारियों को ईमेल भेजकर इस फैसले की घोषणा की। यह छंटनी आने वाले महीनों में होगी और इसमें अधिकारी, प्रबंधक और कर्मचारी शामिल होंगे। कंपनी ने कहा` कि हमारा व्यवसाय मुश्किल स्थिति में है और हम सभी के सामने आने वाली चुनौतियों को बढ़ा-चढ़ा कर बताना मुश्किल है। मौजूदा माहौल से निपटने के अलावा हमें अपनी कंपनी को फिर से खड़ा करने के लिए कड़े फैसले लेने होंगे। इसके लिए कंपनी को संरचनात्मक बदलाव करने होंगे ताकि हम प्रतिस्पर्धी बने रह सकें और लंबे समय तक अपने ग्राहकों को सेवाएं दे सकें। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब कंपनी एक मुश्किल वर्ष का सामना कर रही है। सितंबर के मध्य से बोइंग फैक्ट्री के 30,000 से अधिक कर्मचारी हड़ताल पर हैं। कंपनी के सीईओ ने कहा कि उन्हें हमें अपनी वित्तीय स्थिति का वर्कफोर्स से तालमेल बिठाने के लिए ऐसा करना पड़ेगा ताकि हम अपनी अन्य प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित कर सकें। सीईओ ने कहा` कि आने वाले महीनों में हम अपने वर्कफोर्स को लगभग 10 प्रतिशत तक कम करने की योजना बना रहे हैं। इस छंटनी में अधिकारी, प्रबंधक और कर्मचारी शामिल होंगे। अगले सप्ताह आपकी नेतृत्व टीम इस बारे में अधिक जानकारी साझा करेगी। इस फैसले के आधार पर हम आने वाली छुट्टियां भी आगे प्रॉसेस नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि मौजूदा ऑर्डर पूरा करने के बाद, बोइंग वाणिज्यिक 767 मालवाहक विमानों का प्रोडक्शन भी 2027 तक बंद कर देगी।

# मांग बढ़ने से अधिकांश तेल-तिलहन में सुधार देखा गया

**नई दिल्ली ।** आयातित खाने के तेलों की कम आपूर्ति के बीच बढ़ती त्योहारी मांग की वजह से देश के थोक तेल-तिलहन बाजार में शनिवार को अधिकांश तेल-तिलहनों के दाम में मजबूती रही तथा मूंगफली तेल-तिलहन, सोयाबीन तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के भाव सुधार दर्शाते बंद हुए। दूसरी ओर, सरसों तेल-तिलहन और सोयाबीन तेल के दाम पूर्ववत बने रहे। बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि सोयाबीन और बिनौला की आवक निरंतर घट रही है। किसानों से जो ऊपज तेल संयंत्रों को मिलना था, उस सौदे को स्टॉकिस्ट जमा कर रहे हैं। किसान अपनी ऊपज सरकार को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर बेचने को लेकर कहीं अधिक आश्वस्त नजर आ रहे हैं क्योंकि मंडियों में उनकी ऊपज के दाम लगभग 10 प्रतिशत कम लगाये जा रहे हैं। सरकार को सोयाबीन बेचने के लिए किसान अपना पंजीकरण कराने में लगे हैं और खुले मंडियों में कम ऊपज ला रहे हैं। इस कम आपूर्ति की वजह से सोयाबीन तिलहन कीमत में सुधार है।उन्होंने कहा कि दूसरी ओर मंडियों में कम आपूर्ति के बीच आयात की भी कमी रहने के कारण सोयाबीन तेल के भाव पूर्वस्तर पर बने हुए हैं। सोयाबीन तेल अभी भी प्रीमियम के साथ बिक रहा है।सूत्रों ने कहा कि शुक्रवार को मलेशिया एक्सचेंज मजबूत बंद हुआ था जिस वजह से सीपीओ और पामोलीन तेल कीमतों में सुधार है। उन्होंने कहा कि आवक घटने के कारण बिनौला तेल कीमत में सुधार है। कपास नरमा का भाव मजबूत बना हुआ है। शे निवार को तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे- सरसों तिलहन 6,650-6,700 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली 6,375-6,650 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) 15,100 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली रिफाइंड तेल 2,285-2,585 रुपये प्रति टिन, सरसों तेल दादरी 13,975 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों पक्की घानी 2,180-2,280 रुपये प्रति टिन, सरसों कच्ची घानी 2,180-2,295 रुपये प्रति टिन, तिल तेल मिल डिलिवरी 18,900-21,000 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली 13,350 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 12,800 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन तेल डीगम, कांडला 9,700 रुपये प्रति क्विंटल, सीपीओ एक्स-कांडला 12,150 रुपये प्रति क्विंटल, बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा) 12,850 रुपये प्रति क्विंटल, पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 13,775 रुपये प्रति क्विंटल, पामोलिन एक्स- कांडला 12,575 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल, सोयाबीन दाना 4,725-4,770 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन लूज- 4,425-4,660 रुपये प्रति क्विंटल और मक्का खल (सरिस्का)- 4,225 रुपये प्रति क्विंटल।

# भारत से इलेक्ट्रिक वाहन निर्यात का अवसरों को टटोलेंगे: हुंदै मोटर

नई दिल्ली ।

हुंदै मोटर इंडिया लिमिटेड आगामी इलेक्ट्रिक वाहनों को देश से अन्य बाजारों में निर्यात करने के अवसरों को टटोलेगी। कंपनी उभरते बाजारों के लिए उत्पादन केंद्र के रूप में अपनी स्थिति बढ़ाने के लिए यह कदम उठा रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह कहा। कंपनी भविष्य में चार इलेक्ट्रिक वाहन पेश करने की योजना बना रही है। इसमें वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही तक उसकी लोकप्रिय स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) क्रेटा का इलेक्ट्रिक संस्करण भी शामिल है। उन्होंने ककि कि हम उभरते बाजारों के लिए एक बहुत मजबूत उत्पादन केंद्र हैं। हम 80 से अधिक देशों को निर्यात कर रहे हैं। जहां तक ईवी (इलेक्ट्रिक वाहन) का सवाल है, यह निश्चित रूप से मांग पर निर्भर करेगा। कंपनी जो भी उत्पाद भारत में पेश करती है, हम उसे उसे अन्य बाजारों में निर्यात करने को लेकर गौर करने के लिए हमेशा तैयार होते हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या कंपनी भविष्य में यहां पेश होने वाली अपनी इलेक्ट्रिक वाहन का निर्यात करेगी, उन्होंने कहा कि ईवी के निर्यात के संदर्भ में यह बुनियादी ढांचे पर निर्भर करेगा। यह मांग पर निर्भर करेगा लेकिन यह सही है कि आने वाले समय में हम इस मामले में उपलब्ध अवसरों पर गौर करेंगे।' उन्होंने कहा` कि ये उत्पाद मुख्य रूप से भारतीय बाजार के लिए हैं। हमारी रणनीति हमेशा यह रही है कि उत्पादों को भारतीय बाजारों के केंद्र में रखा जाए ताकि पैमाने की मितव्ययिता हासिल की जा सके। अे धिकारी ने कहा` कि जैसा कि कंपनी ने पूर्व में किया है, वह अन्य उभरते बाजारों में अवसर तलाशेगी जहां भारत के ग्राहकों जैसी पसंद है। उन्होंने कहा कि आम तौर पर हम भारत में जो भी उत्पाद तैयार करते हैं, वे अफ्रीका, पश्चिम एशिया, लातिन अमेरिका, मध्य अमेरिका, एशिया जैसे उभरते बाजारों के लिए बहुत उपयुक्त होते हैं।

# चीन के शेयर बाजार को 24 लाख करोड़ का पैकेज देगी सरकार

**- भारतीय शेयर बाजार में मचेगा हड़कंप**

मुंबई ।

शुक्रवार को कारोबार के अंतिम दिन गिरावट के साथ शेयर बाजार बंद हुए। सेंसेक्स में 230 अंक और निफ्टी में 34 अंक गिरावट देखने को मिली। भारतीय शेयर बाजार से बिदेशी निवेशक जिस तरह से अपना पैसा निकाल कर चीन में निवेश कर रहे हैं। उसके कारण भारतीय शेयर बाजार की हालत दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है। देसी निवेशकों द्वारा शेयर बाजार में जो निवेश किया जा रहा है। वह भी मुनाफा वसूली की भेंट चढ़ रहा है। चीन की सरकार ने अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए रियल इस्टेट सेक्टर और शेयर बाजार में, भारतीय मुद्रा में 24 लाख करोड रुपए का पैकेज देने का ऐलान किया है। इस संभावना के कारण भारत के शेयर बाजार में हड़कंप की स्थिति देखने को मिल रही है। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है, चीन की सरकार द्वारा शेयर मार्केट को आर्थिक पैकेज दिए जाने के बाद, भारत में निवेशकों की निकासी बढ़ेगी। जिसके कारण शेयर बाजार को संभालना बड़ा मुश्किल होगा।

# ओएनजीसी छोटे एलएनजी संयंत्र स्थापित करेगी

**नई दिल्ली ।** सार्वजनिक क्षेत्र की ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) पाइपलाइन से नहीं जुड़े कुओं से प्राकृतिक गैस निकालने के लिए छोटे आकार के एलएनजी संयंत्र स्थापित करने पर विचार कर रही है। कंपनी ने गैस कुओं के पास ऐसे संयंत्र स्थापित करने के लिए आंध्र प्रदेश, झारखंड और गुजरात में पांच स्थानों की पहचान की है। ये संयंत्र जमीन के नीचे से निकाली गई गैस को तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) में बदलेंगे। इस एलएनजी को क्रायोजेनिक ट्रकों के जरिये समीप के पाइपलाइन में ले जाया जाएगा जहां इसे गैस की अवस्था में फिर से परिवर्तित किया जाएगा। उसके बाद इसकी आपूर्ति बिजली संयंत्रों, उर्वरक इकाइयों या शहर में गैस वितरण करने वाली खुदरा विक्रेताओं को की जाएगी। ओएनजीसी ने विनिर्माताओं/सेवा प्रदाताओं से ऐसे प्राकृतिक गैस का उपयोग करने के लिए एक निविदा जारी की है। निविदा में छोटे-एलएनजी संयंत्र स्थापित करने के लिए आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी में दो और गुजरात के अंकलेश्वर को चिन्हित किया गया है। इसके अलावा झारखंड के बोकारो और गुजरात के कैम्बे में एक-एक स्थान की पहचान की गई है। ओएनजीसी ने निविदा दस्तावेज में कहा कि देश में पाइपलाइनों का एक व्यापक नेटवर्क है। पाइपलाइन के ये नेटवर्क आपूर्ति और मांग केंद्रों को जोड़ता है। इसके बावजूद बड़ी मात्रा में ऐसे गैस हैं, जो पाइपलाइन से जुड़े नहीं है। इनका उपयोग घरेलू आपूर्ति बढ़ाने और जरूरतों को पूरा करने के लिए किया जाना आवश्यक है। इसमें कहा गया है कि इस प्रकार की फंसी हुई गैस की मात्रा 5,000 से 50,000 मानक घन मीटर प्रतिदिन तक हैं। इनका उत्पादन पांच साल तक किया जा सकता है। निविदा में विनिर्माताओं और सेवा प्रदाताओं से एलएनजी का उत्पादन करने के लिए बीओओ (बनाओ, स्वामित्व और परिचालन) के आधार पर एक छोटे पैमाने पर एलएनजी संयंत्र स्थापित करने, उत्पादित एलएनजी को करीब 250 किलोमीटर तक कास्केड (उच्च दबाव वाले गैस सिलेंडर भंडारण प्रणाली)/ टैंकरों के जरिये खपत स्थलों तक पहुंचाने के लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं। इसके अलावा इसमें एलएनजी को फिर से गैस में बदलने और फिर उसे मौजूदा गैस वितरण ग्रिड में डालने अथवा सीधे थोक उपभोक्ताओं को आपूर्ति करने की बात भी शामिल है। देश में प्रतिदिन नौ करोड़ मानक घन मीटर से अधिक प्राकृतिक गैस का उत्पादन होता है। इसका उपयोग बिजली उत्पादन, उर्वरक बनाने और वाहन चलाने के लिए सीएनजी में परिवर्तित करने तथा खाना पकाने लिए पाइप के जरिये घरों में पहुंचने वाली रसोई गैस के रूप में किया जाता है। लेकिन घरेलू उत्पादन मांग का लगभग आधा हिस्सा पूरा करता है। ओएनजीसी भारत का सबसे बड़ा कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस उत्पादक है। कंपनी आयात पर भारत की निर्भरता को कम करने तथा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए अरबों डॉलर का निवेश कर रही है। इस निविदा के जारी होने से पहले, कंपनी ने मध्य प्रदेश में विंध्य बेसिन में अपने हट्टा गैस क्षेत्र के पास एक छोटे आकार का एलएनजी संयंत्र स्थापित करने के लिए देश के सबसे बड़े खुदरा ईंधन विक्रेता इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) के साथ साझेदारी की थी।

# कोल इंडिया का सरकारी खजाने में योगदान में मामूली गिरावट

**नई दिल्ली ।** सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया का चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में सरकारी खजाने में योगदान सालाना आधार पर 0.6 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 28,930.27 करोड़ रुपये रहा। कोयला मंत्रालय के अस्थायी आंकड़ों के अनुसार कोल इंडिया ने वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-सितंबर अवधि में सरकारी खजाने में 29,122.13 करोड़ रुपये का योगदान दिया था। आंकड़ों के अनुसार सितंबर महीने में सरकार को भुगतान किये गये कुल शुल्क भी आलोच्य अवधि में 11.1 प्रतिशत घटकर 4,335.24 करोड़ रुपये रहा। एक साल पहले 2023-24 के इसी महीने में यह 4,878.84 करोड़ रुपये था। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-सितंबर में सरकारी खजाने को भुगतान किये गये कुल 28,930.27 करोड़ रुपये में से, सबसे ज्यादा 6,452.30 करोड़ रुपये झारखंड सरकार को मिले। इसके बाद ओडिशा का स्थान रहा जिसे 6,383.14 करोड़ रुपये मिले। इसके अलावा, छत्तीसगढ़ को 5,432.02 करोड़ रुपये, मध्य प्रदेश को 5,177.41 करोड़ रुपये तथा महाराष्ट्र को 2,782.25 करोड़ रुपये प्राप्त हुए।कोयला उत्पादक राज्यों ने रॉयल्टी, जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएफ) और नेशनल मिनरल एक्सप्लोरेशन ट्रस्ट (एनएमईटी) सहित अन्य से राजस्व अर्जित किये।



# कंपनियों के तिमाही परिणामों का शेयर बाजार पर रहेगा असर

**- बीते सप्ताह शेयर बाजार में दो दिन तेजी जबकि दिन दिन गिरावट रही**

मुंबई ।

बीते सप्ताह मध्य-पश्चिम संघर्ष को लेकर वैश्विक बाजार के कमजोर रुख के दबाव में स्थानीय स्तर पर हुई बिकवाली से गिरावट में रहे घरेलू शेयर बाजार पर इस सप्ताह रिलायंस, इंफोसिस, विप्रो, एचसीएल टेक, नेस्ले इंडिया और एक्सिस बैंक समेत कई दिग्गज कंपनियों के चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के जारी होने वाले परिणाम का असर रहेगा। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 307.09 अंक की गिरावट लेकर सप्ताहांत पर 81381.36 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 50.35 अंक उतरकर 24964.25 अंक पर रहा। वहीं समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली हुई।

इससे मिडकैप 530.12 अंक की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 48436.86 अंक और स्मॉलकैप 654.78 अंक उछलकर 56600.09 अंक पर पहुंच गया। विश्लेषकों के अनुसार बीते सप्ताह विश्व बाजार का रुझान कमजोर रहा।

भारतीय बाजार वर्तमान में प्रीमियम मूल्यांकन और दूसरी तिमाही के सुस्त नतीजों के कारण सुदृढ़ीकरण के चरण में है। इसके विपरीत विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) चीन के प्रोत्साहन उपायों और कम मूल्यांकन से चीनी बाजारों में आर्बिट्रेज अवसरों का लाभ उठा रहे हैं। साथ ही भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दरों को यथावत रखा तथा उसके निर्णयों से निकट भविष्य में ब्याज दरों में कटौती की संभावना का संकेत नहीं मिलता है।

इस बीच हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीद से अधिक बेहतर प्रदर्शन से घरेलू बाजार में आशा की लहर दौड़ गई। इससे सेंसेक्स ने कुछ लचीलापन दिखाया और वापस उछलने का प्रयास किया तथा निफ्टी 50 सूचकांक को 24,800 अंक के स्तर पर समर्थन मिला। हालांकि यह समर्थन अस्थायी बना हुआ है, जिससे इसके मध्यवर्ती स्तर पर होने का जोखिम बना हुआ है। बीते सप्ताह बाजार अपनी तेजी को बरकरार नहीं रख सका और निफ्टी50 25,000 अंक से नीचे बंद हुआ। अमेरिकी मुद्रास्फीति में अप्रत्याशित वृद्धि और जारी भू-राजनीतिक चुनौतियों के कारण अमेरिका में 10 वर्षीय ट्रेजरी यील्ड में हाल में हुई वृद्धि ने एफआईआई को अधिक सस्ते बाजारों की ओर रुख करने के लिए प्रेरित किया है। इस प्रवृत्ति से अल्प अवधि में इक्विटी परिसंपत्ति का प्रदर्शन प्रभावित होने की उम्मीद है। इस सप्ताह निवेशकों की वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही के परिणामों पर पैनी नजर रहेगी। दूसरी तिमाही के परिणाम के तिमाही-दर-तिमाही आधार पर कमजोर प्रदर्शन रहने का अनुमान है। गिरावट का जोखिम बढ़ रहा है, जिससे अल्प से मध्यम अवधि में भारत का प्रीमियम मूल्यांकन कम हो सकता है। इस सप्ताह रिलायंस, इंफोसिस, विप्रो, एचसीएल टेक, नेस्ले इंडिया, एक्सिस बैंक, महाराष्ट्र बैंक, सीआईएल, बजाज ऑटो और क्रिसिल समेत कई दिग्गज कंपनियों की दूसरी तिमाही के परिणाम जारी होने वाले हैं। बीते सप्ताह शेयर बाजार में दो दिन तेजी जबकि दिन दिन गिरावट रही। इजराइल-ईरान तनाव और चीन के प्रोत्साहन पैकेज के दबाव में स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से सोमवार को सेंसेक्स 638.45 अंक का गोता लगाकर करीब डेढ़ माह के निचले स्तर 81,050.00 अंक पर आ गया। इसी तरह निफ्टी 218.85 अंक की गिरावट लेकर 24,795.75 अंक पर बंद हुआ।

# भारत के औद्योगिक उत्पादन में गिरावट

**विदेशी मुद्रा भंडार में कमी,भारत के लिए चिंता का विषय**



**नई दिल्ली ।** भारत के औद्योगिक उत्पादन में लगातार सस्ती देखने को मिल रही है। अगस्त माह में औद्योगिक उत्पादन की दर - 01 पर पहुंच गई। माइनिंग सेक्टर में 4.3 फ़ीसदी और इलेक्ट्रिसिटी सेक्टर में 3.7 फ़ीसदी की गिरावट जनवरी 2024 की तुलना में देखने को मिली। मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर में भी भारी गिरावट देखने को मिली है। सांख्यिकी मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को जो आंकड़े जारी किए गए हैं। उसके अनुसार माइनिंग और इलेक्ट्रिसिटी सेक्टर में सबसे ज्यादा गिरावट देखने को मिली है। कहा जा रहा है कि अधिक बारिश के कारण औद्योगिक उत्पादन में कमी आई है। इसका असर माईनिंग और इलेक्ट्रिसिटी सेक्टर पर पड़ा है। 2023-24 की तुलना में 2024-25 के पहले 5 महीने में लगभग दो फ़ीसदी औद्योगिक उत्पादन में औसत गिरावट हुई है।

**विदेशी मुद्रा भंडार**

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 4 अक्टूबर को समाप्त हुए सप्ताह में 3.71 अरब डॉलर घटकर, 701.18 अरब डॉलर पर आ गया है। भारत के गोल्ड रिजर्व का मूल्य भी 4 करोड डालर घटकर 65.75 अरब डॉलर पर आ गया है। आर्थिक विशेषज्ञों के अनुसार सभी ओर से निराशाजनक समाचार मिलने से शेयर बाजार में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है।

# प्रमुख कंपनियों का मार्केट कैप 1.22 लाख करोड़ घटा

**- सबसे ज्यादा नुकसान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और रिलायंस को हुआ**

नई दिल्ली ।

बीते सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 मूल्यवान कंपनियों में से सात का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) संयुक्त रूप से 1,22,107.11 करोड़ रुपये घट गया। इसमें सबसे ज्यादा नुकसान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। शेयर बाजार में कमजोर रुख के अनुरूप प्रमुख कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई। देश की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार मूल्यांकन 35,638.16 करोड़ रुपये कम होकर 15,01,723.41 करोड़ रुपये रहा। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 21,351.71 करोड़ रुपये घटकर 18,55,366.53 करोड़ रुपये पर रहा। वहीं आईटीसी का मूल्यांकन 18,761.4 करोड़ रुपये घटकर 6,10,933.66 करोड़ रुपये जबकि हिंदुस्तान यूनिलीवर` लिमिटेड का बाजार पूंजीकरण 16,047.71 करोड़ रुपये घटकर 6,53,315.60 करोड़ रुपये रहा। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 13,946.62 करोड़ रुपये घटकर 6,00,179.03 करोड़ रुपये और आईसीआईसीआई बैंक का एमकैप 11,363.35 करोड़ रुपये घटकर 8,61,696.24 करोड़ रुपये रहा। साथ ही एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 4,998.16 करोड़ रुपये घटकर 12,59,269.19 करोड़ रुपये रहा। हालांकि, भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 26,330.84 करोड़ रुपये बढ़कर 9,60,435.16 करोड़ रुपये पहुंच गया। वहीं



इन्फोसिस का एमकैप 6,913.33 करोड़ रुपये बढ़कर 8,03,440.41 करोड़ रुपये और भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण 3,034.36 करोड़ रुपये बढ़कर 7,13,968.95 करोड़ रुपये रहा। बाजार पूंजीकरण के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे मूल्यवान घरेलू कंपनी रही। इसके बाद क्रमश टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, भारतीय स्टेट बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी और एलआईसी का स्थान रहा।

# पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर



**नई दिल्ली ।** वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के भाव रविवार को भी स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार देश में रविवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा।वैश्विक स्तर पर सासाहांत पर अमेरिकी क्रूड 0.47 प्रतिशत की गिरावट लेकर 75.49 डॉलर प्रति बैरल पर और लंदन ब्रेंट क्रूड 0.32 प्रतिशत लुढ़ककर 78.79 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। वहीं नई दिल्ली में पेट्रोली 94.72 प्रे ति लीटर, डीजल 87.62 प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 104.21 पे ति लीटर, डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपए प्रति लीटर, डीजल 92.34 रुपए प्रति लीटर एवं कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपए प्रति लीटर, डीजल 90.76 रुपए प्रति लीटर है।

# नए सिरे से गठित होगी मिथिला सांस्कृतिक परिषद की कार्यकारिणी, 16 को मनेगा कोजागरा महोत्सव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो में मिथिला-मैथिली भाषा-भाषियों की प्रतिष्ठित संस्था मिथिला सांस्कृतिक परिषद की आमसभा रविवार को परिषद द्वारा संचालित सेक्टर 4ई स्थित मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल के विद्यापति सभागार में हुई। बैठक की अध्यक्षता परिषद के पूर्व महासचिव एवं बीएसएल के सेवानिवृत्त वरिष्ठ सतर्कता पदाधिकारी सतीशचंद्र झा ने की। बैठक के दौरान सांगठनिक सशक्तिकरण ,संस्थाहित तथा विद्यालय के उत्थान में आवश्यक बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया, साथ ही ध्वनिमत से कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए।



बैठक में विभिन्न वक्ताओं ने परिषद, मिथिला समाज तथा विद्यालय के हित में उठाए जाने वाले आवश्यक कदमों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके पश्चात सर्वसम्मति से परिषद की वर्तमान कार्यकारिणी समिति के गठन को इसलिए अमान्य घोषित किए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया, क्योंकि उक्त कार्यकारिणी का गठन नियमानुसार न तो पीठासीन पदाधिकारी मंडल की सहमति से हुआ था और न ही उसकी स्वीकृति आमसभा से ली गई थी। इसके लिए अब पीठासीन पदाधिकारी मंडल द्वारा महासचिव नीरज चौधरी के साथ मिलकर नई एवं वैध कार्यकारिणी का गठन करने एवं उसे आमसभा से अनुमोदित कराए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। उपस्थित लगभग 100 सदस्यों ने ध्वनिमत से ताली बजाकर इस पर अपनी सहमति जतायी। आमसभा की बैठक में परिषद के वित्त सचिव मिहिर मोहन ठाकुर द्वारा विद्यालय में हुई कथित वित्तीय अनियमितता के उठाये गए मामले की जांच को लेकर पांच सदस्यीय एक समिति के गठन का प्रस्ताव भी पारित किया गया, जिसमें अध्यक्ष सतीश चंद्र झा सहित सुदीप कुमार ठाकुर, डीके ईश्वर, दिलीप कुमार झा एवं जयप्रकाश चौधरी शामिल किए गए। इसके साथ ही उक्त सभी निर्णयों के अनुमोदन एवं अन्य विषयों पर विचार-विमर्श को लेकर के परिषद की अगली आमसभा आगामी 20 अक्टूबर को पूर्वाह्न 10:30 बजे से आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा आगामी 16 अक्टूबर को मिथिलांचल का प्रमुख पारम्परिक त्योहार कोजागरा महोत्सव मनाने का निर्णय भी लिया गया, जिसके लिए 10 सदस्यों की टीम को जिम्मेदारी सौंपी गई। इसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम का भार अरुण पाठक को दिया गया। इसके पूर्व, बैठक के आरंभ में परिषद के महासचिव नीरज चौधरी ने आमसभा में उपस्थित सभी अभ्यागतों का स्वागत करते हुए बैठक के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। पीठासीन पदाधिकारी मंडल के संयोजक विजय कुमार झा ने बैठक का विषय-प्रवेश कराया, वहीं वित्त सचिव मिहिर मोहन ठाकुर ने विद्यालय प्रबंधन समिति की कथित वित्तीय गड़बड़ी को आमसभा के पटल पर प्रस्तुत किया। बैठक को कृष्ण चंद्र झा, सुदीप कुमार ठाकुर, रवीन्द्र झा, गंगेश पाठक, सुनील मोहन ठाकुर, विनय कुमार झा, श्रवण कुमार झा, अनिल मोहन ठाकुर आदि ने भी संबोधित किया। जबकि, इस अवसर पर मुख्य रूप से परिषद के पूर्व महासचिव राजेंद्र कुमार, बटोही कुमर, पीठासीन पदाधिकारी मंडल के डॉ. दुगार्नंद मिश्रा, प्रो. जयराम झा सहित जेपी चौधरी, मिहिर कुमार झा राजू, दुर्गाचरण चौधरी, सुभद्र चौधरी, हरिश्चंद्र झा, गोविंद कुमार झा, चंद्रकांत मिश्रा, मनोज कुमार झा, मिंटू झा, संतोष कुमार मिश्र, रोशन कुमार तरुण आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### पारा शिक्षक तय करेंगे झारखंड में किसकी होगी आगामी सरकार : संघर्ष मोर्चा

**धनबाद :** रविवार को बरवाअड्डा झारखंड राज्य सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के राज्य प्रतिनिधि प्रदेश महासचिव निरंजन कुमार दे, प्रदेश महामंत्री सुशील कुमार पांडे, उत्तरीय छोटा नागपुर प्रमंडलीय अध्यक्ष भागवत तिवारी ने संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा की वर्तमान हेमंत सरकार राज्य के पारा शिक्षकों को सिर्फ ठगने का कार्य किया है चुनाव पूर्व संकल्प पत्र में कहा था हमारी सरकार बनाए 3 माह के अंदर राज्य के पारा शिक्षकों को वेतनमान देंगे लेकिन वेतनमान पर सरकार एक कदम आगे नहीं बढ़ी।वहीं 28 अगस्त को विभागीय अधिकारियों मंत्री की उपस्थिती में पूर्व समझौता के अनुरूप यदि 14 अक्टूबर अंतिम कैबिनेट में पारा शिक्षकों का समस्या का समाधान नहीं होता है तो निश्चित रूप से राज्य के पारा शिक्षक पूरे परिवार सहित काला झंडा लेकर सड़क से लेकर सदन तक वर्तमान हेमंत सरकार का खुलकर विरोध करेगा जैसे पूर्व में रघुवर सरकार के खिलाफ कार्य किया गया था ठीक उसी प्रकार उससे ज्यादा बद्तर स्थिति वर्तमान हेमंत सरकार की होगी क्योंकि 62000 पारा शिक्षक आगामी चुनावी समीकरण को बदलने के लिए सक्षम हैं। मौके पर जैनुल अंसारी, मोहम्मद सिद्दीक अंसारी, लक्ष्मण सिंह चौधरी, मोहम्मद ताहिर हुसैन, मंजूर उल हक, मोहम्मद नईमुद्दीन अंसारी, मोहम्मद ताहिर हुसैन अंसारी मौजूद रहे।

### रावण दहन एवं स्थानीय कलाकारों के संस्कृत कार्यक्रम के साथ दुर्गा पूजा संपन्न

**कसमार :** प्रखंड के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र खैराचातर में विजयदशमी के दिन रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्र के पचास हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने इसका मजा लिया। रावण दहन कार्यक्रम का शुभारंभ कसमार के अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी, तथा स्थानीय मुखिया विजय कुमार जायसवाल ने किया । इस दौरान खैराचातर के मुखिया विजय कुमार जायसवाल ने कहा कि क्षेत्र में पहली बार रावण दहन का कार्यक्रम विजयादशमी के उपलक्ष में किया गया है जो सराहनीय है। तथा स्थानीय श्रद्धालुओं के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि विजय दशमी के दिन ही भगवान रामचंद्र ने रावण पर विजय पाई थी, इसलिए इस दिन रावण का पुतला जलाया जाता है। जो कि बुराई, अहंकार, अत्याचार और अधर्म पर धर्म, सत्य और न्याय की विजय का प्रतीक माना जाता है।
इससे पूर्व खैराचातर पूजा कमेटी के द्वारा स्थानीय कलाकारों का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कमेटी के अध्यक्ष प्रशांत जायसवाल ने स्थानीय मुखिया विजय कुमार जायसवाल सचिव सुनील कपरदार के साथ संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम, ग्रुप डांस, गीत संगीत ने समां बांध दिया। आदि का नृत्य सराहनीय रहा।

### जैप 4 मंदिर परिसर में माता के जागरण का हुआ आयोजन

**बोकारो :** झारखण्ड सशस्त्र पुलिस-4, बोकारो वाहिनी परिसर मंदिर में दुर्गापुजा के शुभ अवसर पर भव्य जागरण का आयोजन किया गया। इस जागरण में अनेक जिलो के कालाकार ने अपने मधुर स्वर से सभी भक्त जनो को मंत्रमुग्ध कर दिया तथा पुरा वातावरण माँ के जयकारा से मंगलमय हो गया। हर तरफ भक्ति की असीम गंगा का पदार्पण होने लगा। बता दे कि इस जागरण का आयोजन झारखण्ड पुलिस एसोसिएशन एवं मेन्स एसोसिएशन के तरफ से कराया गया। इस अवसर पर मुकेश कुमार, भा०पु०से०, समादेष्टा, राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल-सह-झारखण्ड सशस्त्र पुलिस-4, बोकारो द्वारा दीप प्रज्वलित कर जागरण कार्यक्रम का शुभ आरम्भ किया गया।

## सिंदूर खेला के साथ महिलाओं ने दी मां दुर्गा को विदाई



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो चास में श्रद्धा भक्ति के साथ दुग़ार्पूजा धूम-धाम से मनाया गया। वहीं नौ दिनों तक मां दुर्गा की अराधना के बाद शनिवार व रविवार को मूर्ति विसर्जन शांतिपूर्ण किया गया। कुछ मूर्तियों का विसर्जन शनिवार व रविवार को किया गया। जिसमें बंगला िविध से होने वाले पूजा पंडालों सेक्टर तीन बंगभारती, चक्की मोड़, सेक्टर आठ कालीबाड़ी, सेक्टर वन बी रंगमंच मैदान के प्रतिमा का विसर्जन रविवार को किया गया। वहीं कई स्थानों के पूजा पंडालों के प्रतिमा रविवार के कारण विसर्जन नहीं किया गया। इसकों लेकर पूजा समिति के लोग सोमवार को पंडालों के प्रतिमा का विसर्जन करेंगे। शनिवार को सेक्टर दो बी पूजा पंड़ालों के प्रमितमा का विसर्जन से पहले महिलाओं ने सिंदूर खेला के साथ मां दुर्गा की विदाई की। महिलाओं ने उत्साह के साथ एक दुसरे को सिंदूर लगाकर मिठाईया भी खिलाई। वही चास के पुराना बाजार में भी महिला श्रद्धालुओं ने सिंदूर खेला किया।

## शारदीय नवरात्र हर्षोल्लास के साथ संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कसमार :** मधुकरपुर समेत पूरे कसमार प्रखंड में नौ दिनों से चला आ रहा मां दुर्गा देवी जी का पावन पर्व नवरात्र मूर्ति विसर्जन एवं घट विसर्जन के साथ हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। पूरे प्रखंड क्षेत्र के मां के भक्तों ने बड़े ही भक्ति भाव एवं श्रद्धा और विश्वास के साथ माता की उपासना करते हुए अपने सुखी जीवन की कामना करते हुए पूजा अर्चना की। लोगों ने पूरे उत्सव के बीच संयम से रहकर शुद्ध व सात्विक भोजन ग्रहण करते हुए कुशल आचार और व्यवहार का पालन किया। कसमार प्रखंड के मधुकरपुर, दुगार्पुर, बरईकला, खैराचातार, बगदा, हिसिम, मुरहुलसुदी, टांगटोना, सिंहपुर, मंजूरा, कसमार, गर्रि, पोंडा, सनपूरा एवं दांतू पंचायत के विभिन्न गांवों के दुर्गा मंदिरों में पंडाल की सजावट और रोशनी की जगमगाहट एक मनमोहक छटा बिखेरे हुए थी। नवरात्र के प्रथम दिन प्रतिपदा से पूजा अर्चना व आराधना प्रारंभ हो गई थी, फिर षष्ठी तिथि से बेलवरण के पश्चात सप्तमी को नवपत्रिका देवी आगमन के उपरांत मूर्ति स्थापन करते हुए मूर्ति पूजा प्रारंभ की गई। महा अष्टमी को मंदिरों में भक्तों और श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखने को मिली, उस दिन विशेष कर माताएं उपवास करते हुए सज धजकर पूजा की थाली में विभिन्न प्रकार के पूजन सामग्री, माता की चुनरी व श्रृंगार तथा उनके पसंदीदा भोग इत्यादि सजाकर माता की दरबार जाकर पूजा अर्चना की। प्रत्येक दिन संध्या आरती के समय भीड़ देखने लायक होती थी। प्रति दिन माता के भक्ति भजनों से सारा वातावरण भक्ति मई हो कर गुंजायमान हो गया था। इस बीच नवरात्र के अवसर पर कई पूजा पंडालों में जागरण, भजन कीर्तन, नर्तकी नृत्य इत्यादि के कार्यक्रम आयोजित हुए। इधर कसमार प्रखंड के विभिन्न पूजा पंडालों में स्थानीय विधायक डॉ लंबोदर महतो, जिला परिषद सदस्य अमरदीप महाराज के अलावे अन्य पंचायत प्रतिनिधियों ने जाकर माता की हाजिरी लगाकर मत्था टेकते हुए क्षेत्र की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। पावन नवरात्रि के पश्चात मंदिरों में दशमी तिथि को नवपत्रिका विसर्जन किया गया।

## कोटालडीह में 130 वर्षों से निरंतर हो रहा दुर्गा पूजा का आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** तोपचांची थानांतर्गत कोटालडीह ग्राम में दुर्गा पूजा का परंपरागत आयोजन 130 वर्षों से होते आया है। यहां के लोगों का यह मत है कि श्रद्धालु जो भी मन्नत मांगते हैं । वह मां भगवती दुर्गा पूर्ण करती हैं तथा 130 वर्ष पहले ही दुर्गा प्रतिमा पुजन भी मन्नत पुरी होने के बाद ही शुरूआत हुई थी। और तब से आज तक निर्बाध रूप ने निरंतर कोटालडीह गांव में दुर्गा पूजा का आयोजन भव्यता से होते आ रहा है। वैसे तो इस ग्राम में महालया से दशमी दशहरा तक मां का विधि विधान वैदिक रीति-रिवाज से पुजा अर्चना होते रहता है तथा षष्टि तिथि से दशहरा तक धार्मिक महोत्सव, सांस्कृतिक कार्यक्रम होते रहता है। इस बार महाष्टमी के दिन भगवती जागरण कार्यक्रम आयोजन का उद्घाटन कोटालडीह ग्राम निवासी एवं निरसा प्रखण्ड कार्यालय के पूर्व बड़ा बाबु स्व. यामिनी बल्लभ तिवारी की धर्मपत्नी उत्तरा देवी सहित अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के महासचिव तथा अंतर्राष्ट्रीय हिंदी परिषद झारखण्ड के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश चन्द्र तिवारी, केंद्रीय सरकार से सेवानिवृत्त सुकुमार तिवारी,पुर्व शिक्षक तथा दुर्गा पूजा के प्रधान पुजारी सुशील कुमार तिवारी, त्रिवेणी प्रसाद तिवारी, पुर्व शिक्षक मिथिलेश कुमार तिवारी,99 बिल्डर्स के पदाधिकारी संतोष कुमार तिवारी सहित तोपचांची थाना के पदाधिकारी आदी ने सम्मिलित होकर फीता काटा तथा दीप प्रज्वलित किया। इस आयोजन में सैकड़ों लोगों की आसपास गांवों के श्रद्धालु जूटे जिससे भगवती जागरण का वातावरण मां के जयकारों और भजनों से भक्तिमय हो उठा।

## आदि शंकराचार्य का ट्रेलर हुआ लॉन्च

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक, गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर की उपस्थिति में आर्ट ऑफ लिविंग ने अपनी पहली वेब सीरीज आदि शंकराचार्य का ट्रेलर लॉन्च किया। गुरुदेव ने कहा ज्ञान को समय-समय पर पुनर्जीवित करना आवश्यक है। आदि शंकराचार्य ने ज्ञान को पुनर्जीवित किया ।उन्होंने भक्ति, ज्ञान और कर्म को एकत्र किया। उनका यही संदेश था कि जीवन दुख नहीं बल्कि आनंद है।इस सन्दर्भ में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर संस्था के झारखंड मीडिया प्रभारी अजय मुखर्जी ने जानकारी दी।यह प्रोडक्शन आदि शंकराचार्य के प्रारंभिक वर्षों की कहानी प्रस्तुत करेगा, जिसमें वे भारत भर में यात्रा करते हुए आध्यात्मिक नैतिकताओं और परंपराओं को पुनर्जीवित करते हैं। सीजन 1 में 10 एपिसोड होंगे। प्रत्येक एपिसोड लगभग 40 मिनट लंबा और आदि शंकराचार्य के जीवन के पहले आठ वर्षों पर आधारित होंगे। श्री श्री पब्लिकेशंस ट्रस्ट के ट्रस्टी नकुल धवन ने बताया कि आदि शंकराचार्य भारतीय इतिहास में एक महत्त्वपूर्ण व्यक्तित्व हैं जिनका नाम तो प्रसिद्ध है लेकिन उनके जीवन की कहानी बहुत से लोगों को पता नहीं है। उनका जीवन बहुत छोटा लेकिन महत्वपूर्ण था, जिसमें उन्होंने देश भर में यात्रा की और सांस्कृतिक ताने-बाने को एकजुट किया। उनके द्वारा स्थापित परंपराएं आज भी जीवित हैं और वे भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण के वास्तुकार हैं।इस प्रोजेक्ट के बारे में निर्देशक ओंकार नाथ मिश्रा ने बताया यह सीरीज महान आदि शंकराचार्य को समर्पित है, जिनकी बुद्धिमत्ता, ज्ञान और आध्यात्मिक शक्ति ने इस राष्ट्र को आकार दिया। जब भारत 300 से अधिक राज्यों में बंटा हुआ था, उस समय आदि शंकराचार्य ने देश भर में यात्रा की और इसे सनातन धर्म के ध्वज तले एकजुट किया।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया दशहरा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**छत्तरपुर (पलामू):** छतरपुर में हर्षोल्लास के साथ दशहरा का पर्व मनाया गया। दस दिन तक चलने वाले नवरात्र में पूरा प्रखंड भक्ति में दिखा। छतरपुर नगर क्षेत्र के विभिन्न पूजा कमेटी के द्वारा आकर्षक पंडाल बनाकर मां दुर्गा की प्रतिमा को स्थापित किया गया। षष्ठी के दिन से प्रतिमा का पट खोलना के बाद सभी पूजा पंडालो में श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। छतरपुर बस स्टैंड स्थित ठाकुरबाड़ी में युवा जन जागृति मंडल के द्वारा आकर्षक पंडाल बनाकर विद्युत साथ सजा से सुसज्जित किया गया। वही बाजार परिसर में मां काली की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गई। छतरपुर के खाटीन, मसीहानी कव्वल और रामगढ़ में भी आकर्षक पूजा पंडाल का निर्माण किया गया। लगातार तीन दिनों तक श्रद्धालुओं की भीड़ पूजा पंडालो में देखने को मिली। मां के प्रतिमा का विसर्जन सोमवार को किया जाएगा। पूजा के दौरान छतरपुर पुलिस भी काफी चुस्त दिखी। छतरपुर पुलिस के द्वारा थाना क्षेत्र के सभी पूजा पंडाल में सुरक्षा के लिए पुलिस के जवान मौजूद थे। वही गश्ती दल के द्वारा सभी पूजा पंडालो में गश्ती की जा रही थी। महिला और पुरुष सुरक्षाकर्मी आम जनों की सुरक्षा के लिए तैनात थे।



### आपसी सौहार्द व समता का प्रतीक है दशहरा : अविनाश देव



**मेदिनीनगर (पलामू) :** दस दिनों तक हर्षोल्लास से चलने वाला दशहरा का त्योहार आज हवन पूजन के साथ समापन हुआ। मातारानी के दर्शनार्थ आज भक्तों का पूजा पंडाल में बाढ़ आ गया। भक्तों ने मातारानी को हसरतभरी निगाहों से दीदार किया और अगले साल के आस लगाए वापस हुए।
अविनाश देव ने सामाजिक कार्यकर्ता,झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरीय नेता व समाज सेवक होने के नाते आम एवं खास नागरिकों से गहरा लगाव है जिसे हर पूजा पंडालों के दर्शन किया और लोगो से मिल कर अपने डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र के कुशल छेम पूछा। कजरी,बैरिया, हाउसिंग कलोनी,बिजली विभाग,2 नंबर टाउन,चैनपुर, पोलपोल,नावाडीह, पोखराहा खुर्द बाजार के पूजा पंडाल सहित अन्य पंडालों को केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति के संरक्षण होने के नाते भ्रमण किया और कमिटी के सदस्यों दर्शकों को संबोधित करते हुए इन्होंने कहा कि नवरात्र, कन्या पूजन, मां दुर्गे के नौ रूपों से हम सबों को प्रेरणा लेना चाहिए। बेटियों को गर्भ में मारना नहीं है बल्कि पढ़ा कर आगे बढाना है। ग्राम वासियों क्षेत्रवासियों को दशहरे की हार्दिक शुभकामनाएं, मां भवानी सबों को शक्ति दें ।

## संक्षिप्त खबरें

### सुनैना किन्नर ने विधि विधान से किया मां दुर्गा का कलश विसर्जन



**धनबाद :** महापर्व दुर्गा पूजा विजयदशमी के दिन झारखंड प्रदेश किन्नर कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष सुनैना सिंह किन्नर ने अपने घर में मां दुर्गा का कलश का विसर्जन किया। विसर्जन के दौरान सभी किन्नर नाच गान करते, ढोल नगाड़ा बजाते हुए तालाब तक गए जहां पर मां दुर्गा की कलश को विसर्जन किया गया। इस मौके पर सुनैना किन्नर ने बताई की यह आयोजन विगत कई वर्षों से हमारे गुरु जटावाली करती आ रही थी। जिसके परंपरा को निभाती हुई मैं भी अपने घर में कलश की स्थापना कर पूजा अर्चना कर विधि विधान से विसर्जन किया। विसर्जन के उपरांत सुनैना किन्नर ने बताया कि हम लोगों ने मां दुर्गा से प्रार्थना किया कि हमारा देश पूरे विश्व में अपना परचम लहराता रहे और हमारे जवान को साहस और शक्ति दे, उन्होंने कहा कि मां दुर्गा हमारे जजमानों के घरों में खूब खुशियां लाएं जिससे किन्नर समाज भी खुश रहे।इस मौके पर बबली किन्नर, किरण, रजिया, बिमल, करीना, परी, शीला, श्वीति, हसीना, सीमा, रीना,राधा,सोहानी, पल्लवी सिंह,मनीषा,लवली, शिल्पा,किरन सिंह, पूनम, काजल, पलक, ऋषिमुनि, जिया, निशा, रागिनी, लैला, मनीला,बर्षा, रूपशा, आंखी, मुस्कान आदि किन्नर और स्थानीय लोग मौजूद थे।

### शील, संपन्न, शक्ति, साधना का नाम है संघ



**कतरास (धनबाद) :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का विजयादशमी उत्सव एवं शस्त्र पूजन का कार्यक्रम पचगढी के सूर्य मंदिर प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूवात भारत मां के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं शस्त्र पूजन कर किया गया। संघ के मुख्य वक्ता इस नाते क्षेत्रीय प्रचारक प्रमुख श्रीमान अरुण जी कहा कि आज ही के दिन संघ की स्थापना हुई थी। आज संघ अपनी सतत साधना का 99 वर्ष पूरा किया। उन्होंने कहा कि बलहिनो को नहीं पूछता, बलवानो को विश्व पूजता दुर्बल रहना मृत्यु के समान है। इसलिए सद्भाव व संयमपूर्ण वातावरण के लिए सज्जनों को शक्ति संपन्न होना ही होगा। शक्ति जब शिल संपन्न होकर आती है तब वह शक्ति का आधार बनती है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर संघचालक सुशील चौधरी, सह विभाग कार्यवाह पंकज सिंह, सह महानगर कार्यवाह महेंद्र स्वर्णकार, आदित्य गुप्ता, रामऔतार विश्वकर्मा, अशोक पासवान, गुलदेव केवट, बंटी कुमार, केशव सेन, नवीन गुप्ता, सोमशेखर शर्मा, संतोष साव, आनंद कृष्ण गुप्ता, सुरेश गुप्ता, संदीप कुमार ,शिवेश विश्वकर्मा,पंकज सिन्हा,दिनेश नोनिया,विकाश कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### गोमो के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ उदय महतो नहीं रहे



**गोमो ( धनबाद ) :** गोमो के जाने माने चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ उदय कुमार महतो अब हमारे बीच नहीं रहे। वे करीब 55 वर्ष के थे। इन्होंने धनबाद के अशर्फी अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनके पार्थिव शरीर को गोमो के रतनपुर शमशान घाट पर अंतिम संस्कार किया गया।
डॉ उदय महतो प्रसिद्ध चिकित्सक प्रभु महतो के पुत्र है। उनके निधन पर पूरे गोमो में शोक की लहर दौड़ गई। अपने मृदुभाषी स्वभाव तथा सभी के दिल में एक अलग पहचान बनाने वाले उदय महतो का इस तरह छोड़ कर जाना लोगों को अच्छा नहीं लगा। गरीब तबके के लोगों का उपचार मुफ्त में करके तथा हर सामाजिक कार्य में अपना अहम भूमिका निभाने वाले उदय महतो लोगों का दिल जीत कर परलोक सिधार गए। इनका निधन गोमो के लिए अपूर्णीय क्षति है। डॉ उदय चार भाई में सबसे बड़े नंबर पर थे। इनके छोटे भाई संजय महतो टीवी सिग्नल का काम करते थे, इनका निधन कोरोना काल में कोरोना बीमारी से हो गया। छोटे भाई अजय महतो भी गोमो में प्रसिद्ध चिकित्सक है।

### विजयादशमी की पूर्व संध्या पर सूरज महतो का कई पूजा समितियों ने किया स्वागत



**तेतुलमारी (धनबाद) :** विधानसभा क्षेत्र में दुर्गा पूजा का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। विभिन्न स्थानों पर भव्य पूजा पंडाल बनाए गए हैं और उसमें दिव्य मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई। मां दुर्गा की जय की उद्घोष व बजाए जा रहे ढाक से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है। शुक्रवार 11 अक्तूबर को जनशक्ति के अध्यक्ष सह बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रत्याशी सूरज महतो का दर्जनों पूजा समिति ने सम्मानित किया। लकड़ा: महतो स्थानीय दुर्गा मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। पूजा समिति के सदस्यों ने महतो को स्वागत किया। महतो ने मां दुगा का दर्शन किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। महतो ने मौके संबोधित करते हुए बाघमारा विधानसभा क्षेत्रवासियों को दुर्गा पूजा की बधाई दी। उन्होंने सभी के लिए सुखा-समृद्धी की कामना की। महतो मौके पर प्रसाद ग्रहण किया। जोगेश्वर मोड़: स्थानीय पूजा समिति के सदस्यों ने विधायक प्रत्याशी महतो का स्वागत किया। महतो ने मां दुगा का दर्शन किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। महतो ने मौके संबोधित करते हुए बाघमारा विधानसभा क्षेत्रवासियों को दुर्गा पूजा की बधाई दी। उन्होंने सभी के लिए सुखा-समृद्धी की कामना की। महतो मौके पर प्रसाद ग्रहण किया।

### ठाकुर कुल्ही दुर्गा पूजा समिति की ओर से सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**धनबाद :** श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति छठ तालाब, ठाकुर कुल्ही धैया की ओर से माता के भक्तो के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । सार्वजनिक दुर्गा पूजा समारोह और दुर्गा मंदिर निर्माण सहित मंदिर की सुंदरता को बढ़ाने हेतु विशेष सहयोग प्रदान करने वाले माता के भक्तों को समिति की ओर से स्मृति चिह्न तथा अंग वस्त्र भेंट कर उनको सम्मानित किया गया। दुर्गा पूजा समिति को विशेष सहयोग प्रदान करने हेतु नीरज सिंह एवं सप्तमी, अष्टमी एवम नवमी भोग प्रदान करने हेतु रतन उपाध्याय, उमेश जायसवाल, दीपक तिवारी, मनिंदर कुमार ,राजेश कुमार आनंद, सुनील शर्मा सहित विशेष सहयोग हेतु संजय गुप्ता, तजमुल अंसारी,रंजीत कुमार साव, शंभू शरण शर्मा आदि को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष मदन मोहन सिंह उपाध्यक्ष विमल कुमार ओम शंकर ठाकुर,सचिव मनीष मिश्रा सह सचिव राज कुमार शर्मा मनीष पाठक, कोषाध्यक्ष रंजीत जायसवाल, संजय मिश्रा, सुमित पाठक, सुशील मिश्रा, जयंत मिश्रा, आशीष जायसवाल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## एक नजर

### झामुमो की केंद्रीय और भाजपा की चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक आज

**रांची** : विधानसभा चुनाव को लेकर झामुमो की केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक 14 अक्टूबर को सुबह 11:30 बजे से सोहराय भवन में होगी। इसमें पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन भी शामिल होंगे। केंद्रीय समिति के लगभग 243 सदस्यों के अलावा सभी जिलों के जिलाध्यक्ष, जिला सचिव भी बैठक में शामिल होंगे। बैठक में चुनावी रणनीति पर मंथन किया जाएगा। भाजपा की दो अहम बैठक भी प्रदेश कार्यालय में होंगी। इसमें भी चुनावी रणनीति को अमलीजामा पहनाया जाएगा। पहली बैठक चुनाव प्रबंधन समिति की होगी और दूसरी बैठक सभी मोर्चा के पदाधिकारियों की होगी। इन दोनों बैठकों में असम के सीएम सह भाजपा झारखंड के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा भी शिरकत करेंगे।

### रांची में मोबाइल टावर में लगी आग मची अफरा-तफरी

**रांची** : राजधानी रांची के कोतवाली थाना क्षेत्र के अल्बर्ट एक्का चौक के पास स्थित राम कृष्ण अपार्टमेंट स्थित एक मोबाइल टावर में आग लग गई। इससे कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। समय पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया। अब तक की जांच में पता चला है कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी थी। अपार्टमेंट की छत पर लगे मोबाइल टावर में अचानक आग लगने के कारण आसपास के घरों पर चिंगारियां गिरने लगीं। वहां मौजूद लोगों ने भी अपार्टमेंट की बिजली काटकर आग बुझाना शुरू कर दिया। इसी बीच फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं और कुछ ही देर में आग बुझा दिया। अपार्टमेंट की छत पर लगे टावर में आग लगने के कारण टावर पूरी तरह से काम करना बंद कर दिया है। अपार्टमेंट के केयरटेकर ने मोबाइल नेटवर्क कंपनी को इसकी सूचना दे दी है। कोतवाली थाना प्रभारी रंजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। आग से सिर्फ मोबाइल टावर को नुकसान पहुंचा है।

### झामुमो की केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक आज, मुख्यमंत्री होंगे शामिल

**रांची** : झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक 14 अक्टूबर को सोहराय भवन में होगी। इसमें पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन भी शामिल होंगे। झामुमो के महासचिव विनोद कुमार पांडे ने रविवार को कहा कि केंद्रीय समिति के लगभग 243 सदस्यों के अलावा सभी जिलों के जिलाध्यक्ष, जिला सचिव भी बैठक में शामिल होंगे। बैठक में चुनावी रणनीति पर मंथन, वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर चर्चा, सदस्यता अभियान की समीक्षा, पार्टी के संगठनिक स्थिति पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

### जेएसएससी- सीजीएल परीक्षा को लेकर बापू वाटिका में छात्र अदालत आज

**रांची** : रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका में 14 अक्टूबर को छात्र अदालत लगेगा। छात्र नेता इमाम सफी ने कहा कि 14 अक्टूबर को झारखंड के सभी 24 जिला से लगभग एक लाख छात्र मोरहाबादी पहुंचेंगे। वहां छात्र अदालत लगेगा। वहां जेएसएससी- सीजीएल परीक्षा को रद्द करवाने की रणनीति तैयार की जाएगी। उन्होंने जेएसएससी सीजीएल और अन्य परीक्षार्थी से अपील की है की सोमवार को चट्टानी एकता का परिचय दें 26 और 30 सितंबर की तरह एकजूटता दिखाये।

# सिंदूर खेला के साथ विदा हुईं मां दुर्गा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : दुर्गोत्सव के 10 दिनों तक उत्साह और उल्लास में रमे रहने के बाद आखिरकार विदाई की बेला आ ही गयी। शनिवार को बांग्ला मंडपों में विविध अनुष्ठान हुए। महिलाओं ने सिंदूर खेला। साथ ही भक्तों ने मां तुमि आबार घुरे एशो ड्ड की कामना से मां दुर्गा को विदाई दी। श्रीश्री हरिसभा दुर्गा पूजा समिति, दुर्गा बाड़ी में दिन के नौ बजे पूजा शुरू हुई। मां को पुष्पांजलि अर्पित करने को भक्ति डोर से बंध बड़ी संख्या में श्रद्धालु खींचे चले आए। दिन के दस बजे तो भारी भीड़ एकत्रित हो गयी। सवा दस बजे पुष्पांजलि अर्पित की गयी। भक्तों के श्रीचरणों में पुष्प अर्पित कर मंगल कामनाएं की।

दिन के 11:35 बजे मंत्रागिक विसर्जन आदि अनुष्ठान हुए। पुरोहितों संग श्रद्धालु लाइन टैंक तालाब में कलश विसर्जन किया। फिर सिंदूर दान के साथ सिंदूर खेला का खूबसूरत नजारा देखने को मिला। महिलाओ ने एक दूसरे को सिंदूर लगाया। भक्ति में जमककर नाची-झूमी। राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने भी इसमें बढ़-चढ़ कर भागीदारी निभायी। मान्यता है कि नौ दिनों तक आराधना के बाद जब विजयादशमी के मौके पर मां विदा होती हैं तो अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद सिंदूर रूप में प्रदान करती है। इसी भाव से महिलाएं सिंदूर खेला कर पति की दीघार्यु की कामना मां से करती हैं। अगले बरस फिर आने का निवेदन करती हैं।

बंग समुदाय के लोगों ने एक-दूसरे को शुभो विजयादशमी कह कर एक-दूसरे को बधाई दी। दिन के ढाई बजे मां की प्रतिमा को वेदी से उतारा गया। आम श्रद्धालुओं ने मां का खोइंछा भर कर सिंदूर खेला। शाम चार बजे मां की प्रतिमा को श्रद्धालु कांधे उठा कर शोभायात्रा के रूप में ढोल-ढांकी आदि के साथ निकले। मेन रोड का भ्रमण कर लाइन टैंक तालाब पहुंचे। यहां पुनः नेम-निष्ठा से पूजन-आरती की गयी। शाम सवा पांच बजे प्रतिमा का विसर्जन हुआ। अन्य बांग्ला मंडपों में विराजमान मां की प्रतिमा का भी विसर्जन विभिन्न जलाशयों में किया गया।

**दुर्गोत्सव में इन्होंने दिया योगदान**

अध्यक्ष ज्योर्तिमय चौधरी, सचिव गोपाल भटाचार्य, सह सचिव सेतांक सेन, श्यामल राय, संदीप चौधरी, प्रदीप राय बाबू भाई, जयंत कर, देवनाथ गांगुली, दिपेंद्र नारायण घोष, अमित राय, मृणाल घोष, संजय राय सहित समिति के तमाम पदाधिकारी और सदस्यो ने इसके सफल आयोजन में बढ़-चढ़ कर भागीदारी निभायी।

## रोहित तिर्की के हत्यारों की पहचान कर अविलंब गिरफ्तार करे पुलिस : बाबूलाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को रांची के लालपुर थानांतर्गत लोहराकोचा बस्ती में स्व रोहित तिर्की के परिजन से उनके घर पर मुलाकात की। साथ ही शोक व्यक्त करते हुए सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन अविलंब हत्यारे को गिरफ्तार करे। साथ ही राज्य सरकार परिजनों की मांग के अनुरूप उचित मुआवजा दे।

मरांडी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि राज्य में अपराधी बेलगाम हैं। कहीं किसी की भी हत्या करने से नहीं डर रहे। उन्होंने कहा कि जवान बेटे को खोने का दर्द वही जानता है जिसके घर ऐसी घटना होती है। साथ ही कहा कि पुलिस घटना के तीन दिन बीत जाने पर भी अपराधी की पहचान नहीं कर पाई है जबकि सीसीटीवी से यह संभव है। इसलिए पुलिस को अविलंब हत्या के घटना स्थल के सीसीटीवी फुटेज को खंगालना चाहिए तथा मुस्तैदी के साथ खोज कर हत्यारे को बेनकाब करना चाहिए।

मरांडी ने कहा कि पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर अपराधी की पहचान कर सकती है। अपराधी को अविलंब पकड़े जाने से एक भय का वातावरण भी बनता है और घटना की पुनरावृति पर रोक लगती है। आजकल राजधानी रांची सहित पूरे प्रदेश में नशखोरी बढ़ी है, जिसमें बड़ी संख्या में नाबालिग बच्चे भी शिकार हो रहे। युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही। उन्होंने कहा कि ऐसे में पुलिस को शिक्षण संस्थानों, कोचिंग संस्थानों के आसपास सिविल ड्रेस में जांच बढ़ानी चाहिए। जरूरत पड़े तो सरकार इसके लिए स्पेशल टास्क फोर्स का भी गठन करे।

## राज्य में कल हो सकती है बारिश



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : राज्य में राजनीतिक सरगर्मी के साथ मौसम भी करवट ले रहा है। राज्य में मौसम में भी उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। मौसम केंद्र ने 15 अक्टूबर को राज्य के दक्षिणी और मध्य भाग में हल्के से मध्यम दर्जे के बारिश की संभावना जताई गई है। इसका असर रांची, गुमला, लोहरदगा, खूंटी, सिमडेगा, सरायकेला-खरसांवा, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम में देखने को मिलेगा। इसके साथ 16 से 18 अक्तूबर तक राज्य के पांच जिलों में बारिश की संभावना जताई गई है।

इसका असर सिमडेगा, सरायकेला-खरसांवा, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम में देखने को मिलेगा। पिछले 25 घंटे में सरायकेला-खरसांवा, गुमला के बिशुनपुर में बारिश हुई। राज्य के कई हिस्सों से दक्षिणी-पश्चिमी मॉनसून की विदाई हो चुकी है।

मौसम विभाग के अनुसार, राज्य में अगले पांच दिनों तक तापमान में बदलाव की संभावना नहीं है जबकि 14 अक्टूबर को मौसम शुष्क रहेगा। आसमान भी साफ रहेगा। पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक तापमान देवघर में रिकॉर्ड किया गया। न्यूनतम तापमान राजधानी रांची में दर्ज किया गया। दक्षिण-पश्चिम मॉनसून बिहार, झारखंड, पूरे पश्चिम बंगाल और सिक्किम के शेष हिस्सों से वापस चला गया है। छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश के कुछ हिस्से, ओडिशा के कई हिस्से और असम व मेघालय के कुछ हिस्से, उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी, दक्षिण-पश्चिम मॉनसून बिहार, झारखंड, पूरे पश्चिम बंगाल और सिक्किम के शेष हिस्सों से भी मॉनसून वापस चला गया है। छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश के कुछ और हिस्से, ओडिशा के कई हिस्से, असम और मेघालय के कुछ हिस्से, उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी से भी मॉनसून की वापसी हो चुकी है। वहीं, 14 अक्टूबर के आसपास दक्षिण बंगाल की खाड़ी के मध्य भागों में एक कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है।

## बिरसा कृषि विश्वविद्यालय परिसर के दुर्गोत्सव में 75 से 95 साल तक के 12 बुजुर्ग किए गए सम्मानित



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : बिरसा कृषि विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित होने वाले दुर्गा पूजा समारोह के रजत जयंती वर्ष पर पूजा समिति से जुड़े रहे 12 पुराने पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को मेमेंटो, श्रीफल एवं माता की चुनरी देकर सम्मानित किया गया।

सम्मानित होने वालों में प्रो एनसी दास (95), एसएन दास (90), डॉ एसएसपी वर्मा (89), डॉ डीके झा (85), डॉ बीएन प्रसाद (85), डॉ केडी सिंह (80), डॉ बीपी सिंह, डॉ केके प्रसाद, डॉ उमेश चौधरी, प्रकाश कुमार, अमिता मुखर्जी (धर्मपत्नी स्व एके चक्रवर्ती) तथा स्वास्थ्य विभाग के उप निदेशक डॉ देवाशीष चक्रवर्ती (सुपुत्र स्व नारायण चक्रवर्ती) शामिल थे। इस अवसर पर पूजा समिति के संस्थापक सदस्य जीतेन्द्र झा का भी श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। समिति ने इसी प्रकार आयोजन में पूर्व में सक्रिय भूमिका निभानवाले एक दर्जन बुजुर्ग कार्यकताओं को प्रतिवर्ष सम्मानित करने का निर्णय लिया है। आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ अरविन्द कुमार सिंह, उपाध्यक्ष प्रो डीके रूसिया, महासचिव डॉ राकेश कुमार सक्सेना तथा सचिव डॉ सुधीर कुमार सिंह ने समारोह के नियोजन एवं कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। संचालन धर्मेन्द्र रावल एवं अमरेन्द्र वर्मा ने किया।

अष्टमी के दिन शिवशक्ति जागरण मंच के राहुल कुमार एवं टीम द्वारा भव्य देवी जागरण का आयोजन किया गया जिसमें कुलपति डॉ एससी दुबे सहित विश्वविद्यालय कर्मियों एवं श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। नवमी के दिन विश्वविद्यालय परिसर की महिलाओं और बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिन्हें पुरस्कृत भी किया गया। सांस्कृतिक संध्या का समन्वयन पूनम सिंह, पारुल रावल, सुनीता उपाध्याय एवं प्रियंका सिंह ने किया। तीनों दिन खीर एवं खिचड़ी के प्रसाद भंडारा का भी आयोजन किया गया जिसमें हजारों लोगों ने भाग लिया।

## शस्त्र पूजन कर भक्तों ने हनुमान चालीसा का किया पाठ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर में विजयदशमी के मौके पर शनिवार को शस्त्र पूजन कर भक्तों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। विविध धार्मिक और सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और सदस्यों ने भी भागीदारी निभायी। आठ विद्वानों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अनुष्ठान संपन्न कराया। इसके बाद वहां मौजूद लोगों के बीच प्रसाद के साथ-साथ शस्त्र भी बांटे गये। मौके पर नृत्य-गीत का भी खास आयोजन किया गया।

बच्चों और महिलाओ ने मनमोहक प्रस्तुति दी। श्रीराम भजन प्रस्तुत कर नन्हें-मुन्नों ने जहां मन मोहा, वहीं मातृशक्ति ने शौर्य कौशल्य की अद्भुत प्रस्तुति दी। विश्व शांति के भाव से सामुहिक हनुमान चालीसा पाठ भी किया। मुकेश काबरा ने बताया कि अब से हरेक वर्ष विजयादशमी के दिन खास आयोजन किया जायेगा।

शस्त्र पूजन कार्यक्रम में किशन साबू, जुगल किशोर मारू, सीपी सिंह, वासुदेव भल्ला, शिव शंकर साबू, नरेंद्र लखोटिया,राजकुमार मारू, पवन मंत्री, अंकुर डागा, श्याम बियानी, विनय महेश्वरी, हेमंत महेश्वरी, बसंत लखोटिया, अशोक साबू ,चंद्रकांत रायपात, बसंत मित्तल, महावीर प्रसाद सोमानी, भारती चितलांगिया, सुरेशचंद्र अग्रवाल, संजय सर्राफ, गौरव काबरा, कैलाश केसरी, मनोज कल्याणी, दिलीप साबू, अरविंद सोमानी, श्यामसुंदर शर्मा, मनोज चौधरी, रमन वोडा, श्याम पालीवाल, मुकेश काबरा, अशोक मंगल, ओम बोड़ा, विष्णु सेन, अनिल जालान, मनोज काबरा, श्रीराम शर्मा, सौरभ साबू, रमाशंकर बगड़िया, नीरज भट्ट, विजय खोवाल, धीरज बंका, महावीर मंत्री, रमेश चंद्र शर्मा, चंद्रप्रकाश बागला आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

## दलादली चौक दुर्गा पूजा समिति द्वारा किया गया महाभंडारे का आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : रातु क्षेत्र के रिंग रोड सिमलिया दलादली चौक स्थित मां भगवती व महावीर मंदिर प्रांगण में दलादली चौक दुर्गा पूजा समिति द्वारा इस बार माता का भव्य और आकर्षक पूजा पंडाल का निर्माण कराया गया है। इस बार मां के भक्तों में काफी उत्साह देखा गया। माता रानी के दर्शन के लिए लोगों की भीड़ उमड पड़ी। इस अवसर पर राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने माता के दर्शन कर अपने परिवार, क्षेत्र और राष्ट्र के लिए सुख, समृद्धि, अमन चैन और शांति की कामना के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि यह त्यौहार असत्य पर सत्य की जीत, और अंधकार पर प्रकाश की विजय के लिए मनाया जाता है। इसलिए हमारी ऐसी शुभकामना है की मानव मन से दुर्गुण हमेशा के लिए नष्ट हो जाए और यह संसार दैवी संसार में बदल जाए क्योंकि देवियां की जब विजय होती है, असुरों का नाश होता है, तब संसार में सुख और शांति छा जाती है। वैसी सुख शांति वाली दुनिया हीं सतयुग वाली दुनिया है। जिसकी याद में हम दिवाली मनाते हैं। वह सतयुग वाली दुनिया लाने के लिए ही हम लोग यह संदेश जन-जन तक दे रहे हैं।

वहीं पूजा पंडाल में पूजा, भव्य आरती, पूजन, हवन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन के साथ महाभंडारे की आयोजन की गई। इस दौरान दुर्गाषष्ठी को गुड से बनी बुंदिया, महासप्तमी को चनाबादाम के साथ हल्लुवा, महाअष्टमी को खीर वितरण, और महानवमी को खिचड़ीभोग के साथ झसाथ साहेबगंज की मशहूर लड्डू वितरण किया गया। जिससे श्रद्धालुओं में काफी उत्साह और उमंग देखा गया। श्रद्धालु माता का दर्शन के उपरांत माता का प्रसाद पाने के लिए लंबी कतार में लगकर प्रसाद पाते दिखे । प्रसाद अवश्य पाएं इसको लेकर पूजा समिति द्वारा वोलेंटियर की व्यवस्था की गई है।पूजा मे किसी भी तरह की असामाजिक तत्वों की ओर से विघ्न ना पड़े, इसको लेकर सुरक्षा दल सक्रिय रूप से मुस्तैद दिखे। महिलाएं एवम बच्चे की भी संख्या काफी दिखी। पूजा उत्सव बड़े हीं धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर दलादली चौक दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष जनार्दन ओझा, सचिव अभिषेक मिश्रा, उप सचिव वीरेंद्र सिंह, धर्मेंद्र उपाध्याय, कोषाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा, सहकोषाध्यक्ष पप्पू कुमार, उपाध्यक्ष रामाशीष शर्मा, रितेश सिंह, संरक्षक बबन सिंह,मृत्युंजय शर्मा, मीडिया प्रभारी सुनील कुमार सिंह, ओझा जी, बिनोद गुप्ता, टुन्ना ओझा, सदस्य अमरजीत सिंह, शंकर पाल, नवीन कुमार, राजू सिन्हा ,रमन सिन्हा, विभूति नाथ झा, गौतम राय, विनय कुमार, रंजीत राय, निरंजन भगत, अमरदीप कुमार, विवेक मिश्रा के साथ अन्य माता के भक्तों का सहयोग सराहनीय रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### अधिवक्ता के पिता की चाकू मारकर हत्या

**रांची** : चान्हो थाना क्षेत्र के मसमानो गांव में सिविल कोर्ट के अधिवक्ता के पिता की हत्या की चाकू मारकर हत्या का मामला रविवार को प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के अनुसार रांची सिविल कोर्ट के अधिवक्ता सुशांत सिंह के पिता अशोक सिंह की चाकू से मारकर हत्या कर दी गयी। पुलिस ने शनिवार को रिम्स में शव का पोस्टमार्टम करवाया। इसके बाद गांव लेकर पहुंचे और शनिवार देर शाम पुलिस की निगरानी में अंतिम संस्कार किया गया। बताया जाता है कि अशोक सिंह की हत्या जमीन विवाद में हुई है। इस मामले में पुलिस ने छह से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है और सभी से पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि अशोक सिंह (62) शुक्रवार को घर से 50 मीटर की दूरी पर अपनी भैंस को बांध रहे थे। इसी दौरान कई लोग आये और अशोक सिंह की चाकू मारकर हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद सभी फरार हो गये । जैसे ही घटना की जानकारी अन्य लोगों को मिली, वहां भीड़ जुटने लगी। पुलिस भी सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा। शव को पोस्टमार्टम के बाद शनिवार देर शाम गांव लाया गया और पुलिस की निगरानी में अंतिम संस्कार किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि जमीन विवाद में हत्या हुई है। छह लोगों को मामले में पकड़ा गया है पूछताछ की जा रही है।

### हेयर स्टाइल को लेकर सुर्खियों में महेंद्र सिंह धोनी



**रांची** : टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी एक बार फिर अपने हेयर स्टाइल को लेकर सुर्खियों में है। धोनी का नया लुक सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। देश के जाने-माने हेयर स्टाइलिस्ट आलिम हकीम ने अपने इंस्टा और एक्स हैंडल पर धोनी की तीन फोटोज शनिवार को शेयर की है। फोटो में एमएसडी छोटे बाल में नजर आ रहे हैं। एक साइड उनके बाल छोटे-छोटे हैं जबकि दूसरे साइड के बाल हल्के बड़े हैं। हेयर स्टाइलिस्ट ने फोटो के साथ कैप्शन में लिखा कि महेंद्र सिंह धोनी। हमारे एकमात्र थाला। आईपीएल से पहले माही का नया लुक देख फैंस चौंक गये। हालांकि, फैंस को माही का नया लुक पसंद आ रहा है। आलिम हकीम देश के जाने-माने हेयर स्टाइलिस्ट हैं। आलिम के पास बॉलीवुड स्टार से लेकर क्रिकेटर तक अपना हेयर कट करवाते हैं। महेंद्र सिंह धोनी भी अपने हेयरस्टाइल को लेकर हमेशा सर्खियों में रहते हैं। आईपीएल के हर सीजन से पहले वह अपना लुक बदलते हैं। पिछले सीजन में माही लंबे बालों में नजर आये थे। वहीं, आईपीएल 2025 में माही छोटे बालों में दिखेंगे। पहले तस्वीर में माही का साइड लुक फोटो है और वो नीचे देख रहे हैं। दूसरी तस्वीर में माही ने साइड लुक किया है लेकिन सामने देख रहे हैं। तीसरी तस्वीर की बात करें तो इसमें माही के साथ आलिम हकीम भी नजर आ रहे हैं। वह क्रिकेटर के हेयर कट कर रहे हैं।

### मेला घूमने के दौरान मारपीट में घायल युवक की मौत, लोगों ने सड़क पर लगाया जाम



**रांची** : दुर्गा पूजा में मेला घूमने के दौरान हुई मारपीट में घायल युवक की शनिवार देर रात मौत हो गयी। मृतक की शिनाख्त रोहित तिर्की के रूप में हुई है। वह मूल रूप से लालपुर थाना क्षेत्र के लोहराकोचा का रहने वाला था। रोहित की मौत के बाद आक्रोशित लोगों ने रविवार को लालपुर चौक पर जाम लगा दिया। लोग आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। सड़क जाम की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया। इस दौरान लगभग आधे घंटे तक सड़क पर जाम लगा रहा। लालपुर चौक पर जाम लगने की वजह से वाहनों की लंबी कतार लग गयी थी। लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी हुई। बताया जा रहा है कि रोहित अपने साथियों के साथ दो दिन पहले मेला घूमने के लिए निकला था। इसी दौरान रातू रोड चौक के आसपास कुछ युवकों से उसकी मारपीट हुई थी। इस घटना में रोहित गंभीर रूप से घायल हो गया था। इसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां शनिवार की देर रात उसकी मौत हो गयी। थाना प्रभारी रुपेश कुमार ने बताया कि कोतवाली थाना क्षेत्र में मारपीट में घायल हुए युवक की अस्पताल में मौत होने के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम किया था। उन्हें समझा बुझाकर हटा दिया गया है।

### पापाकुंशा एकादशी के अवसर पर श्याम मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़



**रांची**: श्री श्याम मित्र मण्डल द्वारा संचालित हरमू रोड़ के श्री श्याम मंदिर आश्विन माह की पापाकुंशा एकादशी के अवसर पर भक्ति के महासगर में डूबा हुआ था। प्रात: 5 बजे मंदिर के पट खुलते ही बड़ी संख्या में भक्तों ने श्रीश्याम दरबार के दर्शन कर प्रात:कालीन श्रृंगार का दर्शन कर प्रात: 8.30 श्रृंगार आरती में भाग लिया। श्रीश्याम मित्र मण्डल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि खाटूधाम के श्रीश्याम मंदिर की परम्परा के अनुसार एकादशी का सायंकालीन विशेष श्रृंगार किया गया।डच लाल गुलाब,डच गुलाबी गुलाब, पीला गेंदा, मुरगन, तुलसीदल आदि बेंगलोर - कोलकाता से मंगाए गए फूलों की मोटी- मोटी फूलमालाओं से खाटूनरेश का दिव्य विशेष श्रृंगार किया गया। मंदिर में विराजमान सभी देवी-देवताओं व गुरुजनों का भी विशेष श्रृंगार मण्डल के मंत्री श्यामसुंदर शर्मा के नेतृत्व में मंदिर के आचार्यों ने किया। इसके पहले खाटूनरेश को नवीन पोशाक (बागा) पहनाया गया। सायंकाल गर्भगृह को खोला गया तो बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तजनो ने खाटूनरेश के दिव्य रूप का दर्शन कर अपनी -अपनी मनोकामना प्रस्तुत की पुरा मंदिर परिसर खाटूनरेश की जयकारो से गूंज रहा था। पापाकुंशा चांदनी एकादशी का समारोह कि 9.30 बजे मण्डल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ। सुभाष पौदार व सुशीला पौदार ने खाटूनरेश की अखण्ड ज्योति प्रज्ज्वलित करके एकादशी समारोह की शुरूआत की उन्होंने केशरिया पेड़ा, रबड़ी,दूध, पंचमेवा, नारियल, विभिन्न फलों - केला, संतरा, अमरुद, सेव मगही पान का भोग अर्पित कर बाबा के दरबार दरबार में धोक लगायी। मण्डल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने पूजन अनुष्ठान सम्पन्न करवाया। रौनक - श्रति पौदार ने श्रृंगार, नवीन पोशाक सेवा निवेदित की। आन्या, अविका व रिशांक पौदार ने मगही पान सेवा, अन्नपूर्णा सरावगी ने रबड़ी प्रसाद, पंचमेवा भोग सेवा,1. अभिषेक आशीष सरावगी 2. रेशम कच्छप,फल प्रसाद सेवा रामगढ़ निवासी दीपक अग्रवाल व एक श्याम भक्त परिवार ने गिरीगोला सेवा एक भक्त व मुकेश मित्तल एवं केशरिया पेड़ा सेवा -रंधीर सुप्रीय जायसवाल ने निवेदित की । किशोरगंज निवासी मुकेश वरनवाल ने भी मगही पान -प्रसाद सेवा निवेदित की।

# स्वामी विवेकानंद की प्रेरणा को आगे बढ़ायेंगे नोएल टाटा



आर.के. सिन्हा

**रतन टाटा ने अपने सामाजिक दायित्वों को हमेशा समझा। इसीलिए टाटा समूह हर साल बहुत बड़ी रकम खर्च करता है। टाटा समूह सिर्फ एक कॉर्पोरेशन नहीं है, बल्कि एक ऐसा संगठन है जिसके डीएनए में 'समाज सेवा' है। जमशेदजी टाटा की दूरदृष्टि से स्थापित इस समूह ने शुरू से ही समाज सेवा को अपने कार्यों का अभिन्न अंग बनाया है।**

रतन टाटा के निधन के एक दिन बाद ही उनके सौतेले छोटे भाई नोएल टाटा को टाटा ट्रस्ट का नया चेयरपर्सन नियुक्त किया गया है। टाटा ट्रस्ट के माध्यम से ही टाटा समूह परोपकारी कामों को करता है। पूरे देश की आशा है कि 76 वर्षीय नोएल टाटा अपने अग्रज के नक्शे कदमों पर चलते रहेंगे। वे नवल टाटा, जो रतन के पिता भी थे, और सिमोन टाटा के पुत्र हैं। वे टाटा ट्रस्ट सहित कई टाटा कंपनियों के बोर्ड में हैं। वह अब वे टाटा समूह के धर्मार्थ और लोक कल्याणकारी कार्यों का नेतृत्व करेंगे। वह टाटा इंटरनेशनल लिमिटेड, वोल्टास और टाटा इन्वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन के चेयरमैन और टाटा स्टील और टाइटन कंपनी लिमिटेड के उपाध्यक्ष हैं। उनकी छवि रतन की तरह ही धीर-गंभीर है। वह कोई बहुत खबरों में रहना पसंद नहीं करते। वह एक कर्मयोगी की तरह काम में लगे रहना पसंद करते हैं। रतन टाटा भी तो सुर्खियों से दूर ही रहना पसंद करते थे और एक शर्मीले अकेले व्यक्ति की सार्वजनिक छवि पेश करते थे।

रतन की तरह नोएल को भी अपने पिता नवल टाटा से बिजनेस की बारीकियों को जानने का मौका मिला। नवल टाटा भारतीय हॉकी संघ के अध्यक्ष भी रहे। नवल टाटा ने अपने एक निकट संबंधी सुनी टाटा से शादी की, लेकिन जब रतन और उनके छोटे भाई, जिमी, अभी भी बहुत छोटे थे, तब वे अलग हो गए। नोएल की मां सिमोन हैं। वह रतन टाटा की अंत्येष्टि में मौजूद थीं। उन्होंने सौंदर्य प्रसाधन की कंपनी लैक्मे को स्थापित किया था। सिमोन टाटा मूल रूप से स्विट्जरलैंड से हैं। वह 1953 में जब भारत आईं तो यहां उनकी मुलाकात नवल एच. टाटा से हुई। उसके बाद दोनों शादी की। उन्होंने रतन टाटा और नोएल का पालन-पोषण किया।

बहरहाल, नोएल टाटा के ऊपर एक बड़ी जिम्मेदारी है कि वह रतन टाटा की विरासत को आगे लेकर जाएं। रतन टाटा ने टाटा ग्रुप को दुनिया के बड़े कोरपोरेट हाउस में तब्दील कर दिया था। रतन टाटा अपने ग्रुप के 1991 से 2012 तक अध्यक्ष रहे। इस दौरान टाटा ग्रुप के मुनाफे में 50 गुना वृद्धि हुई, जिसमें अधिकांश राजस्व विदेशों में जगुआर और लैंड रोवर वाहनों और टेटली चाय जैसे पहचाने जाने वाले टाटा उत्पादों की बिक्री से आया। रतन टाटा के नेतृत्व में उनके समूह का भारत में प्रभाव पहले से कहीं अधिक ही हुआ। दरअसल रतन टाटा उन मूल्यों को प्रतिबिंबित करते थे जिनमें व्यावसायिकता, उद्यमशीलता और सभी हितधारकों के हितों को आगे बढ़ाने को लेकर एक प्रतिबद्धता का मिला




जुला भाव होता है। उनके नेतृत्व में, टाटा ग्रुप ने कई चुनौतियों का सामना किया और लाभदायक विकास पर अधिक ध्यान देने के साथ हर बार मजबूत बनकर उभरी। बेशक, वह भारत के कॉरपोरेट जगत के सबसे सफल और सम्मानित नाम रहे।

रतन टाटा ने वक्त रहते ही टाटा ग्रुप में अपने संभावित उत्तराधिकारियों को तैयार कर शुरू दिया था। यह तो सबको पता है कि हरेक व्यक्ति के सक्रिय करियर की आखिरकार एक उम्र है। उसके बाद तो उसे अपने पद को छोड़ना ही है, खुशी-खुशी छोड़े या मजबूरी में छोड़ना पड़े कइसलिए बेहतर होगा कि किसी कंपनी का प्रमोटर, चेयरमेन या किसी संस्थान का जिम्मेदार पद पर आसीन शख्स अपना एक या एक से अधिक उत्तराधिकारी तैयार कर ले। बेहतर उत्तराधिकारी मिलने से किसी कंपनी या संस्थान की ग्रोथ प्रभावित नहीं होती। सत्ता का हस्तांतरण बिना किसी संकट या व्यवधान के हो जाता है। आप कंपनी को मेंटोर के रूप में शिखर या कहें कि चेयरमेन के पद से हटने के बाद भी सलाह तो दे ही सकते हैं।

एक बात समझनी होगी कि किसी कंपनी या उद्योग समूह की सफलता का माप केवल उसके वित्तीय प्रदर्शन से नहीं होता है। कंपनी का चरित्र, नैतिकता और सामाजिक उत्तरदायित्व भी उसकी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कंपनी के प्रबंधन को ग्राहकों, कर्मचारियों, या समाज के साथ ईमानदारी बरतनी चाहिए। रतन टाटा की सरपरस्ती में टाटा समूह ने निर्णय लेने की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया। रतन टाटा के लिए अपने ग्राहकों को संतुष्ट करना पहली प्राथमिकता रही। उनके चलते उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता और ग्राहक सेवा में उच्च मानक रखे गए। वह अपने ग्राहकों के साथ मजबूत और स्थायी संबंध बनाने में यकीन करते थे। वह ग्राहकों को सुनते और उनकी जरूरतों को समझते थे।

रतन टाटा ने अपने सामाजिक दायित्वों को हमेशा समझा। इसीलिए टाटा समूह हर साल बहुत बड़ी रकम खर्च करता है। टाटा समूह सिर्फ एक कॉर्पोरेशन नहीं है, बल्कि एक ऐसा संगठन है जिसके डीएनए में 'समाज सेवा' है। जमशेदजी टाटा की दूरदृष्टि से स्थापित इस समूह ने शुरू से ही समाज सेवा को अपने कार्यों का अभिन्न अंग बनाया है। यह अपने धर्मार्थ कार्यों के माध्यम से भारत में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सकारात्मक प्रभाव डालता है, जो देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

जमशेदजी को यह प्रेरणा स्वामी विवेकानंद जी से ही प्राप्त हुई थी। शिकागो के सर्व धर्म सम्मेलन में जाने के पूर्व जब वे दक्षिण भारत का भ्रमण कर रहे थे तो उन्हें यह बात खली कि दक्षिण भारत में विज्ञान की उच्चतर शिक्षा प्रदान करने वाला कोई संस्थान नहीं है तब उन्होंने विचार किया कि इस काम में टाटा स्टील के संस्थापक जमशेदजी नसरवानजी टाटा उपयुक्त व्यक्ति होंगें और उन्होंने शिकागो जाने के पूर्व उन्हें एक पत्र लिखा जो 'माई डियर जेआरडी' के नाम से प्रसिद्ध है। स्वामीजी ने टाटा को लिखा कि 'आप बिहार के जमशेदपुर से अच्छा पैसा कमा रहे हो। मेरी शुभकामना है कि और ज्यादा धन अर्जित करो और ज्यादा लोगों को रोजगार दो। लेकिन, विज्ञान की उच्चतर शिक्षा से वंचित दक्षिण भारत की भी थोड़ी चिंता करो और दक्षिण भारत में कहीं भी विज्ञान की ऊँची पढाई और रिसर्च का कोई बढ़िया संस्थान स्थापित करो। मैं जानता हूँ कि तुम यह कर सकते हो और विश्वास ही कि तुम ऐसा ही करोगे।' स्वामी विवेकानंद जी की इस प्रेरक चिट्ठी पढ़ने के बाद जमशेदजी इतने प्रेरित हुए कि उन्होंने बैंगलुरु में तत्काल ही एक विज्ञान का बढिया संस्थान शुरू कर दिया जो आज 'इण्डियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस' के नाम से विश्व विख्यात हैं और जो प्रतिभाशाली बच्चे वैज्ञानिक बनाना चाहते है, या रिसर्च या अध्यापन कार्य में अपना करियर बनाना चाहते हैं वे किसी भी आईआईटी में जाने से ज्यादा आईआईएस में जाना ज्यादा पसंद करते हैं।

अब नोएल टाटा को टाटा समूह के धर्मार्थ कार्यों पर फोकस देना होगा। उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक विकास, आपदा राहत और कला-संस्कृति जैसे क्षेत्रों में काम करना होगा। टाटा समूह समाज सेवा में एक दीर्घकालीन प्रतिबद्धता रखता है। वह कई दशकों से इन कार्यों में लगातार जुड़ा हुआ है और यह प्रतिबद्धता आगे भी जारी रहनी चाहिए। सारे देश को पता है कि टाटा समूह समाज सेवा के माध्यम से सतत विकास में विश्वास रखता है। इसके कार्य न सिर्फ वर्तमान पीढ़ी के लिए फायदेमंद हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी उपयोगी साबित होंगे।

टाटा समूह के धर्मार्थ कार्य देश के विकास में एक महत्वपूर्ण योगदान हैं। अब देश को नोएल टाटा से यह आशा है कि वह अपने समाज सेवा से जुड़े कार्यों को जारी रखेगा।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)

## संपादकीय

### भरोसा बनाए रखें

"पश्चिम बंगाल के आरजी कर अस्पताल के करीब पचास चिकित्सकों ने इस्तीफा दे दिया है। ट्रेनी महिला डॉक्टर के रेप-हत्या की घटना के बाद न्याय की मांग को लेकर आमरण अनशन पर बैठे चिकित्सकों के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए उन्होंने यह कदम उठाया। इसके बाद राज्य के अन्य चिकित्सा महाविद्यालयों के कुछ वरिष्ठ चिकित्सकों ने भी कहा कि वे एकजुटता दिखाने के लिए इस्तीफा दे सकते हैं। राज्य संचालित अस्पतालों के चिकित्सकों के एक संगठन का कहना है कि अगर सरकार विरोध प्रदर्शन कर रहे कनिष्ठ चिकित्सकों की उचित मांगों पर अपने पैर खींचती रही तो वह सरकारी चिकित्सकों से इस्तीफा देने के लिए राज्यव्यापी आह्वान के लिए मजबूर होगा। अस्पताल से दस डॉक्टरों को वित्तीय अनियमितता, यौन उत्पीड़न और धमकी की संस्कृति को बढ़ावा देने के आरोपों में निष्कासित किए जाने के बाद से डॉक्टरों में गुस्सा बढ़ा है। इस मामले में मुख्य दोषी संजय राय के अलावा सीबीआई द्वारा पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष को गिरफ्तार किया जा चुका है। रेप व मर्डर का मामला सामने आने के बाद इस अस्पताल में लगातार विभिन्न खुलासे हो रहे हैं जिनसे स्पष्ट हो रहा है कि यहां अराजकता, लापरवाही और आर्थिक हेराफेरी चरम पर थी। डॉक्टरों का आक्रोश नाजायज नहीं कहा जा सकता। मगर इन अनियमितताओं में शामिल किसी भी शख्स को इसलिए छूट नहीं दी जा सकती कि वह पेशे से चिकित्सक है। इस्तीफा देने को उतावले नाराज डॉक्टरों को इस हकीकत को स्वीकारना चाहिए। उनकी सुरक्षा सर्वोपरि है परंतु गंभीर मरीजों और नियमित जांच के लिए आने वाले बीमारों की दिक्कतों की उन्हें अनदेखी नहीं करनी चाहिए। सीबीआई, ईडी और अदालत आदि अपना-अपना काम मुस्तैदी से कर रहे हैं। चिकित्सकों को इन पर विश्वास करते हुए अपना प्रतिरोध सहजतापूर्वक करते रहना चाहिए। राज्य इस वक्त दुर्गा-पूजा के उत्सव में मग्न है। बावजूद इसके इस वीभत्स घटना के प्रति उपजी निराशा और क्षोभ कम नहीं हो पाया है। सरकार को सुधारात्मक कदम उठाने में देरी नहीं करनी चाहिए। न ही चिकित्सकों को सामूहिक तौर पर ऐसे कदम उठाने चाहिए जिनसे जनता की उनके प्रति आस्था और सहानुभूति कम हो जाए। वे याद रखें कि इस घटना के बाद से समूचा देश पूरी तरह डॉक्टरों के पक्ष में है।

## चिंतन-मनन

### श्रद्धा के मुताबिक पूजा

हरेक व्यक्ति में चाहे वह जैसा भी हो, एक विशेष प्रकार की श्रद्धा पाई जाती है। लेकिन उसके द्वारा अर्जित स्वभाव के अनुसार उनकी श्रद्धा उत्तम (सतोगुणी), राजस (रजोगुणी) अथवा तामसी कहलाती है। अपनी श्रद्धा के अनुसार ही वह कतिपय लोगों से संगति करता है। अब वास्तविक तथ्य तो यह है कि जैसा कि गीता के 15 वें अध्याय में कहा गया है कि प्रत्येक जीव परमेर का अंश है। अतएव वह मूलतः इन समस्त गुणों से परे होता है।

लेकिन जब वह भगवान के साथ अपने सम्बन्ध को भूल जाता है और बद्ध जीवन में भौतिक प्रकृति के संसर्ग में आता है तो वह विभिन्न प्रकार की प्रकृति के साथ संगति करके अपना स्थान बनाता है। इस प्रकार से प्राप्त कृत्रिम श्रद्धा तथा अस्तित्व मात्र भौतिक होते हैं। भले ही कोई किसी धारणा या देहात्मबोध द्वारा प्रेरित हो लेकिन मूलतः वह निगरुण या दिव्य होता है। अतएव भगवान के साथ अपना सम्बन्ध फिर से प्राप्त करने के लिए उसे भौतिक कल्मष से शुद्ध होना पड़ता है। यही एकमात्र मार्ग है, निर्भय होकर कृष्णभावनामृत में लौटने का।

श्रद्धा मूलतः सतोगुण से उत्पन्न होती है। मनुष्य की श्रद्धा किसी देवता, किसी कृत्रिम ईश्वर या मनोधर्म में हो सकती है लेकिन प्रबल श्रद्धा सात्त्विक कार्यो से उत्पन्न होती है। किंतु भौतिक बद्धजीवन में कोई भी कार्य शुद्ध नहीं होता। वे मिश्रित होते हैं। वे शुद्ध सात्त्विक नहीं होते। शुद्ध सत्त्व दिव्य होता है। इसमें रहकर मनुष्य भगवान के स्वभाव को समझ सकता है। जब तक श्रद्धा पूर्णतया सात्त्विक नहीं होती, वह प्रकृति के किसी भी गुण से दूषित हो सकती है। ये दूषित गुण हृदय तक फैल जाते हैं।

अतः किसी विशेष गुण के सम्पर्क में रहकर हृदय जिस स्थिति में होता है, उसी के अनुसार श्रद्धा होती है। यदि किसी का हृदय सतोगुण में स्थित है तो उसकी श्रद्धा भी सतोगुणी है। यदि हृदय रजोगुण में स्थित है तो उसकी श्रद्धा रजोगुणी और तमोगुण में स्थित है तो उसकी श्रद्धा तमोगुणी होती है। पूजा इसीके आधार पर होती है।

# अब लहू-लुहान होता महाराष्ट्र



राकेश अचल



महाराष्ट्र विधानसभा चुनावन की घोषणा से पहले ही महाराष्ट्र लहू--लुहान होने लगा है। मुंबई में एनसीपी [ अजित पवार गट ] के नेता बाबा सिद्दीकी की सरे आम गोली मरकर हत्या कर दी गयी, हालाँकि हत्यारों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया, लेकिन इस वारदात से पूरी मुंबई सदमे में है, क्योंकि दशहरे पर हुई इस वारदात को सूबे के लिए शुभलक्षण नहीं माना जा रहा।

मैंने कल ही सियासत में ठण्ड रखने की बात कही थी, लेकिन मेरी बात नक्कारखाने में तूती की आवाज से ज्यादा हैसियत नहीं रखती। जनता तो मोदी और मल्लिकार्जुन की आवाजों को सुनकर हलकान है। मोदी कांग्रेस को अर्बन नक्सलियों द्वारा संचालित बता रहे हैं और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भाजपा को आतंकवादी पार्टी कह दिया है।। जनता किसकी बातो पर यकीन करे और किसकी बात पर नहीं ? मोदी जी सरकार हैं और खड़गे साहब विपक्ष। या तो दोनों अपनी - अपनी लक्ष्मण रेखाएं लांघकर बोल रहे हैं या फिर दोनों की बातों में दम है। जो भी तो परेशान जनता है।

हरियाणा और जम्मू-काश्मीर के बाद विधानसभा चुनावों के जरिये अपने आपको प्रमाणित करने का अगला मुकाम महाराष्ट्र ही है। महाराष्ट्र हर मामले में दूसरे सूबों से अलग है। इस सूबे में देश की आर्थिक राजधानी है, फिल्मी दुनिया है और ये शहर आतंकवाद के हमलों का भी शिकार रह चुका है। यहां नबंवर 2024 में विधानसभा चुनाव होने है। सत्तारूढ़ दल शिवसेना [ एकनाथ शिंदे जुट] और भाजपा के गठबंधन सरकार की दशा इस समय बहुत अच्छी नहीं है, लेकिन ये गठबंधन दोबारा सत्ता में बनने रहने के लिए कुछ भी कर गुजरने के लिए कमर कसककर बैठा हुआ है।

सत्तारूढ़ गठबंधन के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या राजनीतिक कारणों से की गयी या किसी और वजह से इसका पता फौरन नहीं लगाया जा सकता। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मौके से गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। हत्या का राज देर-सवेर खुलेगा ही, लेकिन समझा जाता है कि इसके पीछे कोई न कोई साजिश, कोई न कोई सियासत जरूर होगी, क्योंकि बाबा सिद्दीकी तीन बार के विधायक और मुंबईमें अल्पसंख्यकों के स्थापित नेता ही नहीं थे बल्कि फिल्मी दुनिया में टूटी कड़ियाँ जोड़ने वाले नायक भी थे। वे अनेक खानों कि दोस्त भी थे।

सवाल ये है कि सियासत को अर्बन नक्सली और आतंकवादी क्यों बनाया जा रहा है ? शुरूआत मोदी जी ने की कांग्रेस को अर्बन नकसली कहकर। जबाब में खड़गे साहब ने भाजपा को आतंकवादी कह दिया। ये कड़वाहट की इंतिहा है। यदि कांग्रेस सचमुच अर्बन नक्सली पार्टी है तो सरकार दस साल से हाथ पर हाथ रखकर बैठी क्यों है। सरकार को कांग्रेस को फौरन प्रतिबंधित कर देना चाहिए था। और यदि मोदी जी जल्दबाजी में कांग्रेस के बारे में गलत बात कह गए थे तो उन्हें समय रहते इसे दुरुस्त कर लेना चाहिए था। उन्होंने और उनकी पार्टी ने कांग्रेस को पहली बार अर्बन नक्सलीय नहीं कहा है। ऐसा पहले भी अनेकों बार देखा जा चुका है। लेकिन भाजपा को आतंकवादी पार्टी पहली बार कहा गया है।

भाजपाके ऊपर अभी तक साम्प्रदायिक, हिंदूवादी, सनातनी, अल्पसंख्यक विरोधी पार्टी होने के आरोप तो लगे हैं किन्तु आतंकवादी होने का आरोप पहली बार लगा है। हालाँकि भाजपा की मातृ संस्था आरएसएस को कांग्रेस के तमाम नेता आतंकवादी संगठन अवश्य कह चुके हैं।। मुमकिन है कि दोनों दलों की और से एक -दूसरे पर लगाए जा रहे आरोपों में कोई दम भी हो और ये भी हो सकता है कि दोनों दल अपनी-अपनी खीज मिटाने के लिए ऐसे गंभीर आरोप लगा रहे हैं। सवाल ये है कि जनता किस दल को क्या माने? एक तरफ सांपनाथ हैअन तो दूसरी तरफ नागनाथ। जनता की तो फजीहत है। जनता के मुद्दे तो इस स्थि लतियाव में बहुत पीछे होते जा रहे हैं।

पूर्व विधायक और एनसीपिनेता बाबा सिद्दीकी की हत्या ने इस बात की आशंका और बढ़ा दी है कि महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव इस बार शन्तिपूर्वक होंगे भी या नहीं? 288 सीटों वाली महाराष्ट्र विधानसभा के लिए 15 वीं बार चुनाव अगले महीने होना है। मौजूदा भाजपा शिवसेना गठबंधन ने गठबंधन में कुल 161 सीटें जीतकर विधानसभा में आवश्यक 145 सीटों के बहुमत को पार कर लिया। व्यक्तिगत रूप से बीजेपी ने 105 और सेना ने 56 सीटें जीतीं। 106 सीटों के साथ विपक्षी कांग्रेस-एनसीपी गठबंधन बहुमत के आंकड़े तक नहीं पहुंचा। व्यक्तिगत रूप से कांग्रेस ने 44 और एनसीपी ने 54 सीटें जीतीं। सत्ता के बंटवारे की व्यवस्था में मतभेदों के कारण, 2019 में महाराष्ट्र में राजनीतिक संकट पैदा हो गया और शिवसेना ने भाजपा के नए मुख्यमंत्री का समर्थन करने से इनकार कर दिया। विधानसभा में बीजेपी ने बहुमत साबित नहीं किया. शिवसेना और भाजपा गठबंधन से अलग हो गए।

आपको याद ही होगा कि बाद में शिवसेना ने कांग्रेस-एनसीपी के साथ चुनाव के बाद गठबंधन किया और इस प्रकार 172 का बहुमत हासिल किया। नए गठबंधन का नाम महा विकास अघाड़ी रखा गया। शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने महाराष्ट्र के 19वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। भाजपा महाराष्ट्र में प्रमुख विपक्षी दल बन गई लेकिन ये सरकार भी बहुत जल्द संकट में आ गयी 21 जून 2022 को, शिवसेना के एक वरिष्ठ नेता, एकनाथ शिंदे, महा विकास अघाड़ी के कई अन्य विधायकों के साथ सूरत चले गए और गठबंधन को संकट में डाल दिया। उनकी मांग थी की सेना अघाड़ी गठबंधन को तोड़ कर बीजेपी के साथ सरकार बनाए जो आलाकमान को कतई मंजूर नहीं था तो शिंदे अघाड़ी गठबंधन से बगावत करते हुए अपने विधायकों को लेकर सूरत से गुवाहाटी पहुँच गए। खबर आती रही की शिंदे, फडणवीस जैसे बीजेपी के नेताओं के संपर्क मे रहे। 29 जून तक शिंदे समेत अघाड़ी गठबंधन के 51 विधायकों ने उद्धव सरकार के खिलाफ बगावत कर दी, जिसमे शिवसेना के 39 और 12 निर्दलीय विधायक थे। फलस्वरूप उद्धव ठाकरे को इस्तीफा देना पड़ा। 30 जून को बीजेपी ने एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री और देवेन्द्र फडणवीस को उपमुख्यमंत्री बनाते हुए नई सरकार बनाई।

महारष्ट्र की जनता अपने जनादेश के साथ हो रहे खिलवाड़ से अजीज आ चुकी है। मुझे लगता है कि लहू-लुहान महाराष्ट्र की जनता इस बार अपने अतीत के फैसलों से सबक लेकर जिसे भी चुनेगी, स्पष्ट बहुमत के साथ चुनेगी। और कांग्रेस तथा भाजपा से एक स्थिर सरकार की गारंटी मांगेगी। यदि इस बार भी महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में खूनी खेल खेलने की कोशिश की गयी तो ये प्रमाणित हो जाएगा कि हमारे जिम्मेदार राजनितिक दल अर्बन नकसल हैं या आतंकवादी?

# आर्थिकी: बंदरगाहों से घटेगी निर्यात लागत



जयंतीलाल भंडारी

इस समय पश्चिम एशिया संकट के कारण देश से घटते हुए निर्यात, बढ़ते विदेश व्यापार घाटे, लाल सागर में बढ़ते संकट और कंटेनरों की किल्लत की चिंताओं के बीच देश से वस्तुओं के निर्यात की लागत घटाने के लिए हाल में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने अहम फैसले लिए हैं। इनके तहत शिपिंग कॉरपोरेशन बड़े कंटेनर जहाज चलाएगी। बंदरगाह शुल्क में कटौती की जाएगी तथा निर्यात खेपों को जल्दी भेजने के लिए प्रक्रिया में तेजी के उपाय शामिल हैं। विगत 16 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीओ चिदंबरनार बंदरगाह पर नये तूतीकोरिन अंतरराष्ट्रीय कंटेनर टर्मिनल का उद्घाटन करते हुए अपने संदेश में कहा कि यह टर्मिनल भारत के मरीन इंखस्ट्रक्चर का नया सितारा है। नये टर्मिनल से वीओ चिदंबरनार पोर्ट की क्षमता में भी विस्तार होगा॥। उल्लेखनीय है कि इस समय देश के वैश्विक व्यापार को बढ़ाने और निर्यात के ऊंचे लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए बंदरगाहों के आधुनिकीकरण के साथ उन्हें समुद्री व्यापार के लिए प्रतिस्पर्धी बनाने की रणनीति के साथ तेजी से आगे बढ़ा जा रहा है। विगत 30 अगस्त को प्रधानमंत्री मोदी ने महाराष्ट्र के पालघर जिले में 76,000 करोड़ की लागत वाली वधावन बंदरगाह परियोजना की आधारशिला रखी। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि वधावन देश का सबसे बड़ा कंटेनर बंदरगाह होगा। यह बंदरगाह भारत की समुद्री कनेक्टिविटी को बढ़ाएगा और वैश्विक व्यापार केंद्र के रूप में भारत की स्थिति को और मजबूत करेगा। गौरतलब है कि भारत की 7517 किमी. लंबी समुद्री तटरेखा है, जो 9 राज्यों और 4 केंद्रशासित प्रदेशों को समाहित करती है। देश के विशाल समुद्र तटों पर 13 प्रमुख बड़े और 212 छोटे बंदरगाह हैं। बड़े बंदरगाहों में पूर्वी तट पर हल्दिया, पारादीप, विशाखापट्टनम, कामराज, चेन्नई, तूतीकोरीन और पोर्ट ब्लेयर हैं। पश्चिमी तट पर कोचीन, न्यू मैंगलोर, मोरमुगांव, जवाहरलाल नेहरू, कांड़ला और मुंबई बंदरगाह हैं। भारतीय बंदरगाह अपनी समृद्ध ऐतिहासिक विरासत और वैश्विक व्यापार के लिए शताब्दियों से महत्त्वपूर्ण बने हुए हैं। भारत का मात्रा के हिसाब से 95 फीसद और मूल्य के हिसाब से 70 फीसद व्यापार बंदरगाहों के माध्यम से होता है। निस्सदिह अंतरराष्ट्रीय व्यापार के प्रवेश द्वार होने के कारण भारतीय बंदरगाहों ने समुद्री (तटीय) राज्यों को देश में औद्योगिक विकास के मद्देनजर पसंदीदा स्थल बना दिया है। परिवहन संबंधी न्यूनतम बाधाओं के साथ-साथ लॉजिस्टिक लागत में कमी बंदरगाहों के निकटवर्ती क्षेत्रों में औद्योगिक विकास को बढ़ाने वाला प्रमुख कारण है। निश्चित रूप से पिछले दशक में भारत अपने बंदरगाहों को समुद्री व्यापार की धुरी बनाने के लिए लगातार रणनीतिक रूप से आगे बढ़ रहा है। निजी बंदरगाहों को प्रोत्साहन दिया गया है। भारत कार्गो और जहाजों को संभालने में अपनी दक्षता में सुधार करने के उद्देश्य से अपने बंदरगाहों का तेजी से आधुनिकीकरण कर रहा है।

वैश्विक समुद्री भारत शिखर सम्मेलन (जीएमआईएस) के दौरान तय किए गए व्यापक रोडमैप के साथ समुद्री अमृतकाल विजन 2047 भारत के समुद्री क्षेत्र को नई ऊंचाई देने के लिए तैयार है। हम उम्मीद करें कि हाल ही में वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने बंदरगाहों से निर्यात बढ़ाने के लिए जो महत्त्वपूर्ण फैसले लिए हैं, उनके कारगर क्रियान्वयन पर शुरू से ही ध्यान दिया जाएगा। हम यह भी उम्मीद करें कि वधावन देश के सबसे बड़े कंटेनर बंदरगाह के रूप में भारत के समुद्री व्यापार की नई धुरी बनेगा। हम उम्मीद करें कि पीएम गतिशक्ति योजना, नई लॉजिस्टिक नीति और मैरीटाइम इंडिया विजन 2030 का सफल क्रियान्वयन रफ्तार से बढ़ती भारत की अर्थव्यवस्था को 2027 में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और 2047 तक देश को विकसित देश बनाने में अहम भूमिका निभाएगा।

## एक नजर

### टेलर की चपेट में आने से 56 वार्षीय महिला की हुई मौत

**बोकारो** : सिटी थाना क्षेत्र के एन एच 32 के उकरीद मोड साइकिल सवार 56 वार्षिय रजनीकांत यादव टेलर की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई मृतक के बेटे अंकित कुमार ने बताया कि पापा गाय दुहने का काम करते थे रोज की तरह आज दूध लेकर सुधा डेयरी गए हुए थे । अचानक हमें सूचना मिली पापा का एक्सीडेंट हो गया है वहीं सिटी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए ट्रेलर सहित चालक को गिरफ्तार कर लिया है स्थानीय लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर एन एच किया जाम मृतक बारी कोऑपरेटिव खटाल में रहकर अपने पांच बच्चों के साथ जीवन यापन करते थे स्थानीय लोगों ने मुआवजा की मांग को लेकर एनएच 32 किया जाम।

### दुर्गा वनदेवी मंदिर में कुंवारी पूजा कर कन्याओं को कराया भोजन

**जमशेदपुर** : गुवा–मनोहरपुर मार्ग स्थित मां दुर्गा वनदेवी मंदिर में नवरात्रि पर नौ कन्याओं की पूजा की गई। इन कुंवारी कन्याओं की पूजा ने की। उन्हें मां दुर्गा का नौ रूप मानकर पूजा की गई। पूजन के बाद कुंवारी कन्याओं को भोजन कराया गया। उसके बाद महाभोग प्रसाद का वितरण किया गया। इसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मंदिर आकर भोग ग्रहण किया। मंदिर कमेटी की ओर से भजन कीर्तन का आयोजन भी किया गया। इस दौरान वन देवी मां दुर्गा मंदिर के पुजारी गौतम पाठक ने कहा कि ऐसा मान्यता है कि इस मंदिर में पूजा कर मां दुर्गा से जो भी मन्नते मांगी जाती है वह पूरी हो जाती है। इस दौरान मंदिर कमेटी के सदस्यों में साधु चरण सिद्धू, गंगा सिद्धू, संदीप गुप्ता, भोला नाथ साहू, नवी दत्त महापात्रो, रेणु सिंह, झरनी दास, शंकर राउत, लाल बहादुर, डॉक्टर बिप्लब दास, बुलन राय चौधरी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### विजयादशमी पर कांड्रा में चम्पाई ने जलाया 71 फीट का रावण

**जमशेदपुर** : विजयादशमी के मौके पर हर वर्ष की भांति शनिवार की देर शाम कांड्रा एसकेजी मैदान में रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में रावण दहन करने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा नेता चंपाई सोरेन पहुंचे थे। मौके पर चंपई सोरेन ने कहा कि अत्याचारी रावण को जलाकर असत्य पर सत्य की जीत हुई थी। विजया दशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। प्रतिवर्ष हम रावण को जलाते हैं, ठीक उसी प्रकार समाज में अत्याचार और दुराचार फैलाने वाले लोगों को रावण की तरह जला देना है। चंपाई ने कहा कि अच्छाई का यह प्रतीक हमें संदेश देता है कि समाज में मिलजुल कर रहना है। आपसी भाईचारे को बढ़ाना है। चंपाई ने कहा कि कांड्रा रावण दहन कमेटी अच्छाई के प्रतीक को समाज में फैला रहा है जो काबिले तारीफ है। चंपाई सोरेन ने कहा कि असत्य के मार्ग पर चलने वालों को समाज कभी अपना नहीं सकता। रावण दहन के मौके पर कांड्रा एसकेजी मैदान में भव्य आतिशबाजी का कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसे देखने दूर–दराज क्षेत्र से हजारों की संख्या में लोग पहुंचे थे। घंटों रावण दहन को देखने मैदान में जमे रहे। लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम में मुखिया पियो हांसदा, राम हांसदा, पिंकी मंडल, बबलू सोरेन आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# नम आंखों से भक्तों ने दी मां दुर्गा को विदाई



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जमशेदपुर :** विजया दशमी के मौके पर विशाल जुलूस निकालकर मां दुर्गा को विदाई दी गई। इस मौके पर भक्तों की गहरी आस्था देखने को मिली। प्रवीण सेवा संस्थान के विसर्जन जुलूस में आकर्षक झांकी घोड़े के रथ के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। आदित्यपुर कॉलोनी निवासी एवं प्रवीण सेवा संस्थान के सदस्यों ने पंडाल से मां दुर्गा की प्रतिमा को जय प्रकाश उद्यान के घाट पर विसर्जित कराया। ढोल नगाड़ों के बीच जुलूस निकाला गया। प्रतिमा विसर्जन में स्थानीय महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जुलूस का नेतृत्व पूर्व विधायक सह प्रवीण सेवा संस्थान के मुख्य संरक्षक अरविंद सिंह उर्फ मलखान सिंह कर रहे थे। आदित्यपुर कॉलोनी से होकर विसर्जन जुलूस जय प्रकाश उद्यान खरकई नदी तट पहुंचा। यहां पूजा-अर्चना और आरती के बाद नम आंखों से सभी भक्तों ने मां दुर्गा को विसर्जित कर विदाई दी। बता दें कि प्रवीण सेवा संस्थान के तत्वावधान में आयोजित दुर्गा पूजा में 11 दिनों में जमशेदपुर और इसके आस-पास क्षेत्र समेत पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल एवं ओडिशा से लाखों भक्त दर्शन करने पहुंचे थे। 2 अक्टूबर की शाम पंडाल के पट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए थे। भक्तिमय माहौल में शांतिपूर्ण तरीके से दुर्गा पूजा संपन्न होने पर पूर्व विधायक अरविंद सिंह ने नगरवासियों और प्रशासन के प्रति आभार जताया है।

## बंगाली महिलाओं ने सिंदूर खेलने के साथ मां दुर्गा को दी विदाई



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** शारदीय नवरात्र पर दुर्गा पूजा उत्सव का शनिवार को समापन हो गया। जहां शहर के रिफ्यूजी कॉलोनी स्थित नेताजी सुभाष दुर्गा पूजा समिति में बंगाली समाज के साथ देवी मां में श्रद्धा रखने वाली महिलाओं ने पूजा पंडालों में रविवार के दोपहर 2 बजे एकत्रित होकर मां दुर्गा को सिंदूर अर्पित किया। इसके बाद एक दूसरे को सिंदूर लगाकर सदा सुहागिन रहने की मां दुर्गा से कामना की। मान्यता है कि मां दुर्गा नवरात्र में पृथ्वी पर अपने मायके आती हैं और 10 वें दिन ससुराल विदा हो जाती हैं। इसे यादगार बनाने के लिए ही सिंदूर खेला की परंपरा है। इसी परंपरा के अनुसार रविवार को महिलाओं ने पहले मां दुर्गा को सिंदूर लगाया इसके बाद एक-दूसरे को सिंदूर लगाया। इस दौरान महिलाओं ने इन पलों को मोबाइल में कैद कर लिया। वही मां दुर्गा की पूजा के लिए शहर में जगह जगह बनाए गए पंडालों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन जुलूस भव्य गाजे बाजे के साथ निकाली गई जहां मां दुर्गा की विदाई के समय महिलाओं की आंखे नम थी। सिंदूर उत्सव के बाद शोभायात्रा निकाली गई, जोकि विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी। उधर विसर्जन जुलूस को लेकर जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद देखी गई।

## कट्टा व 9 जिंदा गोली के साथ दो युवक हुए गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** बीते शुक्रवार की देर रात 11 बजे पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह को गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति बिना नंबर प्लेट के सफेद रंग के अपाची बाईक से जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत साक्षरता चौक के आसपास किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने के फिराक में हथियार लेकर चानन मदनशाही में घूम रहा है। जहां उक्त सूचना के आधार पर सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी किशोर तिर्की के नेतृत्व में जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी व अन्य पुलिस जवानों को साथ लेकर छापामारी टीम गठित कर 2 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया तथा इनके पास से छापेमारी टीम ने 1.8 एमएम का 9 जिंदा गोली, एक देशी कट्टा, एक मोबाइल फोन एवं सफेद काला रंग का अपाची मोटरसाइकिल बरामद किया गया। उधर गिरफ्तार किए गए दोनों ही आरोपियों की पहचान रंजीत कुमार माली उम्र 21 वर्ष पिता शंकर प्रसाद माली साकिन खाप खुखर काली मंदिर थाना वर्धमान राज्य पश्चिम बंगाल जो वर्तमान समय में जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के सकरोगढ़ जयप्रकाश नगर में रहता है और दूसरा आरोपी आनंद मंडल उम्र 34 वर्ष पिता प्रदीप मंडल साकिन बड़ा जिरवाबाड़ी निवासी के रूप में हुई है। उधर इस बात की जानकारी शनिवार की शाम 4 बजे सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की ने जिरवाबाड़ी थाना परिसर में प्रेस कांफ्रेंस करते हुए दी। इस छापेमारी टीम में सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की, जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी पंकज कुमार दुबे, एसआई लव कुमार, एएसआई संजय कुमार, आरक्षी श्रीपति किस्कू, महेंद्र यादव, राजेश कुमार यादव, महिला आरक्षी बसंती कुमारी एवं चालक मनोज कुमार शामिल थे।

# ओरमांझी सदमा में दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** ओरमांझी प्रखण्ड के सदमा पंचायत के होचई फूटबॉल मैदान में दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था दो पंचायत चन्दरा एवं सदमा पंचायत के आठ टीमों के बीच खेला गया। फाइल मैच रउता जारा वर्सेज साती ग्राम के बीच खेला गया। जिसमें साती की फूटबॉल टीम 1-0 से विजयी रही। जिसमें आठों टीम के खिलाड़ीयों को जर्सी एवं नगद राशि प्रदान कर फूटबॉल खेल के प्रति खेलाडियों के हौसला अफजाई की गई। मुख्य अतिथि के रूप में आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव सह खिजरी विधान सभा पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने अपने संबोधन में कहा कि खेलेंगे युवा तो बढ़ेंगे युवा, फूटबॉल खेल से युवाओं को मांसिक एवं शारिरिक मजबूती प्रदान होती है! खेल के माध्यम से सफल खिलाड़ीयों को रोजगार भी मिलता है,मौके पर केन्द्रिय सचिव जितेंद्र सिंह,चन्दरा पंचायत प्रभारी सुखराम उरांव, सदमा पंचायत प्रभारी प्रकाश महतो, अशोक पाण्डेय, अनुज स्वांसी, राजू महली, सोमरा करमाली, कुन्दन उरांव, महतो, राहुल उरांव, मुण्डा, मुण्डा, अमीत मुण्डा आदि सैकड़ों दर्शक उपस्थित थे।

## एसबीआई मेन ब्रांच की तीसरी मंजिल पर लगी आग, कागजात व अन्य सामान जले

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** शहर के चौक बाजार स्थित एसबीआई मेन ब्रांच के तीसरे तल्ले में शनिवार की शाम 6 बजे अचानक आग लग गई। जहां एसबीआई बैंक की तीसरी मंजिल पर लगी आग से पूरे इलाके में अफरातफरी मच गई। उधर देखते ही देखते आग की लपटें बाहर आने लगीं। जहां पूरा इलाका धुआं धुआं हो गया। वही स्थानीय लोगों ने अग्निशमन विभाग को घटना की सूचना दी जिसके बाद करीब 45 मिनट बाद फायर ब्रिगेड की टीम दमकल वाहन के साथ पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। उधर घटना की जानकारी मिलने के बाद नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता भी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। उधर बैंक के निचले तल्ले पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने बारी बारी से हथियार व अन्य सामान को वहां से हटाकर दूसरी जगह शिफ्ट किया जहां करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद अग्निशमन विभाग की टीम ने आग पर काबू पा लिया। उधर अचानक लगी आग से महत्वपूर्ण कागजात व अन्य सामान जल गए हैं। वहीं इस आगजनी की घटना में कितने का नुकसान हुआ है, इसकी जानकारी अभी तक नहीं मिल पाई है। बताया जा रहा है कि जिस कमरे में आग लगी, उसमें लोन डिपार्टमेंट से जुड़े कागजात रखे हुए थे। उसी में फील्ड ऑफिसर का कार्यालय भी है। उधर मौके पर मौजूद भगवती तंबाखू वाला, विकास गुप्ता, गोपाल चोखानी, सौरभ कुमार आदि ने बताया कि उनलोगों ने पहले अपने स्तर से ही आग बुझाने के प्रयास किया।

# बन्ना गुप्ता ने किया 28 करोड़ की कई योजनाओं का शुभारंभ



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जमशेदपुर :** स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता ने रविवार को पथ निर्माण विभाग के अंतर्गत 28 करोड़ की कई योजनाओं का शुभारंभ किया। इस मौके पर मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि विकास का कार्य न रुका था ना रुकेगा। वह व्यक्तिगत रूप से अपने विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक मोहल्ले एवं सोसायटी का निरीक्षण करते हुए लोगों से मिलते भी हैं और ऑन स्पॉट समस्या को सुनकर समाधान करने का प्रयास करते हैं। मंत्री बन्ना गुप्ता ने 26.5 करोड़ रुपये की मानगो केदार बागान में संकोसाई रोड नंबर पांच से गुडरूबासा डिमना बस्ती, हयात बस्ती रोड बालीगुमा बागान क्षेत्र से जेवी महतो होम रोड, संकोसाई रोड नंबर पांच पुल के पास से केदार बागान रोड, यशु भवन से अलीबाग कॉलोनी रोड, मानगो-पारडीह रोड नंबर दो से रोड नंबर सात मदीना मस्जिद रोड तक, मानगो डिमना रोड से राजेंद्रनगर रोड, मानगो पारडीह रोड से एकरा बस्ती हलधर महतो कॉलोनी, मानगो मेन रोड से गुरुद्वारा रोड वजरिया मजार लाइन रोड, पोस्ट ऑफिस रोड लूथी टावर से ग्रीन फील्ड कॉलोनी, पोस्ट ऑफिस रोड से वास्तु विहार होते हुए वैकुंठ नगर, मानगो बाजार टैंक रोड से पायल टॉकीज उलीडीह रोड, एनएच-33 मंगल कॉलोनी से एनएच-33 शांति विहार, बालिगुमा एनएच-33 से न्यू ग्रीन सिटी होते हुए खड़िया बस्ती गंगा विहार में कालीकृत सड़क निर्माण का शुभारंभ किया। वहीं मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजनान्तगर्त पूर्वी सिंहभूम जिला के मानगो डिमना आदर्श नगर से गोकुलनगर के बीच जगन्नाथ महतो के घर के पास नाला पर पुल, नगर विकास विभाग अंतर्गत 22 लाख रुपये से कदमा शास्त्रीनगर ब्लॉक नंबर तीन एवं कदमा रामजन्म नगर में छठ घाट निर्माण, नगर विकास विभाग अंतर्गत 1.26 करोड़ रुपये से जॉगर्स पार्क नियर शहीद निर्मल सेवा सदन शास्त्रीनगर ब्लॉक नंबर तीन का सौंदर्यीकरण होर्टिकल्चर लैंड स्केपिंग के साथ चारदीवारी मजबूतीकरण कार्य सहित विभिन्न योजनाओं के कार्य का शुभारंभ किया। इस दौरान प्रभात ठाकुर, बबुआ झा, सुभाष बोस, रूपेश कुमार, अमित प्रसाद, सोंटी रजक, चिराग सिंह, जितेंद्र सिंह, राजकुमार दास, राजेश रजक, राजू दास, अभिषेक मोहंती, अशोक सिंह, नीतीश पोद्दार, मुकेश गुप्ता, नीतीश मित्तल, राकेश दास, सुरेंद्र गुप्ता, अखिलेश सिंह, जीतू, दुर्गा सिंह, पप्पू सिंह उज्जैन, जयंत, सुबोध पाल, सोनू उपाध्याय, उत्तम मंडल, माजिद अख्तर, छोटू सहित तमाम लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### दुर्गा पूजा पर शहर में निकलने वाले विसर्जन जुलूस रूट का एसपी ने लिया जायजा



**साहिबगंज:** शारदीय नवरात्र के अवसर पर दुर्गा पूजा का समापन शनिवार को हो गया जहां रविवार के दोपहर से विभिन्न पूजा समितियों के द्वारा निकाले जाने वाले विसर्जन जुलूस रूट का पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने शहर के एलसी रोड, बादशाह चौक, रेलवे स्टेशन चौक, ग्रीन होटल मोड़, कुलीपाड़ा, बड़तल्ला सहित अन्य इलाकों का भ्रमण करते हुए सभी जगहों का जायजा लेते हुए कई दिशा निर्देश पुलिस पदाधिकारियों को दिए। उधर उन्होंने बताया कि विसर्जन जुलूस को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए पूरे शहर में 400 से अधिक पुलिस जवानों को तैनात किया गया है। साथ ही साथ मजिस्ट्रेट व अन्य दंडाधिकारियों की भी जगह जगह तैनाती की गई है। वही शहर के प्रमुख रास्तों पर बैरेकेडिंग किया गया है ताकि विसर्जन जुलूस के दौरान किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी न हो सकें। उधर विसर्जन जुलूस को लेकर पूरे शहर में भारी संख्या में पुलिस जवानों को तैनात किया गया है जहां सीसीटीवी कैमरे व ड्रोन कैमरे से भी हरपल की नजर रखी जा रही है।

### बाइक से गिरकर दंपती हुए गंभीर रूप से घायल



**साहिबगंज:** बोरियो थाना क्षेत्र अंतर्गत बोरियो बाजार निवासी मदन सेन के 40 वर्षीय पुत्र उत्तम सेन एवं उसकी पत्नी पुतुल सेन बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए जहां परिजनों ने उन्हें आनन फानन में बेहतर इलाज हेतु साहिबगंज सदर अस्पताल लेकर आए जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. तबरेज आलम ने प्राथमिक उपचार कर दोनों दंपती की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मालदा रेफर कर दिया है। वहीं परिजनों ने बताया कि उत्तम सेन वनांचल ग्रामीण बैंक महादेवगंज में कार्यरत है जहां शनिवार की शाम उत्तम सेन एवं उसकी पत्नी पुतुल सेन मेला देखने के लिए अपने घर बोरियो गए हुए थे जहां घर आने के क्रम में संतुलन बिगड़ने से दोनों पति पत्नी गिर गए। उधर इस सड़क दुर्घटना में उत्तम सेन के सिर पर गंभीर चोट लगी है। वही उत्तम सेन की पत्नी को भी गंभीर चोट आई है जहां डॉक्टर ने दोनों को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया है। उधर सदर अस्पताल की लचर व्यवस्था देख परिजन में आक्रोश देखा गया जबकि घायल को रेफर करने के बाद 2 घंटा तक परिजन को ना ही 108 एंबुलेंस मिला और ना ही हॉस्पिटल का एंबुलेंस मिला। उधर डीएस डॉ. मोहन मुर्मू एवं सहयोगी डॉ. मुकेश कुमार के सहयोग से एंबुलेंस व्यवस्था कर बेहतर इलाज के लिए मालदा रेफर किया गया।

### महाराजपुर मीना बाजार में विजयादशमी के मौके पर रावण दहन का हुआ आयोजन



**साहिबगंज:** जिला अंतर्गत तालझारी बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देने वाले विजयादशमी पर्व शनिवार को प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। जहां विजयादशमी के मौके पर जिले के तालझारी प्रखंड क्षेत्र के महाराजपुर में रावण पुतला दहन का आयोजन किया गया। जहां महाराजपुर मीना बाजार में बुराई के प्रतीक रावण का राम ने वध कर दिया। इस दौरान आकर्षक लाइटों से जगमगाता हुआ मैदान, जहां लोग रावण दहन देखने के लिए उमड़े.और अपने अपने मोबाइलों में सेल्फी कैद की। वहीं रावण दहन का शुभारंभ तालझारी सीओ राम सुमन प्रसाद व थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज ने फिता काटकर व रॉकेट जलाकर किया। उधर रावण का पुतला जलता देखकर लोगों ने भगवान श्रीराम के जयकारे लगाए। इस मौके पर समिति के सदस्य मौजूद थे।

### विधायक मद से चार योजनाओं की रखी गई आधारशिला



**अनगड़ा:** खिजरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न पंचायतों पर विधायक मद से चार योजनाओं की आधार शिला रखी गई शिलान्यास खिजरी के लोकप्रिय विधायक राजेश कच्छप के आदेश पर प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी अनगड़ा ने तमाम योजानाओं की शिलान्यास किया ।
विशेष रूप से इन योजनाओं की आधारशिला रखी गई
सर्वप्रथम ग्राम जामुवारी में काला रोड से विनोद राम के घर तक पी.सी.सी. पथ ग्राम महेशपुर बगानटोली में पी.सी.सी. पथ ग्राम ओबर फूल टांड में फुटबॉल मैदान का समतलीकरण कार्य ग्राम नगड़ाबेड़ा में भुवनेश्वर बेदिया के बारी के पास पी.सी. सी. पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। वक्ताओं ने कहा कि कहा, इन सभी विकास कार्यों का उद्देश्य ग्राम के निवासियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना और उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाना है. इन कार्यों से ग्राम के विभिन्न हिस्सों में बुनियादी ढांचे में सुधार होगा और नागरिकों को कई प्रकार की सुविधाएं मिलेगी. मैं उम्मीद करता हूं कि सभी कार्य समय पर और गुणवत्ता के साथ पूरे होंगे । मौके पर उपस्थित प्रमुख दीपा उरांव विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुण्डा प्रखण्ड प्रभारी एतवा उरांव महिला अध्यक्ष सरीता देवी विधायक प्रतिनिधि शिक्षा विभाग शाकीर अंसारी मत्स्य पालन विभाग सचिन नायक अजा अध्यक्ष संजय नायक जिला महासचिव शिवदास गोस्वामी कांग्रेस नेत्री अनीता मुण्डा, उमा देवी, सुनिता देवी मुखिया राजेन्द्र बेदिया सहित यूनूस अंसारी, छोटेलाल महतो, रब्बानी राज, सोहन मुण्डा, विजय मुण्डा , चंचल मुण्डा , रोहित नायक शनिचरवा बेदिया, प्रेम उरांव , दुतीलाल करमाली , बिपता बेदिया, सुखदेव लोहरा, मनरत्न लोहरा, मुन्ना मुण्डा इत्यादी उपस्थित थें ।

# गांधी मैदान में सीएम नीतीश कुमार ने किया रावण का वध, मैथिली लुक में नजर आया रावण

**पटना ।** प्रसिद्ध गांधी मैदान में विजयादशमी के अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तीर चलाकर रावण का वध किया। इस बार का आयोजन खास रहा, क्योंकि रावण की लंका को जलाने से पहले हनुमान की शानदार एंट्री क्रेन के माध्यम से की गई। इसके बाद हनुमान ने प्रतीकात्मक रूप से लंका को जलाया, जिससे पूरे कार्यक्रम में लोगों का उत्साह और बढ़ गया। वहीं, लंका दहन करने के दौरान एक अप्रत्याशित घटना हो गई। दरअसल, सीएम नीतीश कुमार जैसे ही तीर चलाने के लिए धनुष उठाया तो उनका तीर और धनुष दोनों हाथ से छूटकर नीचे गिर गया। गौरतलब है कि इस वर्ष गांधी मैदान में बिहार का सबसे ऊंचा 80 फीट का रावण का पुतला बनाया गया था, जो खास तौर पर मैथिली लुक में नजर आया। रावण के इस अनोखे रूप ने दर्शकों को आकर्षित किया और मिथिला की सांस्कृतिक धरोहर को भी उजागर किया।



अन्य स्थानों पर भी हुआ रावण दहन बिहार के अन्य जिलों में भी विजयादशमी के मौके पर रावण दहन का आयोजन किया गया। गया में 60 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

इसी प्रकार, मधेपुरा और बक्सर में भी रावण दहन के आयोजन में लोगों ने बड़ी उत्सुकता दिखाई। इन सभी स्थानों पर रावण के पुतले जलाए गए और राम-रावण के प्रतीकात्मक युद्ध को प्रस्तुत किया गया, जो बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। संस्कृति और उत्साह का संगम पटना के गांधी मैदान में आयोजित यह रावण दहन कार्यक्रम बिहार में हर साल की तरह विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के रावण वध के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इसके बाद लोग बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश लेकर घर लौटे।

आज दशहरा है और यह पर्व हर वर्ष शारदीय नवरात्रि के समापन के साथ दशमी तिथि को विजयादशमी के रूप में मनाया जाता है। यह त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना जाता है। हिंदू



पंचांग के अनुसार, हर वर्ष आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को इस पर्व को बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस तिथि पर भगवान श्रीराम ने लंकापति रावण का वध करते हुए विजय हासिल की थी, जिस कारण से इसे विजयादशमी भी कहा जाता है। दशहरे पर पटना समेत पूरे देशभर में कई जगहों पर रावण का दहन किया जाता है। 18 हाइटेक एंबुलेंस की व्यवस्था रही इस बार बिहार का सबसे बड़ा रावण का पुतला पटना के गांधी मैदान में लाया गया है। 80 फीट लंबे रावण का पुतला बनाया गया है। आज शाम पांच बजे सीएम नीतीश कुमार ने रावण वध किया। इसको लेकर खास तैयारी की गई थी। किसी तरह की कोई गड़बड़ी न हो, इसके लिए जिला प्रशासन ने सारी तैयारी पहले ही पूरी कर ली थी। चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया।

मीडिया के लिए गांधी मैदान में प्रवेश गेट नं. 13 से और आम जनता का प्रवेश गेट नं. 4,5,6,7,8,9,10 एवं 12 से हुआ। निकलते समय गांधी मैदान के सभी गेट खुले रहे। 18 हाइटेक एंबुलेंस की व्यवस्था रही। आस-पास के सभी प्राइवेट और सरकारी अस्पताल को अलर्ट मोड पर रखा गया। रावण को खासकर मैथिली लुक दिया गया है गांधी मैदान में रावण दहन के दौरान हनुमान जी की इंट्री हवा में हुई। रावण को खासकर मैथिली लुक दिया गया था। रावण के पुतले की ऊंचाई 80 फीट, मेघनाद की 75 फीट और कुंभकरण की ऊंचाई 70 फीट थी। रावण, मेघनाद, कुंभकरण का दहन इको फ्रेंडली पटाखों से हुआ। बारिश रोधी पुतले बनाए गए थे। पुतला इस बार भी देश के टॉप 10 पुतलों में शामिल है। पटना के गांधी मैदान के आसपास 128 कैमरे लगाए गए।

## पूर्णिया में रावण दहन के लिए रॉकेट जला रहे थे सांसद पप्पू यादव, अचानक हुआ ऐसा; बाल-बाल बच गए



**पूर्णिया ।** सांसद पप्पू यादव के साथ बड़े हादसे का शिकार होने से बच गए। रावण दहन के दौरान यह घटना हुई। अब इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सांसद पप्पू यादव रावण दहन के लिए एक रॉकेट में आग लगा रहे थे। उनके ऐसा करते ही रॉकेट में से तेज चिंगारियां निकलकर उनके दायीं आंख के पास आकर लगी। इ पप्पू यादव मामूली रूप से घायल हो गया। घटना पूर्णिया के मरंगा वार्ड नंबर 8 में हुई है। रावण दहन के लिए एक रॉकेट जला रहे थे दरअसल, विजय दशमी पर रावण दहन कार्यक्रम में सांसद पप्पू यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुआ था। इसी दौरान सांसद पप्पू यादव रावण दहन के लिए एक रॉकेट में आग लगा रहे थे। जैसे ही उन्होंने रॉकेट में आग लगाई। वैसे ही उसमें से चिंगारी निकलकर उनके चेहरे की ओर आकर लगी। यह चिंगारी काफी तेज थी। वह रॉकेट में से तेजी से निकलती हुई सीधे पप्पू यादव के चेहरे की ओर आकर लगी।

दायीं आंख में जलन काफी ज्यादा है इस दौरान उन्होंने खुद को बचाते हुए चेहरा नीचे की ओर झुका लिया। आप वीडियो में देख सकते हैं कि कैसे उन्होंने खुद को बचाया। डॉक्टरों के अनुसार, रॉकेट की चिंगारी सांसद के आंख के पास आकर लगी। गनीमत थी कि उनकी आंख बच गई। पटाखा के बारूद और आग के कारण दायीं आंख में जलन काफी ज्यादा है।

## भीषण हादसे में चार की मौत, मेला देखकर लौट रहे थे छह युवक

### दो बाइक के बीच आमने सामने की हुई टक्कर

**नालंदा ।** जिले के सरमेरा थाना क्षेत्र में हुई एक भीषण सड़क दुर्घटना में चार युवकों की मौत हो गई। वही दो युवकों की हालत गंभीर है। इनका इलाज चल रहा है। यह हादसा शनिवार मध्य रात्रि को बिहटा सरमेरा एसएच 78 पर बढ़िया गांव के पास हुआ। बताया जाता है कि छह युवक दो मोटरसाइकिल पर सवार होकर मेला देखने गए थे। वापस लौटते समय दोनों मोटरसाइकिलें आमने-सामने टकरा गईं। हादसा इतना भीषण था कि चार युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। दो बाइक के बीच हुई थी टक्कर घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। इधर, सूचना



मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। पुलिस ने चारों युवकों की लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल में भर्ती करवाया। पुलिस के अनुसार, दो बाइक के बीच टक्कर हुई थी। इसमें चार युवक की मौत हो गई। प्राथमिक जांच में ऐसा प्रतीत हो रहा है कि दोनों बाइक काफी तेज रफ्तार में थी। दोनों बाइक के परखच्चे उड़ गए हैं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है मरने वालों की पहचान शेखपुरा निवासी दिलीप कुमार के पुत्र राजन कुमार (22), सरमेरा थाना क्षेत्र के मोहद्दीपुर निवासी संजय केवट के पुत्र सोनू कुमार (21), गया जिला के नीमचक बथानी थाना क्षेत्र के धर्मोचक गांव निवासी जागेश्वर केवट के पुत्र बॉस कुमार (19) और शेखपुरा जिला निवासी राजकुमार पासवान के पुत्र शशि रंजन (35) के रूप में हुई है। घायलों को पटना रेफर किया गया है। वहीं थानेदार विकास कुमार यादव पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि मामले में आगे की जांच चल रही है। इधर, हादसे के बाद मृतकों के परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## नालंदा में 17 करोड़ की लागत से बना नया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जानें क्या मिलेंगी सुविधाएं

**पटना ।** नालंदा में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में नालंदा जिले में एक नया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किया गया है। यह स्वास्थ्य केंद्र सिलाव प्रखंड में स्थित है और इसके निर्माण पर लगभग 17 करोड़ रुपये की लागत आई है। शनिवार को इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का विधिवत उद्घाटन ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार और नालंदा के सांसद कौशलेंद्र कुमार ने किया। दोनों नेताओं ने स्वास्थ्य केंद्र के उद्घाटन के दौरान फीता काटकर इसकी शुरूआत की। यह स्वास्थ्य केंद्र ओपीडी सेवाओं से लेकर आपातकालीन चिकित्सा तक की विभिन्न सुविधाएं प्रदान करेगा, जिससे स्थानीय लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी।

पहले प्रधानमंत्री ने उद्घाटन किया था, लेकिन उद्घाटन के अवसर पर मंत्री श्रवण कुमार ने बताया कि यह स्वास्थ्य केंद्र पहले प्रधानमंत्री जी द्वारा उद्घाटित किया गया था। लेकिन कुछ तकनीकी कमियां रह गई थीं। उन्होंने कहा कि आज उन कमियों को दूर करके इसे पूरी तरह से कार्यात्मक बना दिया गया है। मंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि उद्घाटन के दिन ही कई मरीजों का सफल इलाज किया गया है।

हालांकि, उन्होंने निर्माण में कुछ कमियों के प्रति भी ध्यान दिलाया। मंत्री ने कहा कि निर्माण में कुछ कमियां पाई गई हैं। संवेदक द्वारा कुछ काम ठीक से नहीं किया गया है। हमने उन्हें निर्देश दिया है कि शेष कमियों को जल्द से जल्द दूर किया जाए। स्वास्थ्य केंद्र की सुविधाएं इस नए स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों के लिए अलग-अलग चैंबर बनाए गए



हैं। यह सभी आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित है। इससे मरीजों को बेहतर और प्रभावी इलाज मिलने की संभावना है। स्वास्थ्य केंद्र के उद्घाटन समारोह में नालंदा के सिविल सर्जन, अस्पताल प्रबंधक, चिकित्सक और कई जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। यह नया स्वास्थ्य केंद्र क्षेत्र के लोगों के लिए एक बड़ी राहत साबित होगा और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने में मददगार होगा।

सरकारी निवेश का महत्व बताया जा रहा है कि यह परियोजना बिहार सरकार की स्वास्थ्य क्षेत्र में किए जा रहे निवेश का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। आने वाले समय में इस तरह के और भी स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण की योजना बनाई जा रही है, जिससे बिहार में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार होगा।

## घर में फंदे से लटका मिला महिला का शव, पति और जेठानी पर हत्या का आरोप



**मधेपुरा ।** गम्हरिया थाना क्षेत्र के तरावे गांव में एक महिला का शव फुस के घर में फंदे से लटका मिला। घर में शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका के मायके वालों ने पति और जेठानी पर हत्या का आरोप लगाया है। मृतका की पहचान गम्हरिया थाना क्षेत्र के तरावे वार्ड छह राम टोला निवासी मुकेश राम की पत्नी लचिका देवी (21) के रूप में हुई। परिजनों ने बताया कि मुकेश राम और उनकी भाभी का काफी दिनों से अवैध संबंध था। लचिका देवी इसका विरोध करती थी। इसको लेकर गांव में कई बार पंचायत भी हुआ। लेकिन मुकेश राम अपनी हरकत से बाज नहीं आ रहा था। इस कारण से लचिका देवी अपने मायके जीवछपुर चली गई थी। दो दिन पहले मुकेश राम ससुराल जाकर आगे से दोबारा गलती नहीं करने की बात कह कर लचिका देवी को विदा कर अपने घर लाया। घर लाकर उसने अपनी भाभी के साथ मिलकर पत्नी हत्या कर शव को फंदे से लटका दिया।

आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया बताया गया कि गम्हरिया थाना क्षेत्र के जीवछपुर गांव वार्ड तीन निवासी मदन राम की पुत्री लचिका की शादी तीन वर्ष पूर्व तरावे गांव वार्ड छह निवासी फुसन राम के बेटे मुकेश राम के साथ हुई थी। उसे एक बेटी भी है। घटना की सूचना पर गम्हरिया थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। एफएसएल टीम को इसकी सूचना दी गई। पुलिस कागजी प्रक्रिया पूरी शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता ने बताया कि मृतका के पिता ने थाना में आवेदन दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## गया में एक लाख इनामी नक्सली गिरफ्तार, पुलिस और एसटीएफ की टीम ने की संयुक्त कार्रवाई

**गया।** गया में पुलिस और एसटीएफ की विशेष टीम ने शनिवार को बड़ी कामयाबी हासिल कर एक लाख के इनामी नक्सली मुन्ना रवानी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी उर्फ मुकेश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) आशीष भारती ने इस गिरफ्तारी की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि मुन्ना रवानी दर्जनों नक्सली घटनाओं में वांछित था और काफी समय से फरार चल रहा था।

पुलिस ने बताया कि मुन्ना रवानी की गिरफ्तारी के लिए गया पुलिस को लंबे समय से उसकी तलाश थी। गुप्त सूचना के आधार पर



पुलिस और एसटीएफ की टीम ने मऊ थानाक्षेत्र के घिरसिंडी गांव में उसके घर पर छापेमारी की, जहां वह अपने परिवार से मिलने आया था। पुलिस की उपस्थिति को भांपते ही मुन्ना भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन पुलिस बल ने उसे खदेड़कर गिरफ्तार कर लिया।

इससे पहले भी 22 अप्रैल 2024 को धनगाई थानाक्षेत्र के सिमरौवा गांव में उसे पकड़ने की कोशिश की गई थी, लेकिन तब वह पुलिस पर फायरिंग कर जंगल और पहाड़ों की आड़ लेकर फरार हो गया था।जानकारी के मुताबिक, मुन्ना रवानी पर गया जिले के कई थानों, जैसे कोंच, शेरघाटी, टिकारी और नवादा जिले के रजौली थाना में नक्सली कांड दर्ज हैं। इन मामलों में वह लंबे समय से फरार चल रहा था, जिस पर पुलिस ने एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया था।

उसकी गिरफ्तारी के साथ ही पुलिस ने नक्सली दस्तावेज और कई खोखे भी बरामद किए हैं।

## संक्षिप्त डायरी

### बाबा सिद्दीकी की हत्या, पप्पू यादव बोले- महाराष्ट्र में महाजंगलराज

**तेजस्वी ने पूछा- ऐसी घटनाओं को क्या नाम देंगे, कांग्रेस बोली- चुनाव से पहले ऐसी वारदात**



**पटना ।** नेता बाबा सिद्दीकी की शनिवार रात को गोली मारकर हत्या कर दी गई। उन पर बांद्रा में खेर नगर में अपने विधायक बेटे जीशान सिद्दीकी के ऑफिस के बाहर तीन बदमाशों ने फायरिंग की थी। सिद्दीकी को - कैटेगरी की सुरक्षा मिली हुई थी, लेकिन घटना के समय उनके साथ कोई कॉन्स्टेबल नहीं था। बाबा सिद्दीकी की हत्या पर बिहार के नेताओं ने भी दुख जताया है। आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव, पूर्व सीएम राबड़ी देवी, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने शोक व्यक्त किया है।

तेजस्वी यादव ने महाराष्ट्र में कानून-व्यवस्था सवाल उठाते हुए कहा कि ठऊब शासन में लगातार हो रही ऐसी आपराधिक घटनाओं को क्या नाम देंगे? काफी दुखद घटना है। जिस तरह से उनकी हत्या की गई है। हम लोगों को काफी दुख है। बाबा सिद्दीकी तो हमारे ही जिला गोपालगंज के रहने वाले थे। कुछ दिन पहले मुंबई में उनसे मुलाकात हुई थी। आश्चर्य की बात है, मुंबई इतना बड़ा शहर है। बांद्रा में ऐसी घटना हो सकती है, तो आप समझ सकते हैं कि कोई भी सुरक्षित नहीं है। हत्यारों का मन काफी बढ़ा हुआ है। राज्य सरकार को लॉ एंड ऑर्डर को देखना चाहिए। बीजेपी गठबंधन रसूख वाले नेताओं की रक्षा नहीं कर पा रही- पप्पू यादव पूर्णिया से निर्दलीय सांसद ने कहा कि 'महाराष्ट्र में महा जंगलराज है। सिक्योरिटी सुरक्षा में सरकार समर्थक पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या इसका शर्मनाक प्रमाण है। बिहार के बेटे बाबा सिद्दीकी की हत्या अत्यंत दुखद है। इखड गठबंधन सरकार अपने दल के इतने रसूख वाले नेताओं की रक्षा न कर पा रही है, तो आमलोगों का क्या होगा?

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा, ह्यबाबा सिद्दीकी के निधन के बारे में सुनकर स्तब्ध और दुखी हूं। उनके परिवार दोस्तों एवं समर्थकों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव होने हैं। उससे पहले बाबा सिद्दीकी की हत्या होना कोई सामान्य घटना नहीं है। पूर्व सीएम जीतनराम मांझी ने कहा, ह्यबिहार से ताल्लुक रखने वाले एनसीपी के बड़े लीडरान में शामिल बाबा सिद्दीकी साहब के कत्ल की खबर बेहद गमजदा कर देने वाली है। वह एक जिंदादिल इंसान थे। पाक परवरदिगार से दरखास्त है कि उन्हें जन्नत-उल-फिरदौस में ऊंचा मुकाम दें और उनके चाहने वालों को सब्र अता करें।

### बंगाली अखाड़ा में 'सिंदूर खेला' के साथ मां को विदाई

**पान, मिठाई का भोग लगाकार माता दुर्गा को किया विदा; महिलाओं ने अखंड सौभाग्य का मांगा आशीर्वाद**



**पटना ।** कंकड़बाग एसबीडी स्कूल ग्राउंड में सिंदूर खेला के साथ मां दुर्गा को विदाई दी गई। खोइचा के बाद माता की मूर्ति को विसर्जन के लिए श्रद्धालु घाट किनारे लेकर ले गए। यहां लगातार 31 वर्ष से बंगाली अखाड़ा की ओर से दुर्गा पूजा का आयोजान किया जा रहा है। बंगाली पद्धति में सिंदूर खेला करके माता को विदाई दी जाती है। शादीशुदा महिलाएं एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर ढोल-नगाड़ों की थाप पर खुशियां मनाती हैं। जिनकी शादी नहीं हुई होती हो उन्हें आशीर्वाद के तौर पर तिलक लगाया जाता है।

बेटी की विदाई के दौरान बरन होता है, जिसमें उन्हें सिंदूर लगाकर और खोइचा भरकर विदा किया जाता है। बंगाली समाज की महिलाएं लाल पाड़ की साड़ी, हाथों में पूजा की थाली और सिंदूर खेला कर अखंड सौभाग्य का वरदान माता से पान, मिठाई और विशेष आवाज निकालकर करती हैं पूजा श्रद्धालु सोमा डे, पूजा वर्मा, मितुल, सोनाली चटर्जी, अंजली , डोली, सुमी, शीला, मिताली ने बताया कि पाना का पत्ता और पान शुभ माना जाता है। इसलिए पान के पत्ते से पहले मां के गाल की सेंकाई की जाती है। फिर पान खिलाया जाता है। इसके बाद मिष्ठान का भोग लगाया जाता है। जिस तरह से नई नवेली दुल्हन की विदाई की जाती है, वो सारी रस्में निभाई जाती है। जो विशेष आवाज हमलोग निकालते हैं, इसे शुभ ध्वनि कहते हैं। शादी या अच्छे कार्यों में भी यह आवाज निकालने की परंपरा रही है। दही, चूड़ा, बुंदिया, पेड़ा को मिक्स करके के विदाई के लिए विशेष प्रसाद तैयार किया जाता है। जिसे विजयादशमी भोग या दोधी करमा कहते हैं। जो भी लोग विदाई में शामिल होने के लिए आते हैं। उन्हें प्रसाद के तौर पर दिया जाता है।

### पटना में तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराकर पलटी



**पटना ।** मरीन ड्राइव पर तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में कार सवार 2 लोग घायल हो गए। घायलों में एक बच्चा और महिला शामिल है। इलाज के लिए में भर्ती कराया गया है। ओवरटेक करने के दौरान हादसा हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार ओवर स्पीड थी। 120-130 किलोमीटर प्रति घंटे का अनुमान है। ओवर स्पीड के कारण चालक का संतुलन बिगड़ा और डिवाइडर के पास गाड़ी पलट गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। आनन-फानन में घायलों को गाड़ी से बाहर निकाला। घायलों को ढटउऌ में कराया एडमिट वहीं, गांधी मैदान ट्रैफिक थानेदार ब्रजेश कुमार चौहान ने बताया कि जानकारी मिलते ही पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंच गई थी। घायलों को पीएमसीएच में एडमिट कराया गया है। फिलहाल स्थिति सामान्य है। क्षतिग्रस्त गाड़ी को सड़क किनारे से हटा दिया गया है।



# ...तो घर में जरूर रखें बांसुरी

भगवान श्रीकृष्ण को बांसुरी बहुत प्रिय है। बांसुरी कृष्णजी को प्रिय होने के कारण उसको प्रकृति का अनुपम वरदान है। ज्योतिष के अनुसार बांसुरी का इस्तेमाल अगर सोच समझकर किया जाए तो यह हमें कई प्रकार के दोषों से बचाती है। वास्तु और फेंगशुई के अनुसार, बांसुरी को अगर घर, दुकान में रखा जाए है तो इसके कई लाभ मिलते हैं। बांसुरी से होने वाले लाभ कौन-कौन से है, आइए जानते है।

- फेंगशुई विद्या के अनुसार, बांसुरी घर में रखना बहुत शुभ माना गया है। यह उन्नति और प्रगति दोनों देने में बहुत सहायक है। इस प्रकार बांसुरी प्रकृति का एक अनुपम वरदान है।
- बांसुरी बांस से बनी होती है तथा इसके पौधे को दिव्य माना जाता है। अतः घर में बांसुरी का प्रयोग करके कई तरह से लाभ उठाया जा सकता है।
- बांसुरी के संबंध में एक धार्मिक मान्यता है कि जब बांसुरी को हाथ में लेकर हिलाया जाता है तो बुरी आत्माएं दूर हो जाती हैं।
- जब बांसुरी को बजाया जाता है तो ऐसी मान्यता है कि घरों में शुभ चुम्बकीय प्रवाह का प्रवेश होता है।
- यदि सोच-समझकर इसका उपयोग किया जाए तो दोषों का बिना किसी तोड़-फोड़ के निवारण कर अशुभ फलों से बचा जा सकता है।
- ऐसा माना जाता है कि जो व्यक्ति अपनी नौकरी से परेशान रहता है, बांसुरी उसकी सारी मुश्किलें आसान कर सकता है।
- जो व्यक्ति काफी मेहनत के बाद भी अपने बिजनेस में सफलता हासिल नहीं कर पाते उनके लिए बांस से बनी यह बांसुरी उन्नति और समृद्धि दोनों देने में सक्षम है। अतः उन्हें भगवान श्रीकृष्ण का पूजन करते हुए अपने दुकान की छत पर दो बांसुरी चिपकानी चाहिए या टांग देनी चाहिए। यह बहुत ही सरल उपाय है जो आपको अपने बिजनेस में उन्नति के शिखर पर ले जाएगा।



# पूजा में भगवान श्रीगणेश जी का है सर्वश्रेष्ठ स्थान

हिन्दू धर्म शास्त्रों के अनुसार, किसी भी शुभ काम के करने से पहले गणेश पूजन आवश्यक हैं। इससे प्रसन्न होकर गणेश जी सारे काम निर्विघ्न कर देते है। हिन्दू संस्कृति और पूजा में भगवान श्रीगणेश जी को सर्वश्रेष्ठ स्थान दिया गया है। प्रत्येक शुभ कार्य में सबसे पहले भगवान गणेश की ही पूजा की जाती अनिवार्य बताई गयी है। देवता भी अपने कार्यों की बिना किसी विघ्न से पूरा करने के लिए गणेश जी की अर्चना सबसे पहले करते हैं।

ऐसा कहा जाता है कि गणेश जी की पूजा में दूर्वा का सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण मानी जाती है और साथ ही यह मान्यता है कि गणपति को दूर्वा चढ़ाने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं। ऐसे में दूर्वा को पूजन परंपरा से जोड़कर उन्होंने दुर्लभ वनस्पतियों को बचाने का संदेश दिया है क्योंकि इससे हम धरती की रक्षा कर अपने लिए एक स्वच्छ वातावरण का निर्माण कर सकेंगे।

ऐसे में कहा जाता है गणपति की साधना-अराधना के लिए बताए गए 108 नाम के बारे में जिनके जप करने से भीतरी आध्यात्मिक शक्ति का विकास होता है। यह भी माना जाता है कि श्री गणेश जी के 21 नाम वालें मंत्रों और 21 पेड़ों के पत्तों को अर्पित करने पर उनकी विशेष कृपा प्राप्त होती है।

मान्यता है कि पूजन की इस परंपरा के पीछे जीवनदायक प्राण वायु प्रदान करने वाले वृक्षों को न काटने का गूढ़ रहस्य छिपाया गया है। वहीं इस बात को कहने का तात्पर्य गणपति की साधना-अराधना से जुड़े इन वृक्षों संरक्षण किया जाना चाहिए। श्री गणेश नाम वृक्षों के नाम आइए जानते हैं।



## इन मंत्रों का करें जाप

ओम सुमुखाय नमः शमी पत्र।
ओम गणाधीशाय नमः भृंगराज पत्र।
ओम उमापुत्राय नमः बेल पत्र।
ओम गजामुखाय नमः दूर्वापत्र।
ओम लम्बोदराय नमः बेर का पत्र।
ओम हर पुत्राय नमः धतूरे का पत्र।
ओम शूर्पकर्णाय नमः तुलसी के पत्र।
ओम वक्रतुण्डाय नमः सेम का पत्र।
ओम गुहाग्रजाय नमः अपामार्ग पत्र।
ओम एकदंताय नमः भटकटैया पत्र।
ओम हेरम्बाय नमः सिंदूर पत्र।
ओम चतुर्होत्रे नमः तेज पत्र।
ओम सर्वेश्वराय नमः अगस्त पत्र।
ओम विकटाय नमः कनेर पत्र।
ओम हेमतुण्डाय नमः केला पत्र।
ओम विनायकायनमः आक पत्र।
ओम कपिलाय नमः अर्जन पत्र।
ओम वटवे नमः देवरूरू पत्र।
ओम भालचंद्रय नमः महुए के पत्र।
ओम सुराग्रजाय नमः गांधारी पत्र।
ओम सिद्धि विनायक नमः केतकी पत्र।

## परिवार और व्यक्ति के दुख दूर करते हैं यह सरल उपाय

बुधवार के दिन घर में सफेद रंग के गणपति की स्थापना करने से समस्त प्रकार की तंत्र शक्ति का नाश होता है।

धन प्राप्ति के लिए बुधवार के दिन गणेश को घी और गुड़ का भोग लगाएं। थोड़ी देर बाद घी व गुड़ गाय को खिला दें। ये उपाय करने से धन संबंधी समस्या का निदान हो जाता है।

परिवार में कलह कलेश हो तो बुधवार के दिन दूर्वा के गणेश जी की प्रतिकात्मक मूर्ति बनवाएं। इसे अपने घर के देवालय में स्थापित करें और प्रतिदिन इसकी विधि-विधान से पूजा करें। घर के मुख्य दरवाजे पर गणेशजी की प्रतिमा लगाने से घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है। कोई भी नकारात्मक शक्ति घर में प्रवेश नहीं कर पाती है।



# गोमेद एक खूबसूरत रत्न

## जीवन को भी बना देता है सुंदर

ज्योतिष विज्ञान में गोमेद को एक खूबसूरत रत्न माना गया है, जो जीवन को सुंदर बना देता है। गोमेद सबसे लाभदायक रत्नों में से एक माना गया है। गोमेद राहु ग्रह से संबंधित रत्न माना गया है। ज्योतिष शास्त्र में राहु को पाप ग्रह माना जाता है अतः ज्योतिषाचार्यों द्वारा राहु के दुष्प्रभावों को समाप्त करने के लिए गोमेद रत्न धारण करने की सलाह दी जाती है। ध्यान रखने योग्य यह है कि गोमेद के साथ माणिक्य, मूंगा और पुखराज नहीं पहनना चाहिए।

यह रत्न जहां रुके कार्यों पूर्ण करने का कार्य करता है, वहीं जीवन के हर क्षेत्र में सफलता देता है। ज्योतिषियों की मानें तो जन्म कुंडली की दशाओं को जानकर ही इस रत्न को धारण करना उचित रहता है। इतना ही नहीं गोमेद ब्लड कैंसर, कम सुनाई देना, आंखों तथा जोड़ों के दर्द जैसी बीमारियों से भी निजात दिलाता है। गोमेद एक चमकदार और अपारदर्शी रत्न है। यह गहरे भूरे अथवा लाल रंग की तरह होता है। इसे गारनेट समूह का रत्न माना जाता है। यह दुनिया में कई स्थानों पर पाया जाता है। गोमेद मुख्य रूप से यह भारत, श्रीलंका और ब्राजील में आसानी से मिल जाता है तथा साउथ अफ्रीका, थाईलैंड और ऑस्ट्रेलिया में भी यह रत्न पाया जाता है। राहु ग्रह से संबंधित इस रत्न को हिन्दी में गोमेद और अंग्रेजी में हैसोनाइट स्टोन कहते है। गोमेद रत्न 6 रत्ती से कम का धारण नहीं करना चाहिए। यह रत्न शनि की होरा में शुक्ल पक्ष के किसी भी शनिवार को पहनना अतिशुभ माना गया है। यदि शनिवार के दिन शतभिषा, स्वाती या आर्द्रा नक्षत्र में इसे धारण किया जाए तो गोमेद की शुभता अधिक बढ़ जाती है।

### रत्न धारण करने की विधि

गोमेद रत्न की अंगूठी को सबसे पहले गंगा जल, दूध, शहद और मिश्री के घोल में डालकर एक रात उसमें ही रहने दें। तत्पश्चात ऊँ रां राहवे नमः मंत्र का 108 बार जाप करके कनिष्का में धारण करना चाहिए।

### किस अंगुली में धारण करें

इसे चांदी या अष्टधातु की अंगूठी में जड़वा कर पहनना उचित रहता है। राहु का रत्न गोमेद को कनिष्का ऊंगली में पहनना चाहिए, क्योंकि मिथुन राशि में उच्च का होने से बुध की अंगुली कनिष्का में पहनना शुभ फलदायी रहता है। यह राहु के अशुभ प्रभाव को दूर करता है। गोमेद धारण करने से राहु की दशा-महादशा को दुष्प्रभावों से निजात मिलती है। यह रत्न शत्रुओं पर विजय दिलाने वाला भी माना जाता है, इतना ही नहीं इसे धारण करने से सकारात्मक विचार, एकाग्रता और आत्मविश्वास भी बढ़ता है।

### कौन धारण करें

इसे राजनीतिज्ञ, जासूसी, जुआ, सट्टा खेलने वाले तथा तंत्र या मंत्र विद्या से जुड़े व्यक्ति पहनते हैं। कौन ना पहने ये रत्न-जिस व्यक्ति की कुंडली में राहु 5वें, 8वें 9वें 11वें या 12वें स्थान पर हो उन्हें गोमेद धारण नहीं करना चाहिए। इससे नुकसान होने की संभावना बढ़ जाती है तथा जिनका व्यापार-व्यवसाय राहु ग्रह से संबंधित हो उन्हें भी यह रत्न नहीं पहनना चाहिए।



# सूर्यास्त के बाद झाडू-पौंछा न करें

**धार्मिक ग्रंथों में ऐसी कई सार्वभौमिक सत्य बातें बताई गई है, जिनका अनुसरण कर हम अपना सौभाग्य लिख सकते हैं या प्रतिकूल ग्रहों को अनुकूल बना सकते हैं। आइए जानें ऐसी पांच चीजों के बारे में जो हमारे अच्छे व सुखद भविष्य की भी नींव रखती हैं।**

## थाली में न छोडें झूठा अन्न

शास्त्रानुसार कभी भी खाने की प्लेट में जूठा नहीं छोड़ना चाहिए और न ही कभी जूठे बर्तनों को यूं ही पड़े रहने देना चाहिए। रात को सोने से पहले सभी जूठे बर्तन धो लेने चाहिए अन्यथा इससे घर में अशांति का वातावरण बनना शुरु हो जाएगा जो अंततः घर के दुर्भाग्य में बदल जाएगा।

## बैड को रखें नीट एंड क्लीन

शास्त्रों के अनुसार बेडरूम सुव्यवस्थित तथा साफ-सुथरा होना चाहिए। खास तौर पर बिस्तर पर बिछी हुई चादर बिल्कुल साफ होनी चाहिए साथ ही कमरे में कचरा नहीं फैला होना चाहिए। ऐसा नहीं करने पर उस बिस्तर पर सोने वाले का सौभाग्य भी दुर्भाग्य में बदल जाता है।

## जगह-जगह थूकना लाता है दुर्भाग्य

कहीं भी थूक देना (विशेष तौर पर घर में, देव मंदिरों में, सार्वजनिक स्थानों पर) शास्त्रों में पूरी तरह गलत बताया गया है। इससे घर की लक्ष्मी रूठ कर चली जाती है। हमें यथासंभव अपने आसपास साफ-सफाई रखनी चाहिए। माना जाता है कि ऐसा करने से घर की सुख-शांति खत्म हो जाती है और कंगाली घर में प्रवेश कर जाती है।

## बाथरूम को रखें साफ-सुथरा

बाथरूम को चन्द्रमा का स्थान माना गया है। जिन घरों में बाथरूम गंदा रहता है या अस्त-व्यस्त पड़ा रहता है, उन घरों के स्वामी की कुंडली में चन्द्रमा पर ग्रहण लग जाता है जिससे उस घर में रहने वालों की मानसिक शांति समाप्त हो जाती है तथा वहां धन की कमी होने लगती है।

# तुलसी के पौधे को कभी भी दक्षिण में न लगाएं

हर व्यक्ति के जीवन में शांति और सम्पन्नता का होना जरूरी है और सम्पन्नता के लिए लक्ष्मी का प्रसन्न होना बेहद आवश्यतक है। वास्तु शास्त्र के अनुसार कुछ खास बातें नहीं की जाएं तो लक्ष्मी की कृपा और आशीर्वाद हमेशा बना रहता है।

- वास्तु शास्त्र के अनुसार घर के दरवाजों को कभी भी ना खटखटाएं। घर के गेट पर बैल लगाएं या आवाज देकर मालिक को बुलाएं। गेटों को खटखटाने और बजाने से वास्तु दोष बढ़ता है। ऐसे में लक्ष्मी वहां ज्यादा दिनों तक टिकती नहीं है।
- वास्तु के अनुसार सर्वप्रिय देव श्रीगणेश की मालिक द्वारा आराधना जरूरी होती है। यदि घर का मालिक सुबह उठकर श्रीगणेशजी का ध्यान कर पूजा-अर्चना करता है तो घर के वास्तु दोष तुरंत दूर होते हैं।
- वास्तु के अनुसार तुलसी के पौधे को कभी भी दक्षिण में न लगाएं, इससे जीवन में अशुभता आने लगती है। तुलसी जी के पौधे को पूर्व या उत्तर में लगाना उचित रहता है।
- गंदे कपडे पहनने से भी वास्तु दोषों में बढोतरी होती है। कोशिश करें कि दो दिन के अलावा तीसरे दिन भी पुराने कपडे नहीं पहनें।
- घर की सफाई रात को करना भी वास्तु के अनुसार ठीक नहीं है। कहते है कि शाम को जो धूल एकत्रित होती है, वही लक्ष्मी जी की कृपा होती है।





# सकारात्मक ऊर्जा और तन-मन की शांति के लिए..

**धार्मिक ग्रंथों के अनुसार अच्छी सेहत और प्रसन्न तन-मन के लिए कुछ उपयोगी टिप्स दैनिक व्यवहार में लाकर आप एक सुंदर एवं स्वस्थ जीवन जी सकते हैं।**

- सूर्योदय से पूर्व उठने की आदत डालें, इससे सकारात्मक ऊर्जा की प्राप्ति होती है जो तन, मन और मस्तिष्क को शांत करती है।
- प्रातः काल आसपास के खुले स्थान, पार्क या भवन की छत पर जाकर पूर्व दिशा की ओर मुंह करके थोड़ा व्यायाम करें और लंबी सांस लें। इससे प्रकृति में सुबह के समय व्याप्त सकारात्मक ऊर्जा यानी आक्सीजन का भरपूर उपयोग करके आप शरीर को स्वस्थ रख सकते है।
- अच्छे स्वास्थ्य के लिए भोजन करते समय आपका मुख सदा पूर्व या उत्तर में रहे। कभी भी पलंग पर बैठकर, खड़े होकर या आड़े-तिरछे बैठकर भोजन न करें।
- भोजन या तो भूमि पर आसन बिछाकर करें या फिर डायनिंग टेबल का प्रयोग करें। विधिवत भोजन करने से शरीर चुस्त दुरुस्त रहता है।
- खाना खाते वक्त टेलीविजन नहीं देखें, इससे उत्पन्न होने वाली नकारात्मक ऊर्जा के प्रभाव से सभी ज्ञानेंद्रियों पर विपरीत असर पड़ता है। इससे पेट की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। अतः भोजन करते समय टेलीविजन देखने की बजाए पारिवारिक दिनचर्या पर गपशप करें।
- दवाइयों को डायनिंग टेबल पर नहीं रखें, ये नकारात्मक ऊर्जा की प्रतीक होती है। ऐसा करके हम दवाइयों को भोजन का हिस्सा बनाने का निमंत्रण देते हैं, ऐसा नहीं करें।
- यदि घर में बच्चों या वृद्धों के लिए कुछ टॉनिक आदि का प्रयोग कर रहे हों, तो ऐसे टॉनिक की शीशियां व डिब्बे घर की पूर्व दिशा में बनी आलमारियों में रखें और किसी बीमारी से संबंधित दवाइयों को दक्षिण या पश्चिम में रखें।
- भोजन पूर्व की तरफ मुंह करके ही बनाएं। यह सेहत के लिए उत्तम और सुखदायी होता है। रसोईघर आग्नेय कोण में ही बनाएं। रसोईघर की व्यवस्था उत्तर-पूर्व में न करें। यह धन और स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है। ज्वलनशील पदार्थों को भी दक्षिण-पूर्व में रखें।
- रसोईघर की दीवारों का रंग हल्का पीला, नारंगी या हल्का लाल रखें। जिससे भोजन सुपाच्य होकर भूख बढ़ाने में सहायक साबित होगा। जब एक साथ मिलकर सभी खाना खा रहे हों, तो घर के मुखिया का मुंह पूर्व में तथा अन्य सदस्यों का मुंह उत्तर या पश्चिम में होना चाहिए। दक्षिणमुख कभी नहीं बैठें। इससे पाचन क्रिया ठीक रहती है। हाथ आदि साफ कर प्रसन्नतापूर्वक खाने से आरोग्यता बढ़ती है।

# पीतल का शेर देगा आपको आत्मविश्वास...

**घर का सामान आपके जीवन, धन-संपत्ति और खुशहाली के साथ-साथ आपके व्यक्तित्व पर भी गहरा प्रभाव डालता है। वास्तुशास्त्र के कुछ मौलिक सिद्धांत तो लगभग सभी लोगों को मालूम होते भी हैं, मसलन दक्षिण दिशा में मुख्य द्वार नहीं बनाना चाहिए, उत्तर दिशा में तिजोरी रखना और घर में गंदगी इकट्ठी ना होने देना...वगैरह-वगैरह।**

लेकिन कुछ वास्तु टिप्स ऐसे होते हैं, जो आपके व्यक्तित्व पर भी बहुत गहर असर छोड़ते हैं। अगर आप उदास रहते हैं या फिर आपको लगता है कि आत्मविश्वास की कमी के कारण आप अपने उद्देश्य को प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं या आपको अन्य लोगों के समक्ष अपनी बात रखने में हिचक होती है तो हम आपको एक ऐसा वास्तु उपाय बताने जा रहे हैं जो आपके लिए बेहद कारगर सिद्ध हो सकता है। पीतल धातु से बना शेर, ना सिर्फ आपके घर की शोभा को बढ़ाता है बल्कि आपके भीतर छिपी हीन भावना या आत्मविश्वास की कमी को भी समाप्त करता है।

वास्तुशास्त्र के विशेषज्ञों के अनुसार अगर पीतल धातु से बने शेर को घर की पूर्वी दिशा में स्थापित करते हैं तो यह आपके सेल्फ कॉन्फिडेंस में गजब का उछाल लाता है। बस एक बात का ध्यान रखें कि जब आप शेर को अपने घर में स्थापित करें तो उसका मुख घर के केन्द्र में होना चाहिए।

## रावण दहन करते समय हुआ बैकफायर, सांसद पप्पू यादव के पेट में घुसा रॉकेट

पूर्णिया। बिहार के पूर्णिया में दशहरे पर रावण दहन के दौरान एक हादसा हो गया जिसमें पूर्णिया के निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव विजयादशमी पर रावण दहन कार्यक्रम में शामिल हुए। रावण दहन के लिए पप्पू यादव ने जैसे ही पटाखे में आग लगाई तो रॉकेट से बैकफायर हुआ और उनके पेट में घुस गया, जिससे पप्पू यादव की शर्ट में आग लग गई। वह बाल-बाल बच गए। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। राहत की बात यह रही कि इस दौरान किसी भी तरह का हादसा नहीं हुआ, लेकिन पप्पू यादव की शर्ट में आग लग गई। इस घटना से कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया था। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें पप्पू यादव के हाथ में पटाखा जलता हुआ देखा जा सकता है। उनके साथ पुलिस अधिकारी भी पटाखे को हाथ में पकड़े हैं तभी अचानक वह रॉकेट से बैकफायर हो जाता है और पप्पू यादव के पेट पर जाकर लगता है और उनकी शर्ट में आग लग जाती है। इस दौरान लोग पप्पू यादव को बचाने की कोशिश करते हैं। उनकी आंखों को हाथों से ढंकते हैं। हालांकि पप्पू यादव उस पटाखे को छोड़ते नहीं हैं। इसके बाद स्थिति सामान्य हुई हो रावण दहन कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने मुख्य सचिवों को लिखा पत्र

### मदरसों को राज्य से मिलने वाला पैसा बंद करें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने सभी राज्यों के अलावा केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को एक पत्र लिखा है। इस पत्र में मांग की गई है कि सरकार मदरसा बोर्ड को दी जाने वाली फंडिंग पर रोक लगाए और इन सभी मदरसा बोर्ड को बंद कर दें। बाल आयोग ने कहा कि मदरसे में न तो बच्चों को बेसिक शिक्षा मिलती है और न ही उनको मिड डे मील की सुविधा का कोई फायदा होता है।

दरअसल, बाल आयोग की तरफ से कहा गया कि मदरसा बोर्ड आरटीई यानी शिक्षा के अधिकारी के कानून का पालन तक नहीं करते हैं। आयोग ने यह भी कहा है कि मदरसों का पूरा फोकस केवल धार्मिक शिक्षा के पर ही रहता है, जिससे बच्चों को जरूरी शिक्षा नहीं मिल पाती है। बाल आयोग द्वारा उठाई गई मांगों में कहा गया कि मदरसों और मदरसा बोर्डों को राज्य की तरफ से दिए जाने वाले फंड को रोक दिया जाए। मदरसों से गैर-मुस्लिम बच्चों को हटाया जाए। संविधान के आर्टिकल 28 के मुताबिक, माता-पिता की सहमति के बिना किसी बच्चे को धार्मिक शिक्षा नहीं दी जा सकती। बाल आयोग ने कहा है कि एक संस्थान के अंदर धार्मिक और औपचारिक शिक्षा एक साथ नहीं दी जा सकती है।

#### बाल आयोग के पत्र पर बोली कांग्रेस

बाल आयोग की इस चिट्ठी को लेकर कांग्रेस ने कहा कि वह पत्र पढ़ने के बाद टिप्पणी करेगी, लेकिन कर्नाटक में पार्टी के इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी, बायोटेक, ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री ने कहा कि आयोग को आदर्श रूप से उपाय सुझाने चाहिए, बजाय इसके कि राज्यों से मदरसों को वित्त पोषण बंद करने और बंद करने के लिए कहा जाए। उन्होंने कहा कि यह देखना बहुत विडंबनापूर्ण है कि महाराष्ट्र सरकार द्वारा मदरसा शिक्षकों के वेतन को तीन गुना करने के फैसले के कुछ ही दिन बाद यह घटनाक्रम हुआ है। वहीं इस मामले में एनडीए की साथी लोकजनशक्ति पार्टी के प्रवक्ता एके बाजपेयी ने कहा है कि अगर कोई मदरसा अवैध रूप से चलता पाया जाता है, तो उसे बंद कर देना चाहिए। लेकिन कोई भी काम आंख मूंदकर नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं पता कि एनसीपीसीआर ने राज्यों से कोई प्रतिकूल रिपोर्ट मिलने के बाद यह पत्र लिखा है या नहीं।

#### सर्वेक्षण की मांग

ऐ के बाजपयी ने कहा कि सभी मदरसों का उचित सर्वेक्षण होना चाहिए ताकि पता लगाया जा सके कि कहीं कोई अनियमितता तो नहीं है। और अगर कोई अवैधता पाई जाती है तो उन्हें अपनी सफाई देने का पर्याप्त अवसर दिया जाना चाहिए। एनसीपीसीआर के अध्यक्ष प्रियांक कानूनगो ने कहा कि यह भी सिफारिश की गई है कि सभी गैर-मुस्लिम बच्चों को मदरसों से निकालकर आरटीई अधिनियम, 2009 के अनुसार बुनियादी शिक्षा प्राप्त करने के लिए स्कूलों में दाखिला दिलाया जाए। उन्होंने कहा है कि साथ ही, मुस्लिम समुदाय के बच्चे जो मदरसा में पढ़ रहे हैं, चाहे वे मान्यता प्राप्त हों या गैर-मान्यता प्राप्त, उन्हें औपचारिक स्कूलों में दाखिला दिलाया जाए और आरटीई अधिनियम, 2009 के अनुसार निर्धारित समय और पाठ्यक्रम की शिक्षा दी जाए। इस मामले में बीजेपी की सहयोगी जेडीयू और टीडीपी ने इस मुद्दे पर कुछ बोलने से दूरी बनाई है।

## भाईजान की फैमिली ने की दोस्तों और करीबियों से अपील, सलमान से ना मिलें

मुंबई। बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। बांद्रा में उनके गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर सुरक्षा और बढ़ा दी गई है। वहीं सलमान खान के परिवार ने उनके इंडस्ट्री में मौजूद कई दोस्तों और करीबियों से अपील की है कि वह सलमान से ना मिलें। जानकारी के मुताबिक अपने बेहद करीबी दोस्त बाबा सिद्दीकी को खोने के बाद सलमान खान बहुत दुखी हैं। बाबा सिद्दीकी, सलमान खान के लिए सिर्फ दोस्त ही नहीं बल्कि परिवार के सदस्य जैसे थे। हाल ही में जब बाबा सिद्दीकी अपने बेटे जीशान के साथ सलमान खान से मिलने उनके घर पहुंचे थे, तो उनका बहुत प्यार से स्वागत किया गया था। सलमान भी एक सच्चे दोस्त की तरह इस दुखद घटना के बाद परिवार से मिलने पहुंचे। हालांकि, कल देर रात लीलावती अस्पताल से घर लौटने के बाद सलमान सो नहीं पाए और लगातार जीशान और परिवार का हालचाल पूछते रहे। बाबा सिद्दीकी परिवार के एक करीबी सूत्र ने बताया कि सलमान खान फोन पर अंतिम संस्कार की तैयारियों और हर छोटी-बड़ी जानकारी ले रहे हैं। उन्होंने अगले कुछ दिनों के लिए अपनी सभी निजी मुलाकातें रद्द कर दी हैं। खबरों के मुताबिक सलमान खान के करीबी परिवार के सदस्य भी इस नुकसान से उतने ही दुखी हैं। अरबाज खान और सोहेल खान भी बाबा के बहुत करीब थे और बाबा के इन आयोजन में अक्सर जाया करते थे।



## प्रधानमंत्री ने की मेहसाणा में दीवार गिरने के हादसे में दुख जताते हुए मुआवजे की घोषणा

नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज गुजरात के मेहसाणा जिले में दीवार गिरने की घटना में हुई लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से 2 लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपये की वित्तीय सहायता की भी घोषणा की। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा है, गुजरात के मेहसाणा में दीवार गिरने से हुई दुर्घटना अत्यंत दुखद है। इसमें लोगों ने अपनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी शोक-संवेदनाएं। ईश्वर उन्हें इस पीड़ा को सहन करने का संबल प्रदान करें। इसके साथ ही मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव सहायता में जुटा है। प्रधानमंत्री ने कहा, ₹गुजरात के मेहसाणा में हुए हादसे में प्रत्येक मृतक के निकटतम परिजन को पीएमएनआरएफ से 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।

# बाबा सिद्दीकी के पार्थिव शरीर का राजकीय सम्मान के साथ होगा अंतिम संस्कार : अजीत पवार

**मुंबई (हि.स.) :** पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी के पार्थिव शरीर को राजकीय सम्मान के साथ मरीन लाइंस के बड़ा कब्रिस्तान में रविवार को रात साढ़े आठ बजे दफन किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने इस तरह आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि इस हत्या मामले की हर एंगल से छानबीन की जा रही है। उपमुख्यमंत्री अजीत पवार और पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रफुल्ल पटेल आज बाबा सिद्दीकी के परिवार के लोगों से मुलाकात की। बाद में इन नेताओं ने कूपर अस्पताल में जाकर बाबा सिद्दीकी के पोस्टमार्टम के बारे में भी जानकारी ली। इसके बाद अजीत पवार ने बताया कि बाबा सिद्दीकी तीन बार विधायक और राज्यमंत्री रह चुके हैं। उनकी हत्या वेदनादायक है, मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है। पुलिस की चार टीमों को अन्य राज्यों में रवाना कर दिया है। उन्हें पूरा विश्वास है कि सभी आरोपित जल्द पकड़ लिए जाएंगे। अजीत पवार ने कहा कि बाबा सिद्दीकी पहले कांग्रेस में थे लेकिन बाद में वे उनकी पार्टी में शामिल हो गए थे। उन्हें विधानसभा चुनाव में स्टार प्रचारक की जिम्मेदारी दी गई थी। अचानक उनकी हत्या से वे स्तब्ध हैं। इस मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है। हम और हमारी पार्टी बाबा सिद्दीकी के परिवार के साथ है। अजीत पवार ने विपक्ष की आलोचना का जवाब देते हुए कहा कि यह राजनीति का विषय नहीं हो सकता है। उल्लेखनीय है कि राकांपा नेता बाबा सिद्दीकी की शनिवार को देर रात बांद्रा के खेरवाड़ी इलाके मेंगोली मार कर हत्या कर दी गई थी। बाबा सिद्दीकी किसी कार्यक्रम में जाने के लिए अपने बेटे जीशान सिद्दीकी के साथ निकले थे, लेकिन अचानक जीशान का एक फोन काल आ गया और वे कार्यालय की ओर लौट कर फोन पर बात करने लगे।

## मूर्ति विसर्जन के दौरान सांप्रदायिक तनाव - बवाल, लाठीचार्ज, एक की मौत



**बहराइच (हि.स.):** जनपद के हरदी थानाक्षेत्र में रविवार को मूर्ति विसर्जन के दौरान दो समुदायों में विवाद हो गया। पथराव और फायरिंग में एक युवक घायल हुआ, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में मौत हो गई। हादसे में कई लोग घायल है। युवक की मौत के बाद गुस्साएं लोगों ने शव रखकर जाम लगा दिया। आगजनी और पथराव से इलाके में दहशत का माहौल बन गया। सूचना पाकर मौके पर पुलिस, कई थानों की फोर्स और पीएसी पहुंची। महराजगंज बाजार में रविवार को दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन में सभी लोग नाचते-गाते जा रहे थे। इसी दौरान दूसरे समुदाय के लोगों ने कुछ कह दिया, जिसको लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों तरफ से पथराव शुरू हो गया। उपद्रवियों ने फायरिंग शुरू कर दी। कई राउंड चली गोलियों में रेहुवा निवासी राम गोपाल मिश्रा (22) गंभीर रूप से घायल हो गया। राजन को भी गोली लगी है। पथराव में सुधाकर तिवारी घायल हो गया। मेडिकल कॉलेज में गोपाल की मौत के बाद परिजनों ने शव को रखकर हंगामा शुरू कर दिया। विरोध प्रदर्शन के कारण शहर में कई जगह विसर्जन रुक गए। अस्पताल चौराहे पर मूर्तियां खड़ी कर दी गई हैं। विवाद बढ़ता देख आला अफसर समेत महसी विधायक मौके पर पहुंचे गये।




नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशंनस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रधान संपादक-देवेंद्र सिंह*** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**